

05:05:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 121 | epaper.rashtriyakhabar.com | वैशाख, शुक्लपक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

धर्माऽऽख्याने श्मशाने च रोगिणां या मतिर्भवेत्।

सा सर्वदैव तिष्ठेच्चेत् को न मुच्येत बन्धनात्॥

भावार्थ : धार्मिक कथा आदि के सुनने के समय, श्मशान भूमि में और रोगी होने पर मनुष्य के मन में जो सद्‌बुद्धि उत्पन्न होती है, यदि वह सदैव स्थिर रहे तो मनुष्य संसार के बंधनों से छूट सकता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 35.00 °c | 22.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.18 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05.13 बजे

## आदि कैलाश यात्रा का पहला दल रवाना

**नैनीताल**: उत्तराखंड में गुरुवार को आदि कैलाश यात्रा का आगाज हो गया है। कुमाऊं के द्वार काठगोदाम से आज पहला दल आदि कैलाश के लिए रवाना हुआ। कुमाऊं मण्डल विकास निगम (केएमवीएन) के प्रबन्ध निदेशक विनीत तोमर एवं महाप्रबन्धक एपी वाजपेयी ने यात्रा को हरी झंडी दिखायी। श्री तोमर ने बताया कि पहले दल में नौ महिलाओं सहित 19 श्रद्धालु शामिल हैं। केएमवीएन की ओर से यात्रियों का परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल 34 दल आदि कैलाश के दर्शन को जायेंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए उच्च हिमालयी क्षेत्र में दो जगहों पर स्वास्थ्य की जांच की जायेगी। उन्हीं यात्रियों को आगे यात्रा की अनुमति दी जायेगी तो स्वास्थ्य परीक्षण में सफल होंगे।

## बिहार में जातीय जनगणना पर उच्च न्यायालय की रोक

**पटना**: बिहार में जातीय जनगणना पर गुरुवार को पटना उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी । उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद की खंडपीठ ने बिहार में हो रही जातीय जनगणना पर रोक लगाने की दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई पूरी करने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था । न्यायालय ने आज इसपर अपना फैसला सुनाते हुए तत्काल जातीय जनगणना पर रोक लगाने का आदेश दिया । खंडपीठ ने अपने फैसले में इसे निजता का उल्लंघन माना है। इसके साथ ही अदालत ने गणना के दौरान एकत्र किए गए आंकड़े को सुरक्षित रखने और इसकी जानकारी किसी और को नहीं देने का भी आदेश दिया है।

## उच्च वेतन पर पेंशन की अधिसूचनाएं जारी

**नयी दिल्ली**: केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ईपीएस-95 पेंशन योजना में शामिल कर्मचारियों को उच्च वेतन पर पेंशन देने के संबंध में अधिसूचनाएं जारी कर दी है। मंत्रालय ने बुधवार देर रात यहां जारी दो अधिसूचनाओं में बताया कि ये अधिसूचनाएं उच्चतम न्यायालय के चार नवंबर 2022 के निर्णय के अनुरूप जारी की गई हैं। एक अधिसूचना में कहा गया है कि उच्च वेतन पर पेंशन का आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जून 2023 होगी। इससे कर्मचारियों और नियोक्ताओं को उच्च वेतन पर पेंशन का आवेदन करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

## आम आदमी क्लीनिक से दो लाख से अधिक को लाभ

**अमृतसर**: पंजाब के जिला अमृतसर में सरकार द्वारा शुरू किए आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से 30 अप्रैल तक 2 लाख 42 हजार रोगियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया और 45761 लोगों ने अपना नि:शुल्क परीक्षण करवाया है। स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. इंदरबीर सिह निज्जर ने गुरूवार को कहा कि आम आदमी क्लीनिक लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं और लोगों को अपने घरों के पास ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**आक्रोश** › आरक्षण को लेकर जल उठा इलाका, प्रधानमंत्री से मांगी मदद

# आदिवासी आंदोलन के दौरान पूर्वोत्तर में हिंसा

- कई इलाकों में कर्फ्यू, इंटरनेट बंद
- महिला खिलाड़ी की मोदी से गुहार
- दो को गोली लगी 32 अन्य लोग घायल



**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी**: भारत का पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर इस समय जल उठा है। क्योंकि इस राज्य में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने की मांग के विरोध में छात्रों के एक संगठन ने 3 मई को आधी रात तक विरोध प्रदर्शन किया था। मणिपुर के कांगपोकपी जिले के साईकुल में तीन मई की मध्यरात्रि को करीब 32 नागरिकों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है जबकि दो अन्य ने दम तोड़ दिया।इस आदिवासी आंदोलन के दौरान हिंसा भड़क उठी जिसके बाद कई जिलों में कर्फ्यू लगाया गया। चुराचंदपुर जिले में झड़प के बाद 3 मई को आधी रात तक सांप्रदायिक तनाव भड़कने के बाद मणिपुर की राज्य पुलिस के साथ सेना ने राज्य में तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप किया। चुराचंदपुर जिले में झड़प के बाद 3 मई को सांप्रदायिक तनाव भड़कने के बाद मणिपुर की राज्य पुलिस के साथ सेना ने आज सुबह 4 बजे राज्य में तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप किया। अनुसूचित जनजाति के दर्जे पर अदालती आदेश को लेकर आदिवासी समूहों के विरोध के बीच हिंसा प्रभावित इलाकों में सेना फ्लैग मार्च कर रही है।पूरे मणिपुर में अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भारतीय महिला बॉक्सर मैरी कॉम ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद मांगी। बॉक्सर मैरी कॉम ने देर रात करीब पौने तीन बजे ट्वीट कर लिखा, मेरा राज्य मणिपुर जल रहा है। कृपया मदद कीजिए। उन्होंने इस ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री कार्यालय, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को टैग करते हुए मणिपुर में आगजनी की फोटो शेयर की हैं। राज्य सरकार की ओर से 3 मई की रात को सेना और सशस्त्र बलों की मदद मांगी गई थी, जिसके बाद सेना ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर देर रात स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप किया और सुबह तक हिंसा पर काबू पा लिया । अलग-अलग जिलों में करीब चार हजार ग्रामीणों को सेना, सशस्त्र बलों और राज्य सरकार के परिसरों में आश्रय दिया गया। वहीं प्रदर्शन को

›› पेज 2 भी देखें

पालतू शेर ने ही गरदन से पकड़कर मालिक को खींचा

# घायल होने के बाद भी जान बच गयी हॉज की



https://twitter.com/i/status/1651894842048299009

**राष्ट्रीय खबर**

**केप टाउन**: दक्षिण अफ्रीका के थबाज़िम्बी में मैकेरल प्रीडेटर सेंटर के मालिक हॉज अपने ही पालतू शेर के हाथों मरते मरते बच गये। हर रोज की तरह वह शेरों की मांद में गये थे। लेकिन आज का माहौल कुछ और था तथा वहां मौजूद उनके पालतू शेर ने ही उनपर हमला कर दिया। वहां मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि हॉज ने शेरों की मांद में प्रवेश किया। लेकिन उसका परिचित शेर दहाड़ता हुआ उसे जंगल में खींच ले गया। जैसा कि वीडियो में देखा जा सकता है कि बुजुर्ग हज शेर के बाड़े में दिन के उजाले में बिना आसपास देखे घुस गए। एक पूर्ण विकसित सिंह दूसरे मिजाज में था और पीछे से आते हॉज को देखकर हमलावर मुद्रा में आ गया। शेरों का आचरण समझने वाले हॉज स्थिति देखकर पीछे मुड़े और भागने लगे। वह दरवाजे से बाहर निकल पाते उससे पहले ही पीछे से आते शेर ने उनपर हमला कर दिया। शेर ने हॉज की गर्दन पकड़ ली और उसे घसीट कर ले गया। वीडियो में लोगों को उन्हें बचाने के लिए शेर को धमकाते या मदद के लिए गुहार लगाते भी सुना जा सकता है। कुछ कदम चलने के बाद वह रुक गया। हज ने खड़े होने की कोशिश की तो शेर ने फिर उसकी गर्दन काट ली और उसे जंगल में खींच ले गया। कुछ देर बाद वहां के दूसरे लोगों ने मिलकर हॉज को जंगल के अंदर से निकाला। आश्चर्यजनक रूप से, वह अपनी गर्दन और जबड़े में गंभीर चोट लगने के बावजूद बच गया। लेकिन उन्हें कई दिन अस्पताल में बिताने पड़े। नियमित तौर पर जिन शेरों के साथ वह रहते हैं, वे शेर उन्हें अच्छी तरह पहचानते भी हैं। ऐसी स्थिति में अचानक ऐसा क्यों हुआ, इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पायी है।

ईडी के माफीनामा के बाद और आक्रामक हो गयी आप

# संजय सिंह का नाम गलती से कैसे जुड़ गया



**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली**: दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दावा किया कि ह्लदेश की सबसे ईमानदार पार्टीह्व को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, क्योंकि उन्होंने आश्चर्य जताया कि किसी का नाम गलती से चार्जशीट में कैसे शामिल हो सकता है। दिल्ली आबकारी नीति मामले में उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों के संबंध में प्रवर्तन विभाग (ईडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा और सहायक निदेशक जोगेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मांगने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्रालय के सचिव को आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के पत्र के बाद उनकी टिप्पणी आई है। ईडी सूत्रों ने कहा कि एजेंसी की चार्जशीट में आप नेता का नाम चार बार आया है, जिसमें से एक संदर्भ गलत है और अनजाने में टाइप किया गया था। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने 20 अप्रैल को नामित विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की जिसमें टाइपोग्राफिकल / लिपिकीय त्रुटि का पता चलने के बाद अभियोजन पक्ष की शिकायत (चार्जशीट) में विसंगति को दूर करने के लिए कहा गया था। ईडी के एक वकील ने 29 अप्रैल को संजय सिंह के वकील को लिखा कि राहुल सिंह के बजाय, संजय सिंह का उल्लेख अनजाने में केवल एक संदर्भ में किया गया था। ईडी के वकील ने कहा, सुधार के लिए आवेदन वर्तमान नोटिस (22 अप्रैल को ईडी को संजय सिंह का नोटिस) की तारीख से बहुत पहले का है, जो एजेंसी की सदाशयता को प्रदर्शित करता है। अरविंद केजरीवाल ने हिंदी में एक ट्वीट में कहा, क्या किसी का नाम गलती से चार्जशीट में

›› पेज 2 भी देखें

## पहलवानों के समर्थन में किसान संगठनों, खाप पंचायतों ने किया प्रदर्शन

**जींद**: दिल्ली में जंतर-मंतर पर कुश्ती खिलाड़ियों के धरने के समर्थन में किसान संगठनों, खाप पंचायतों ने गुरुवार यहां प्रदर्शन किया और खटकड़ टोल को वाहनों के लिए दो घंटे तक फ्री करवाया गया। जंतर-मंतर पर बुधवार देर रात पहलवानों की बदसलूकी की घटना के विरोध में खटकड़ टोल पर खेड़ा खाप के प्रधान सतबीर बरसोला, किसान संगठन और खाप पंचायतें एकत्रित हुई। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और रोष प्रकट किया। इसके अलावा वाहनों के लिए टोल को फ्री करवाने का फैसला करने के बाद दोपहर 12 बजे से लेकर अपराह्न दो बजे तक टोल को वाहनों के आने-जाने के लिए फ्री करवाया गया। कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला, खेड़ा खाप के प्रधान सतबीर पहलवान ने कहा कि कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना दे रही कुश्ती खिलाड़ियों के साथ दिल्ली पुलिस ने कल रात जो किया, वह पूरे देश ने देखा। अपनी मांगों को लेकर धरना, प्रदर्शन करने का हक सभी को है। उन्होंने कहा कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के खिलाफ पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज होने के बाद भी अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है, अगर जल्द से जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो कोई भी बड़ा फैसला लेने से खाप पंचायतें पीछे नहीं हटेंगी। उधर, उचाना में संयुक्त किसान मोर्चा के उपमंडल कार्यालय परिसर में जारी धरने पर भी पहलवानों से हुई बदसलूकी की घटना पर रोष व्यक्त किया गया। यहां से आजाद पालवां के नेतृत्व में रोष जुलूस निकाला गया और रेलवे चौक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, महिला कोच के यौन उत्पीड़न के आरोपी मंत्री संदीप सिंह, भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह शरण के पुतले फूंके गए।

कोयला व्यापारी राजू झा की हत्या में सुपारी किलिंग

# रांची से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया



**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता** : कोयला कारोबारी और भाजपा नेता राजू झा की हत्या के सिलसिले में विशेष जांच दल ने झारखंड की राजधानी रांची से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान इंद्रजीत गिरी और लालबाबू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने सोमवार को रांची के एक घर से दो लोगों को गिरफ्तार किया। इस घटना में पुलिस ने कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार इंद्रजीत का घर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में है। लालबाबू का घर बिहार के गया जिले के कालीपुर थाने के अकबरपुर में है। हालांकि, वे एक महीने से रांची के जगन्नाथपुर में एक मकान किराए पर ले रहे थे। स्थानीय थाना पुलिस की मदद से सोमवार को वहां से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों को सोमवार को बर्दवान सीजेएम कोर्ट ले जाया गया तो कोर्ट ने 10 दिन की हिरासत का आदेश दिया। इससे पहले राजू की हत्या के आरोप में अभिजीत मोंडल नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। जांचकताओं के सूत्रों के मुताबिक, राजू की हत्या करने के बाद बदमाशों ने कार बदल ली। वे एक सफेद कार में भाग गए। कार दिल्ली से इंद्रजीत और लालबाबू ने मंगवाई थी। जांचकर्ता वाहन को बरामद करने का प्रयास कर रहे हैं। एक अप्रैल की शाम शक्तिगढ़ लंगचा हब के पास बदमाशों ने कोयला कारोबारी राजू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्यारों के जत्थे में तीन लोग थे। वे नीली कार में पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद जांचकताओं को पता चला कि कार झारखंड से आई थी।

›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › इंसानों की जीवनकाल सकुशल बढ़ाने की दिशा में एक और शोध

# उम्र के असर को वैज्ञानिकों ने जेनेटिक्स द्वारा धीमा किया

### जैविक घड़ी की सूई को धीमा किया

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची**: मानव जीवन में अधिक और पूरी तरह स्वस्थ्य जीवन हमेशा की उम्मीद रही है। यह अलग बात है कि इंसान की उम्र बढ़ने के साथ साथ उनका असर साफ दिखने लगता है। इस दिशा में वैज्ञानिक तरह तरह के प्रयोग कर उम्र के इस असर को कम करने की दिशा में प्रयासरत हैं। इस बार वैज्ञानिकों ने कोशिकाओं में दीघार्यु होने की इंजीनियरिंग सुधार कर उम्र की घड़ी को धीमा करने का दावा किया है। मानव जीवनकाल हमारी व्यक्तिगत कोशिकाओं की उम्र बढ़ने से संबंधित है। तीन साल पहले यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया सैन डिएगो के शोधकताओं के एक समूह ने उम्र बढ़ने की प्रक्रिया के पीछे के आवश्यक तंत्र की व्याख्या की। दो अलग-अलग दिशाओं की पहचान करने के बाद, जो कोशिकाएं उम्र बढ़ने के दौरान अपनाती हैं,

›› पेज 2 भी देखें

**उम्र बढ़ने से जुड़े उनके सामान्य स्तर तक पहुंचने से रोकता है**

उन्होंने अब इस शोध को सिंथेटिक जीव विज्ञान का उपयोग करके एक ऐसे समाधान के लिए ऐसी तकनीक बनायी है जो कोशिकाओं को उम्र बढ़ने से जुड़े उनके सामान्य स्तर तक पहुंचने से रोकता है। खमीर, पौधों, जानवरों और मनुष्यों सहित सभी कोशिकाओं में जीन नियामक सर्किट होते हैं जो उम्र बढ़ने सहित कई शारीरिक कार्यों के लिए जिम्मेदार होते हैं। अध्ययन के वरिष्ठ लेखक और यूसी सैन डिएगो के सह-निदेशक, स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज के प्रोफेसर नान हाओ ने कहा, ये जीन सर्किट हमारे घरेलू इलेक्ट्रिक सर्किट की तरह काम कर सकते हैं जो उपकरणों और ऑटोमोबाइल जैसे उपकरणों को नियंत्रित करते हैं। हालांकि, यूसी सैन डिएगो समूह ने खुलासा किया कि, केंद्रीय जीन नियामक सर्किट के नियंत्रण में, कोशिकाओं को उसी तरह उम्र नहीं होती है। एक ऐसी कार की कल्पना करें जो या तो इंजन के खराब होने या ट्रांसमिशन के खराब होने के कारण पुरानी हो जाती है, लेकिन एक ही समय में दोनों नहीं। यूसी सैन डिएगो टीम ने एक स्मार्ट उम्र बढ़ने की प्रक्रिया की कल्पना की, जो एक उम्र बढ़ने के तंत्र से दूसरे तक साइकिल की गिरावट से सेलुलर दीघार्यु का विस्तार करती है। नए अध्ययन में, शोधकताओं ने आनुवंशिक रूप से सेल उम्र बढ़ने को नियंत्रित करने वाले सर्किट को फिर से जोड़ा।

आगामी छह मई को किंग चार्ल्स तीन की राज्याभिषेक होगा

# ब्रिटिश राज के राजमुकुट में हैं 444 बेशकीमती रत्न

**राष्ट्रीय खबर**



**लंदन**: ब्रिटिश राजा के तौर पर किंग चार्ल्स तीन आगामी छह मई को ताजपोशी करेंगे। सेंट एडवर्ड की ऐतिहासिक ताजपोशी 6 मई (शनिवार) को दोपहर में किंग चार्ल्स तीन के सिर पर रखी जाएगी। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की मृत्यु के बाद बेटा चार्ल्स राजा बना। उनका शासन प्रतीकात्मक रूप से अगले शनिवार को एक उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, सेंट एडवर्ड का ताज आखिरी बार महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने 1953 में अपने राज्याभिषेक के दौरान पहना था। 70 साल तक, ताज ने लंदन के टॉवर को कभी नहीं छोड़ा।

›› पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

### 52 नये प्रोजेक्ट पर कोल कंपनियां करेंगी काम

**रांची**: कोयला मंत्रालय के निर्देश पर कोल कंपनियां खनन पर विशेष बल दे रही है। इसके लिये खनन क्षमता बढ़ाने और लक्ष्य की प्राप्ति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में स्थिति बीसीसीएल, सीसीएल और ईसीएल कंपनियां भी इस क्षेत्र में कार्य कर रही है। जहां खदानों को विस्तार करने पर जोर दिया जा रहा है। बीसीसीएल की मानें तो कोयला मंत्रालय के निर्देश पर नये प्रोजेक्ट्स पर काम करना है। इन योजनाओं पर ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट के तहत काम किया जायेगा। जरूरी है कि इसके लिये खदानों का विस्तार किया जायें। जिसके लिये राज्य में प्रयास किया जा रहा है। कोयला मंत्रालय ने कोल कंपनियों को नई परियोजनाएं शुरू कर क्षमता बढ़ाने का आदेश दिया है। जिसके लिये कुल 52 खनन परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है।

**राहत** परिवहन और चिकित्सा भत्ता भी मिलेगा

# एक लाख कांट्रैक्ट कर्मियों का डीए 27 से बढ़कर 34 फीसदी हुआ

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** झारखंड सरकार ने राज्य में कार्यरत करीब 1 लाख से अधिक संविदा कर्मियों को बड़ा तोहफा दिया है। संविदा कर्मियों का डीए 27 से बढ़ाकर 34 प्रतिशत कर दिया गया है। इतना ही नहीं सरकार कुछ शर्तों के आधार पर संविदाकर्मी को परिवहन एवं चिकित्सा भत्ता भी देगी। इसको लेकर वित्त विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। वित्त विभाग के परिपत्र (संख्या 4569/ दिनांक 05।07।2022) के आलोक में संविदा के आधार पर नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों को एक मुश्त संविदा राशि अनुमान्य करने का निर्णय लिया है। इसका लाभ राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों में एक मुश्त नियत राशि पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर सहित अन्य संविदाकर्मी को मिलेगा। इन सभी को सतवां पुनरीक्षित वेतन के आधार पर 34 प्रतिशत डीए मिलेगा। इसके साथ ही छठे वेतन पुनरीक्षण में स्वीकृत चिकित्सा एवं परिहवन भत्ता भी देय होगा। जारी संकल्प के अनुसार सरकारी कर्मियों की तरह ही अनुबंधकर्मियों को भी 1 हजार रुपये मासिक के हिसाब से चिकित्सा भत्ता देय होगा। इससे अब संविदा पर कार्यरत कर्मियों को चिकित्सा को लेकर आ रही परेशानियां दूर होंगी। इसकी मांग ये कर्मी वर्षों से कर रहे थे।

परिवहन भत्ता को लेकर सरकार ने कुछ शर्तें लगायी हैं। झारखंड के केवल तीन शहर बोकारो, जमशेदपुर एवं रांची में कार्यरत संविदा कर्मियों को अपने मूल वेतन का 16 प्रतिशत परिवहन भत्ता मिलेगा, जबकि अन्य जिलों में यह केवल 9 प्रतिशत ही होगा। परिवहन भत्ता की मांग भी संविदा कर्मियों के आंदोलन का एक अहम हिस्सा रहा है।

## न्यूज फटाफट

**पेज एक का शेष**

### आदिवासी आंदोलन के .. ..

नियंत्रण में रखने के लिए फ्लैग मार्च किया जा रहा है। बता दें कि बीते बुधवार को मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल करने की मांग का विरोध करने के लिए ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन की ओर से मार्च बुलाया गया था. इसी मार्च के दौरान चुराचांदपुर में हिंसा भड़क गई थी।पुलिस के मुताबिक इस रैली में हजारों प्रदर्शनकारी शामिल हुए। इस दौरान तोरबंग इलाके में आदिवासियों और गैर-आदिवासियों के बीच हिंसा की खबरें आईं। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे गए। अधिकारी के मुताबिक, इंफाल पश्चिम, काकचिंग, थौबल, जिरिबाम और बिष्णुपुर के अलावा आदिवासी बहुल चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। इसके साथ ही पूरे राज्य में इंटरनेट सेवाओं को तत्काल प्रभाव से पांच दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया गया। छात्र संगठन ने कहा है कि राज्य के नेता खुले तौर पर मैतेई की मांग का समर्थन कर रहे हैं और आदिवासी हितों की सामूहिक रूप से रक्षा करनी चाहिए. मैतेई समुदाय मणिपुर के पहाड़ी जिलों में रहता है। समुदाय की ओर से दावा किया गया है कि म्यांमार और बांग्लादेशियों के बड़े पैमाने पर अवैध अप्रवासन के चलते उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर मणिपुर सरकार ने 3 मई को राज्य के आठ जिलों में धारा 144 सीआरपीसी लगा दी।

जिन जिलों में धारा 144 सीआरपीसी लगाई गई है वे हैं बिष्णुपुर, फेरजावल, जिरिबाम, पश्चिमी इंफाल, थौबल, टेंग्नौपाल, काकचिंग और कांगपोकपी।आज सुबह मणिपुर के हालात पर केंद्रीय गृह मंत्रालय अपनी नजर बनाए हुए है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य के ताजा हालात की जानकारी लेने के लिए मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह से बात की है। अमित शाह ने आज मुख्यमंत्री से बात कर मणिपुर की स्थिति का जायजा लिया।सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार की तरफ से रैपिड एक्शन फोर्स की अतिरिक्त कंपनियों को राज्य में भेजा गया है। हिंडन एयर बेस से रैपिड एक्शन फोर्स के अतिरिक्त जवान वहां भेजे गए हैं। इसके साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि राज्य में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात हैं, जिसमें असम राइफल्स, केंद्रीय पुलिस बल और सेना के जवान भी शामिल हैं। बताया गया है कि राज्य में सुरक्षा और सामान्य स्थिति बनाने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं।

### संजय सिंह का नाम .. .. ..

शामिल हो सकता है? इससे स्पष्ट है कि पूरा मामला फर्जी है। प्रधानमंत्री ऐसा सिर्फ देश की सबसे ईमानदार पार्टी को बदनाम करने के लिए कर रहे हैं और गंदी राजनीति के हिस्से के रूप में सबसे तेजी से बढ़ती पार्टी को रोकना। यह उनके लिए अशोभनीय है। आम आदमी पार्टी ने यह भी दावा किया कि ईडी की चार्जशीट में श्री सिंह के नाम का उल्लेख श्री केजरीवाल सहित पार्टी और उसके नेताओं को बदनाम करने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास था।

### रांची से दो लोगों .. ..

जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि राजू की हत्या सुपारी किलर से की गई है। हालांकि अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि इस हत्या के पीछे कोई एक व्यक्ति है अथवा कोई गिरोह है। इसके तार हजारीबाग जेल से भी जुड़े हो सकते हैं। जांच के बाद पता चला कि सुपरी किलर नीली कार छोड़कर सफेद कार में सवार होकर झारखंड की ओर चले गए थे। पुलिस को गिरफ्तार अभिजीत से पूछताछ के बाद सफेद रंग की कार, इंद्रजीत और लालबाबू के बारे में जानकारी मिली। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ के बाद एसआईटी को एक और शख्स का नाम मिला है। जांचकताओं को यह भी पता चला है कि उसने कुछ लोगों के साथ दुगार्पुर में एक व्यापारी की हत्या की योजना पर चर्चा की थी। अब अगर उस सफेद कार का पता चला तो उन्हें लगता है कि राजू की हत्या की जांच में कई पेंच खुलेंगे।

### उम्र के असर को .. .. ..

शोधकताओं ने आनुवंशिक रूप से कोशिकाओं के जीवनकाल को बढ़ाने के लिए इन प्रक्रियाओं में हेरफेर किया।

टॉगल स्विच की तरह काम करने वाली अपनी सामान्य भूमिका से, उन्होंने उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने के लिए एक नकारात्मक प्रतिक्रिया प्रक्रिया का निर्माण किया। शोधकताओं ने सबसे पहले कंप्यूटर सिमुलेशन का इस्तेमाल किया कि कोर एजिंग सर्किट कैसे संचालित होता है। इससे उन्हें सेल में सर्किट बनाने या संशोधित करने से पहले विचारों को डिजाइन और परीक्षण करने में मदद मिली। हाओ ने कहा, यह पहली बार कम्प्यूटेशनल रूप से निर्देशित सिंथेटिक जीवविज्ञान और इंजीनियरिंग सिद्धांतों का उपयोग जीन सर्किट को तर्कसंगत रूप से फिर से डिजाइन करने और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से बढ़ावा देने के लिए किया गया था। अनुसंधान दल ने सेल एजिंग के पीछे के तंत्र का अध्ययन करना शुरू किया, एक जटिल जैविक प्रक्रिया जो मानव दीघार्यु और कई बीमारियों को कम करती है। उन्होंने देखा कि एक ही आनुवंशिक सामग्री और एक ही वातावरण की कोशिकाएं अलग-अलग उम्र बढ़ने के मार्गों के साथ यात्रा कर सकती हैं। लगभग आधी कोशिकाएं डीएनए की स्थिरता में धीरे-धीरे गिरावट के माध्यम से बढ़ती हैं, जहां आनुवंशिक जानकारी संग्रहीत होती है। अन्य आधा आयु कोशिकाओं की ऊर्जा उत्पादन इकाइयों, माइटोकॉन्ड्रिया की गिरावट से बंधे पथ के साथ। नई सिंथेटिक जीव विज्ञान की उपलब्धि में उम्र में देरी के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण को पुनः कॉनफि गर करने की क्षमता है। युवा रहने की कृत्रिम कोशिकाओं को मजबूर करने के लिए कई रासायनिक और अनुवांशिक प्रयासों से अलग, नया शोध सबूत प्रदान करता है कि उम्र बढ़ने की घड़ी की टिक को धीमा करना कोशिकाओं को गिरावट और मौत के पूर्व-नियत पथ पर सक्रिय रूप से रोकने से संभव है। वर्तमान अध्ययन में, खमीर कोशिकाएं जिन्हें कृत्रिम रूप से फिर से तारित किया गया था और सिंथेटिक ऑसिलेटर डिवाइस के निर्देशन में वृद्ध किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप सामान्य परिस्थितियों में वृद्ध नियंत्रण कोशिकाओं की तुलना में जीवनकाल में 82 फीसद की वृद्धि हुई। परिणामों से पता चला खमीर में सबसे स्पष्ट जीवनकाल विस्तार जिसे हमने आनुवंशिक गड़बड़ी के साथ देखा है। इसी आधार पर शोधकताओं ने एक बायोसिंथेटिक घड़ी विकसित की है जो कोशिकाओं को उम्र बढ़ने से संबंधित गिरावट के सामान्य स्तर तक पहुंचने से रोकती है।

### ब्रिटिश राज के राजमुकुट .. ..

360 साल पुराना मुकुट एक फुट लंबा है और इसका वजन लगभग 5 पाउंड है। 22 कैरेट सोने से बने मुकुट में 444 रत्न हैं, जिनमें कीमती नीलम, माणिक, नीलम और पुखराज शामिल हैं। उनमें से ज्यादातर हल्के नीले या नीले हरे रंग के होते हैं। इन रत्नों को मीनाकारी और सोने के गोले में रखा जाता है। एक समय इन मुकुट रत्नों को अलग किया जा सकता था और अभिषेक के समय प्रतिस्थापित किया जा सकता था। हालाँकि, 20 वीं शताब्दी में, इन गहनों को ताज में स्थायी रूप से स्थापित किया गया था। 1661 में चार्ल्स द्वितीय के लिए ताज बनाया गया था। इसका नाम एंग्लो-सैक्सन राजा और सेंट एडवर्ड द कन्फेसर के नाम पर रखा गया है। एडवर्ड के मुकुट को पवित्र माना जाता है और सैकड़ों वर्षों से दीक्षा में इसका उपयोग किया जाता रहा है। इतिहासकार अन्ना के का कहना है कि उस समय मुकुट की कीमत 500 पौंड थी, जो आज के 75,000 पौंड के बराबर है। मुकुट के चारों ओर चार क्रॉस और लिली के फूल हैं, और बिल्कुल केंद्र में दो मेहराब हैं। मेहराब छोटे सोने के मोती से ढके हुए हैं, जो पहले कृत्रिम मोती की पंक्तियों से घिरे हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने सेंट एडवर्ड के ताज को एक शाही प्रतीक बना दिया। इतिहासकार ट्रेसी बोरमैन ने कहा कि सेंट एडवर्ड का ताज स्पष्ट संदेश देता है कि राजशाही एक प्राचीन परंपरा है और स्थायी है।

राज्य हज समिति की बैठक

## हज हाउस के मेंटेनेंस के लिए प्राइवेट एजेंसी की ली जाएगी मदद



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** हज हाउस में गुरुवार को झारखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वालों के लिए हज हाउस में उपयुक्त मेंटेनेंस काम कराए जाएंगे। इसके लिए किसी प्राइवेट एजेंसी या आउट सोर्स से मदद ली जाएगी। हज हाउस में बिजली, पानी, साफ- सफाई, लिफ्ट, एसी और अन्य व्यवस्थाओं को उसके जरिये सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में यह भी फैसला हुआ कि हज यात्रियों की सुविधा के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की जाएगी। उनकी देख-रेख में में सारे कार्य होंगे। यह भी फैसला हुआ कि हज यात्रा पर जाने वाले यात्री रांची स्थित हज हाउस में जुटेंगे। उनके साथ एक सहयोगी भी रूकेंगे। इसके बाद रांची और कोलकाता एयरपोर्ट से 2384 यात्री हज यात्रा पर निकलेंगे। बैठक में गयासुद्दीन सिद्दीकी, शेख बदरूद्दीन समेत अन्य भी उपस्थित थे।

4 महीने के अंदर दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन रांची से ही आरंभ

## सांसद संजय सेठ को उम्मीद, महीने भर में रांची से शुरू होगी वंदे भारत ट्रेन सेवा

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** सांसद संजय सेठ ने भरोसा जताया है कि केंद्र के सहयोग से महीने भर के भीतर रांची से वंदे भारत ट्रेन सेवा का परिचालन शुरू हो जाएगा। गुरुवार को नई दिल्ली में सांसद ने रेल अधिकारियों संग मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने आस जताई कि एक महीने के अंदर रांची हटिया से वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू होने से यहां के यात्री भी वंदे भारत एक्सप्रेस का आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही 4 महीने के अंदर दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन रांची से ही आरंभ होगा। बैठक में सांसद ने अधिकारियों को यह प्रस्ताव दिया कि हटिया से पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन अविलंब शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन का परिचालन पटना से हटिया के लिए सुबह में और हटिया से पटना के लिए शाम में तय किया जाए। पटना से हटिया प्रस्थान का समय सुबह के 6:55 बजे और हटिया से पटना के प्रस्थान (वाया बरकाकाना, हजारीबाग, कोडरमा) का समय शाम के 5:00 बजे निर्धारित करना उपयोगी होगा।मुलाकात के बाद श्री सेठ ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन रांची से हो, इस दिशा में उनका प्रयास हमेशा से जारी था। 2021 में रेल मंत्री को पत्र लिखकर उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन हटिया से पटना और रांची से कोलकाता करने का आग्रह किया था। इसका सुखद परिणाम सामने आया है। सांसद ने बताया कि एक महीने के अंदर हटिया से पटना के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन आरंभ हो जाएगा। रांची से कोलकाता वंदे भारत एक्सप्रेस 3 से 4 महीने के अंदर आरंभ होगा। सांसद ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होगा। इससे संबंधित प्रस्ताव भी प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा गया है। प्रधानमंत्री का झारखंड आगमन हम सब के लिए गौरव की बात होगी। वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन के प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार भी जताया है।

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के मुद्दे पर पूर्व सीएम का कड़ा बयान

## मुख्यमंत्री के इशारे पर स्पीकर ने मामला उलझाया: बाबूलाल मरांडी

- सरकार को लोकायुक्त एवं सूचनाओं का भय सता रहा
- भ्रष्टाचार उजागर करने केलिए कई संवैधानिक संस्थाएं
- रघुवर दास सरकार में हुआ था ठीक ऐसा ही खेल



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** भाजपा नेता विधायक दल एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज नेता प्रतिपक्ष मामले में विधानसभा स्पीकर को कटघरे में खड़ा किया। श्री मरांडी ने कहा विधानसभा अध्यक्ष मुख्यमंत्री के इशारे पर मामले को लटकाए बैठे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा ने अपने विधायक दल का नेता चयन कर विधानसभा सचिवालय को विधिसम्मत सूचना दी है। श्री मरांडी ने कहा कि जहां तक जेवीएम का बीजेपी में विलय का सवाल है चुनाव आयोग ने अपने निर्णय में सारी स्थित स्पष्ट कर दी है। कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है जिसने विलय को मान्यता देते हुए दो बार उन्हें राज्यसभा चुनाव में भाजपा विधायक के रूप में मत देने का अधिकार दिया। फिर भी स्पीकर के द्वारा भाजपा नेता विधायक दल को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं देना राज्य सरकार के इशारे पर एक राजनीतिक साजिश है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नही चाहती कि नेता प्रतिपक्ष की अनुशंसा से लोकायुक्त का चयन हो,सूचना आयुक्त का चयन हो। क्योंकि फिर राज्य सरकार की नाकामियां उजागर होंगी। लोकायुक्त के माध्यम से भ्रष्टाचार की जांच हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि भले ही राज्य सरकार तिकड़म से महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों को भरने से रोक दे लेकिन देश में कार्य कर रही अन्य संवैधानिक एजेंसियों की जांच से नही बच सकती। उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार पर जांच एजेंसियों का शिकंजा लगातार कसता ही जा रहा।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से बचाव केलिए राज्य सरकार कागजात तक गायब करवाने से बाज नहीं आ रही। राज्य के हालात ये हैं कि राज्य सरकार के मंत्रियों से नैतिकता गायब है,गरीबों की थाली से रोटी गायब है,बेरोजगारों के हाथों से रोजगार गायब है। और पूरी सरकार का ईमान गायब है। कहा कि ऐसे में हेमंत सरकार से राज्य के विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती।दरअसल इससे पहले रघुवर दास की सरकार में भी सरकार और तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष ने यही खेल खेला था। उनलोगों ने भी नेता प्रतिपक्ष के मामले को काफी दिनों तक लटकाया था।

खाद्य सुरक्षा समेत जन मुद्दों पर कार्य योजना तैयार की जायेगी

## वामदलों का संयुक्त कंन्वेंशन 19 मई को

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** वामदलों के संयुक्त कन्वेंशन का आयोजन 19 मई को किया जायेगा। संयुक्त वामदलों की ओर से इसकी तैयारी की जा रही है। इस कंन्वेंशन में भाकपा, माकपा, भाकपा माले, मासस, आरएसपी, फारवर्ड ब्लॉक समेत विभिन्न जन संगठन शामिल होंगे। वामनेताओं की ओर से इसकी जानकारी देते हुए बताया गया कि 19 मई को पुराने विधानसभा सभागार में राज्य स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन किया जायेगा। इस कन्वेंशन में झारखंड के दस प्रमुख जन मुद्दों पर लगातार संघर्ष की कार्य योजना तय की जायेगी। कन्वेंशन में वामदलों के अलावा ट्रेड यूनियनों, किसान सभाओं, युवा, छात्र और महिलाओं के जनसंगठन, सामाजिक संगठन और संस्कृति कर्मियों के संगठन भी शामिल होंगे। जिसकी तैयारी कर ली गयी है।खाद्य सुरक्षा के तहत मुफ्त राशन जरूरीः सीपीआइएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि खाद्य सुरक्षा मुद्दा देश के लिये अहम मुद्दा है। जिसे कन्वेंशन में भी उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम को बिलय कर 81.35 करोड़ लोगों को 5 किलो अनाज मुफ्त अनाज दिए जाने का ढीढोंरा पीटा जा रहा है। जबकि उन्हें अनुदानित दर पर मिलने वाले 3 रुपये किलो चावल, 2 रुपये किलो गेहूं और 1 रुपए किलो मोटा अनाज से वंचित कर दिया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि गरीबों को एक महीने के राशन मे 5 किलो चावल के लिए अब 15 रुपये के बजाय 200 रुपए, और गेंहू के लिए 10 रुपये के बजाय 150 रुपए तक देने होंगे। जो खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिल रहा था। ऐसे में केंद्र सरकार गरीबी के साथ कुर मजाक कर रही है।

**राजनीति** बोरियो में आंगनबाड़ी सेविका की हत्या पर भाजपा ने सरकार को घेरा

## हेमंत राज में बहन- बेटियां असुरक्षित:दीपक प्रकाश

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** साहिबगंज जिले के बोरियो में आंगनबाड़ी सेविका मालोती सोरेन की हत्या और उसके शव का टुकड़ा करने के मामले में भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को घेरा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि जनता जानना चाहती है की कितनी बेटियों की बलि लेगी राज्य सरकार। अपराधियों में पुलिस प्रशासन का भय समाप्त हो चुका है। राज्य सरकार की विधि व्यवस्था को ध्वस्त हो चुकी है। राज्य में जंगल राज की स्थिति है। साहिबगंज के बोरियो के संथाली गांव की रहने वाली आंगनबाड़ी सेविका मालोती सोरेन की टुकड़ों में काटकर हुई हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हेमंत राज में बहन बेटियों की इज्जत और जान सुरक्षित नहीं है। बेटियों के माता- पिता और परिजन दहशत में जी रहे हैं।उन्होंने कहा कि साहेबगंज के बोरियो में विगत 16 दिसंबर को 50 टुकड़ों में काटकर रुबिका पहाड़िन की हत्या की गई थी। उसी क्षेत्र में 6 माह के अंदर उसी प्रकार की घटना की पुनरावृति होना यह बताता है कि राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 5000 से अधिक बलात्कार की घटनाएं पिछले तीन वर्षों में पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हैं। दरिंदे और अपराधी 5-6 वर्ष के बच्चियों को भी अपनी हवस का शिकार बना रहे। उन्होंने कहा कि कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री का ढोल पीटने वाले हेमंत सोरेन जी के राज में सर्वाधिक प्रताड़ित आदिवासी और दलित बहन-बेटियां ही हो रही हैं। फिर भी मुख्यमंत्री को अपराधियों पर गुस्सा नहीं आता है। उन्होंने कहा कि आखिर राज्य की कितनी बहन बेटियों की इज्जत और जान जाते देखना चाहती है राज्य सरकार। ऐसे अपराधियों के साथ राज्य सरकार कड़ाई से पेश आए तथा उन्हें पकड़कर कठोर सजा सुनिश्चित कराए।

## शहर >> अपडेट

### ईजमायट्रिप ने किया अपना पहला फ्रैंचाइज स्टोर का शुभारंभ

**पटना** : ऑनलाइन ट्रैवेल टेक प्लेटफॉर्मस में से एक ईजीमाय ट्रिप ने राजधानी में अपना पहला ऑफलाइन रिटेल स्टोर लॉन्च किया है। यह कंपनी की विस्तार योजनाओं और उन ग्राहकों तक पहुँचने के उद्देश्य से जुड़ा एक रणनीतिक कदम है, जिन्हें मीट एण्ड ग्रीट वाला अनुभव पसंद है। ब्रांड अपनी मौजूदगी और परिचालन को बढ़ाने पर बहुत ध्यान दे रहा है, जिसे देखते हुए नया ऑफिस पटना की फ्रजर रोड पर महाराजा कामेश्वर कॉम्पलेक्स के प्राइम लोकेशन पर लॉन्च किया गया है। स्टोर के इंटीरियर को नये डिजाइन का ध्यान रखकर बनाया गया है, जिसमें ऐसे ब्राण्ड कलर्स हैं, जो ग्राहक का अच्छा ब्राण्ड रिकॉल देंगे। इस दौरान ईजमायट्रिप के सह-संस्थापक रिकांत पिट्टी सहित अन्य उपस्थित थे।

**बुद्ध जयंती पर विशेष**

# विश्व को आज भी शांति का संदेश देता है विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर

राष्ट्रीय खबर

**बोधगया** : बौद्ध धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से शुमार महाबोधि मंदिर अति प्राचीन धरोहर है, जो बोधगया में स्थित है। इसे यूनेस्को के द्वारा वर्ष 2002 में विश्वदाय धरोहर की सूची में शामिल किया गया था। बिहार का इकलौता इस मंदिर को कब और किसने बनाया यह अप्रमाणित है। लेकिन मंदिर के बारे में मिली जानकारी के अनुसार चीनी यात्री फाह्यान का बोधगया आगमन हुआ था। उसने यात्रा वृतांत में इसका कोई स्पष्ट वर्णन नहीं किया। जबकि बौद्ध ग्रंथों के अनुसार सम्राट अशोक ने महात्मा बुद्ध की याद में ईसा पूर्व किसी शताब्दी में छोटे से बौद्ध स्तूप का निर्माण करवाया था। बौद्ध ग्रंथों में 637 ईसवी में हेनसांग का आगमन का मिलता है। जिसने



मंदिर के अस्तित्व की चर्चा अपने यात्रा वृतांत में की है। वैसे महाबोधि मंदिर के वर्तमान स्वरूप का निर्माण सातवीं सदी में कराए जाने का प्रमाण मिलता है। उस दौरान मुस्लिम शासक बख्तियार खिलजी ने नालंदा, विक्रमशिला विश्वविद्यालय और महाबोधि मंदिर को क्षति पहुंचाई थी। जिसके बाद मंदिर का ढांचा मिट्टी के टीले में दबकर रह गया। महाबोधि मंदिर का पहली बार जीर्णोद्धार म्यानमार के राजा मिंडुमिन ने 1874 में करवाया था।उसके बाद सन 1880 में बंगाल के गवर्नर एंशले इडेन के आदेश पर कनिंघम और बेगलर ने मंदिर का निर्माण करवाया। उत्खनन के दौरान जमीन के 25 फीट नीचे से मंदिर मिला।महाबोधि मंदिर आदि शंकराचार्य मठ के अधीन रहा। इसके बाद 1949 में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के सार्थक पहल पर एक एक्ट बनाकर मठ के आधिपत्य से मंदिर को मुक्त कराया गया था। वर्तमान में मंदिर प्रबंधकारिणी समिति का संचालन चार हिंदू एवं चार बौद्ध सदस्यों द्वारा होता है। विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर का शिल्प अन्यत्र दिखाई नहीं पड़ता है। यह स्थापत्य कला का अद्भुत नमूना है। मंदिर की अनोखी स्थापत्य कला आज विश्व के बौद्ध धर्मावलंबियों एवं पुरातत्व प्रेमियों के लिए रहस्य और शोध का विषय बना हुआ है। भारतीय पुरातत्व विभाग संरक्षित धरोहर विश्व के बौद्ध श्रद्धालुओं को अपनी ओर बेहद आकर्षित करता है, जिसकी साज-सज्जा से लेकर देखरेख में मंदिर प्रबंधकारिणी समिति कोई कसर नहीं छोड़ती है। विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर परिसर में स्थित पवित्र बोधि वृक्ष देसी विदेशी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बिंदु है,जहां नित्य दिन साधना-ध्यान एवं पूजा अर्चना का सिलसिला सुबह से लेकर रात तक चलता रहता है।

### खुलेगानेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट का आईपीओ का शुभारंभ 9 को

**पटना** : 17 सर्वात्तम कोटि के ग्रेड ए अर्बन कंजप्शन सेंटर, 2 पूरक होटल परिसंपत्तियों और तीन कार्यालयीय परिसंपत्तियों सहित भारत के कंजप्शन सेंटर्स के सबसे बड़े पोर्टफोलियो पर मालिकाना हक रखने वाले, नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट ने कुल 32 हजर मिलियन रुपये तक प्रति यूनिट के नकद मूल्य पर यूनिट्स का आईपीओ मंगलवार को खोलने का प्रस्ताव दिया है। विन्फोर्ड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (ब्लैकस्टोन फंड्स की पोर्टफोलियो कंपनी), नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट का स्पॉन्सर है और नेक्सस सेलेक्ट मॉल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, मैनेजर है। एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड, नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट का ट्रस्टी अर्थात न्यासी है। ब्लैकस्टोन के एशिया पैसिफिक के चेयरमैन और रियल इस्टेट एशिया के हेड, क्रिस हेडी ने कहा हमें भारत के पहले खुदरा-केंद्रित रिट, नेक्सस सिलेक्ट ट्रस्ट को लॉन्च करने की खुशी है। यह भारत के प्रति ब्लैकस्टोन की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जहां हमने 15वर्षों से भी अधिक समय में अपनी उपस्थिति मजबूत बनाई है और इसके पहले दो रिट के लॉन्च में भाग लिया है।

### पहलवानों के एक एक आंसुओं का होगा हिसाब : शबनम खातून

**मोतिहारी** : कई दिनों से धरने पर बैठे महिला पहलवानों के एक एक आंसुओं का हिसाब होगा यह उस महिला पहलवानों का आसूं है को दिल्ली के जंतर मंतर पर इंसाफ के लिए 10 दिनों से धरने पर बैठी है। आधी रात को दिल्ली पुलिस ने तेज बारिश में भीग रही युवती से बदसुलूकी की। हद तो यह हो गई के उस समय एक महिला यूटूबर साक्षी जोशी पहलवानों को कवर कर रही थी। इस समय दिल्ली पुलिस द्वारा उनके साथ भी बाद सुलुकी की गई और भाजपा को सरकार का नारा महिला सुरक्षा का तार-तार किया गया। उक्त जानकारी समाजसेवी शबनम खातून ने देते हुए कहा की इस समय भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं बल्कि निरंकुश शासन व्यवस्था का दौर चल रहा है। जिसका अंत करीब है।

# नीरा स्प्लैश नाम से समाहरणालय गेट पर जीविका का खुला नीरा और जूस सेंटर

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर** : बिहार सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना जीविका के तत्वाधान में गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में नीरा स्प्लैश नाम से नीरा और जूस कॉर्नर का शुभारंभ जिलाधिकारी प्रणव कुमार, उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, मुजफ्फरपुर पूर्वी के पदाधिकारी ज्ञान प्रकाश और मुजफ्फरपुर पश्चिमी के अनुमंडलाधिकारी ब्रजेश कुमार के साथ ही एक्साइज सुपरिटेंडेंट संजय राय, डीडीएम नाबार्ड जूही प्रवासिनी और डीपीएम जीविका अनिशा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया ।कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य द्वार के समीप खुले इस




नीरा काउंटर पर नीरा से बने सभी तरह की मिठाइयां ,कुल्फी, गुलाब जामुन और सभी फलों का रस, कोल्डड्रिंक, समोसा के साथ ही लस्सी और चाय कॉफी भी ग्राहकों को पीने के लिए उपलब्ध रहेगा। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि जीविका द्वारा एक अच्छा प्रयास किया जा रहा है, और नीरा के साथ ही जूस कॉर्नर की शुरूआत एक अच्छी पहल है ।इससे उधमिता को भी बढ़ावा मिलेगा ।वही समाहरणालय परिसर में आने वाले लोग नीरा और नीरा से जुड़े उत्पादों की खरीद कर सकते हैं। इस अवसर पर नीरा स्प्लैश के उद्घाटन के बाद मधुबनी पेंटिंग और पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों को विदा किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान दुकान पर काफी लोगों की भीड़ दिखी। जो नीरा काउंटर खुलने से काफी खुश दिखे। जीविका द्वारा समूह से जुड़ी दो दीदियों मधुमिता देवी और संगीता देवी को ऋण देकर यह नीरा का काउंटर खुलवाया गया है। जिससे एक नया रोजगार का अवसर भी उत्पन्न हुआ है। जीविका द्वारा यह एक नया स्टार्टअप है। जिसमें समोसा, पेटीज, सत्तू, चाय, जूस और लस्सी सभी तरह का पेय पदार्थ यहां पर उपलब्ध रहेगा ।जिससे लोगों को जलपान के साथ नीरा के फायदे भी मिलेंगे। इस मौके पर संचार प्रबंधक राजीव रंजन, कृषि प्रबंधक कुणाल किशोर, मनीष कुमार, आनंद शंकर, राजीव कुमार, शोभा साव, अभिषेक श्रीवास्तव, रितेश कुमार, मोहम्मद अमानुल्लाह, राजेश कुमार, विनोद कुमार, मुकेश ठाकुर, नवनीत कुमार, आशा देवी के साथ ही संगम सीएलएफ की दर्जनों जीविका दीदियाँ उपस्थित थी।

# जदयू महानगर के अध्यक्ष पद पर पांचवी बार राजू बरनवाल की हुई ताजपोशी

राष्ट्रीय खबर

**गया** : वैश्य समाज के कद्दावर नेता, प्रसिद्ध व्यवसायी राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल को पांचवीं बार जदयू महानगर अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है। उन्होंने महानगर में संगठन का विस्तार करते हुए 22 पदाधिकारी,10 सचिव, 1 प्रवक्ता,19 सदस्य,17 विशिष्ट आमंत्रित सदस्य बनाए गए। नई कमेटी में समता पार्टी स्थापना काल से लेकर युवाओं व महिलाओं को जवाबदेही दी गई है। जिलाध्यक्ष महानगर राजू बरनवाल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के अनुमोदन मिलने के बाद कमेटी की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि संगठन में पुराने अनुभवी लोगों को शामिल करने से आने वाले



दिनों में मजबूती मिलेगी। सांसद विजय कुमार मांझी, पूर्व मंत्री अभिराम शर्मा,पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव, जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री द्वारिका प्रसाद सहित जदयू के वरिष्ठ सम्मानित साथियों ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी है।

वहीं उपाध्यक्ष पद पर अमरनाथ धोकड़ी, अनुज वर्मा, अभिमन्यु सिंह बौद्ध, अर्जुन राम, सुषमा वर्णवाल, प्रभात राऊत, अजय कुमार सिंह, निर्भय सिंह, सुनील कुमार अधिवक्ता, दुलारी देवी, राजू कसेरा, श्याम प्यारे मेहता, मोहम्मद शाकिर, महेंद्र वर्णवाल, मोहम्मद वसीम अंसारी, दुलारचंद भारती,जूली मेहता, राजीव नारायण अधिवक्ता, संजय प्रसाद अधिवक्ता, अमरेंद्र कुमार दिवाकर को मनोनीत किया गया है। सचिव पद पर आदित्य कुमार, महेंद्र कुमार, मोहम्मद जमालुद्दीन, कन्हैया लाल धोकड़ी, रंजीत पासवान, सूर्यकांत उर्फ हेबलू पाण्डेय, अमर चंद्रवंशी, आकाश चंद्रवंशी, मोहन पटेल, मोहम्मद जमील अली हसन जी हुए हैं। प्रवक्ता के रूप में अखिलेंद्र कुमार अधिवक्ता बनाए गए हैं।

# जलयात्रा के साथ मद भागवत कथा का हुआ शुभारंम्भ

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू. च** : प्रखण्ड के छगराहा धर्मपुर के महादेव स्थान मठ परिसर में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार को जलयात्रा के साथ किया गया। जल यात्रा में छगराहा धर्मपुर गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बाजा, गाजा के साथ हजारों श्रद्धालुओं के साथ कुंआरी कन्याएँ माथे पर कलश लिए जलयात्रा में शामिल हुई।जलयात्रा का शुभारंभ संत के द्वारा विधिवत पूजन के साथ हुआ।वही जलयात्रा में ग्यारह सौ कुँआरी कन्याएं भी शामिल हुई। छगराहा धर्मपुर गांव के समीप महादेव स्थान मठ स्थल पर मद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु महादेव स्थान मठ से होते हुए छपरा बहास,भवानीपुर होते हुए सिकरहना नदी पहुंचे। जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में पवित्र जल भर मठ पर पहुंचे। भक्तगण बैंडबाजों की मधुर धुन पर झूमते हुए चल रहे थे।



भक्ति में डूबे श्रद्धालु आस्था के नारे लगा रहे थे। कथा वाचक पंडित हर्षवर्धन जी महाराज ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की कथा सुनने से लोगों का कल्याण होता है। मनुष्य के जीवन में नई ऊर्जा का संचार भी होता है। भागवत कथा जहां भी हो अवश्य सुनने के लिए जाना चाहिए। कमिटी के अध्यक्ष अखिलेश झा और सचिव भोला साह, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा और कमिटी सदस्यों में ओम प्रकाश साह, कृष्णा यादव, अतिबल साह, परमा साह, सुरेश झा, संजय ठाकुर, मनोज मिश्रा, रमेश राम, दिवाकर ठाकुर सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि भागवत कथा होने को लेकर गांव का माहौल भक्तिमय हो गया है। वही भागवत कथा का समापन 12 मई को होगा।वही अध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि भागवत कथा का होना गांव और पंचायत के लिए सौभाग्य की बात है। भोला साह ने बताया कि श्री मद भागवत कथा का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संत लाडले हषर्वर्धन महराज जी का आगमन हुआ है। आस-पास के क्षेत्र के सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर भागवत कथा का आनंद ले।

# एएसडीएम ने शहरी पीएचसी का किया निरीक्षण, 11 स्वास्थकर्मी रहे नदारद

राष्ट्रीय खबर

**बगहा** : अपर अनुमंडल पदाधिकारी सरफराज नवाज ने गुरूवार के दिन शहरी पीएचसी बगहा-2 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीएचसी में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, चार एनम व सात स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिलें। एएसडीएम ने सबको अपनी कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए।



गुरूवार की सुबह करीब 11 बजे बगहा एएसडीएम सरफराज नवाज शहरी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। इस दौरान सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर चैक किया। उस समय तक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अतुल कुमार राय अनुपस्थित मिले। जिनसे फोन पर बात कर एएसडीएम ने कई दिशा निर्देश दिए तथा उनके द्वारा क्षेत्र के अवैध निजी क्लिनिको पर की जा रही वर्तमान कार्रवाई की जानकारी ली। एएसडीएम ने उपस्थिति पंजी मंगा कर ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान चार एएनएम तथा सात स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी से नदारद मिले। पूछे जाने पर एएसडीम सरफराज नवाज ने बताया कि बीते दिनों वाल्मीकिनगर में विभिन्न अवैद्ध नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अतुल राय मौजूद थे। सभी निजी क्लिनिकों के संचालकों से जल्द ही उनके वैद्य कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया था। जिसके लिए मेरे द्वारा चिकित्सक प्रभारी को निर्देशित किया गया था। कि जो भी अवैध तरीके से निजी क्लिनिक का संचालन कर रहे हैं उन पर कार्रवाई करें। वहीं दूसरी तरफ हरनाटांड़ पीएचसी प्रभारी डॉ अतुल कुमार राय ने बताया कि वाल्मीकिनगर में जांच की गई। अवैद्ध नर्सिंग होम के संचालकों से कागजात की मांग की गई है। उसके लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। क्लिनिक संचालकों के द्वारा उस टीम के पास अपनी-अपनी कागजात प्रस्तुत की जा रही है। प्रस्तुत होने के बाद उन सभी कागजातों को सिविल सर्जन कार्यालय बेतिया भेजा जाएगा। उसमें जांचोंपरांत जो गड़बड़ी मिलेगी उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### जॉय ई-बाईक ने डिस्ट्रीब्यूशन चैनल को सशक्त बनाने के लिए तैयार

राष्ट्रीय खबर

**पटना** : अपने वितरण नेटवर्क को बढ़ाते हुए भारत के अग्रणी दो-पहिया ईवी निमार्ता वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने जिला स्तर पर 150 शोरूम स्थापित करने और अपने डिस्ट्रीब्यूशन-डीलर मॉडल को विकसित करने की घोषणा की है। इन शोरूमों से डिस्ट्रीब्यूटर्स, डीलर्स के लिए आपूर्ति श्रृंखला के प्रभावी प्रबन्धन को सुनिश्चित किया जा सकेगा और उपभोक्ताओं के लिए भी ये वाहन खरीदना अधिक आसान हो जाएगा। वर्तमान में कंपनी के देश भर में 600 टच-पॉइन्ट्स हैं और यह डिस्ट्रीब्यूशन मॉडल अच्छा प्रदर्शन करने वाले तालुका डीलरों को डिस्ट्रिक्ट डिस्ट्रीब्यूटर के अगले स्तर तक प्रोमोट करेगा। कंपनी के प्रबन्धन ने यह फैसला लिया है, जहां डिस्ट्रीब्यूटर बनने का अवसर पहले उन मौजूदा डीलरों को दिया जाएगा जिन्होंने जॉय ई-बाईक को देश का प्रतिष्ठित ब्राण्ड बनने में सहयोग दिया है। डिस्ट्रीब्यूटरों की संख्या जिले की आबादी और मांग पर आधारित होगी। अच्छा प्रदर्शन करने वाले हमारे डीलरों को डिस्ट्रीब्यूटरों के रूप में प्रोमोट किया जाएगा, जो जिला स्तर पर कंपनी के फ्रंटलाईन प्रतिनिधियों के रूप में काम करेंगे। हम अपने प्रोडक्ट्स को अधिक सुलभ बनाना चाहते हैं, ताकि ईवी रूपान्तरण की दिशा में भारत के लक्ष्यों को पूरा करने में योगदान दिया जा सके।

## अरिहन्त

मन से, वचन से, कर्म से, जो करुण है, जो शुद्ध है।
वह राम है, वह कृष्ण है, अरिहन्त गौतम बुद्ध है।।
जिसने अहम् पर, मोह पर पा ली विजय, वह भव्य है।
करके पराजित भीति को जो मुस्कुराये, नव्य है।।
जिसने दिया हो त्याग ईर्ष्या, छल, कपट को हृदय से।
जग रोक सकता है नहीं, उसको कभी दिग्विजय से।।
जो शांतचित है, कभी भी होता नहीं जो क्रुद्ध है।
वह राम है, वह कृष्ण है, अरिहन्त गौतम बुद्ध है।।
है शक्ति जिसमें भक्ति की, जो प्रेम-पारावार है।
जो है तपस्वी, ज्ञात जिसको, जन्म-मृत्यु सार है।।
जो त्याग सकता सृष्टि के हित के लिए निज स्वार्थ को।
जिसने चयन हरदम किया, परहित तथा परमार्थ को।।
अन्याय, शोषण और अत्याचार के जो विरुद्ध है।
वह राम है, वह कृष्ण है, अरिहन्त गौतम बुद्ध है।।
जिसके लिए हर जीव का कल्याण ही शुचि कर्म है।
पशु और पक्षी मित्र जिसके, प्रेम जिसका धर्म है।।
जो मान माता प्रकृति को, सेवा करे, सम्मान दे।
तरु, पुष्प, पौधों की सुरक्षा पर अनुजवत् ध्यान दे।।
जिसके लिए खुल जाए हर शुभ पंथ, जो अवरुद्ध है।
वह राम है, वह कृष्ण है, अरिहन्त गौतम बुद्ध है।।
मानव असुर से क्रूर बन, दुष्कृत्य जब करने लगें।
सज्जन, अधर्मी दुर्जनों से, काँपने, डरने लगें।।
जब अवगुणों से युक्त जन, पा पद-प्रतिष्ठा मुदित हों।
जब ध्वंस लाने के लिए, विषयुक्त कृतियाँ सृजित हों।।
तब देख ऐसी दुर्दशा, जो व्यक्ति होता क्षुब्ध है।
वह राम है, वह कृष्ण है, अरिहन्त गौतम बुद्ध है।।
जो हो दया का सिन्धु, हिंसा रोकने को व्यग्र हो।
दुःख, रोग, पीड़ा दूर करने हेतु रहता अग्र हो।।
असमानता एवं घृणा के भाव से अनभिज्ञ हो।
सिद्धार्थ हो, विद्वान हो, ज्ञानी, विवेकी, विज्ञ हो।।
जो धर्म की रक्षार्थ करता दनुजता से युद्ध है।
वह राम है, वह कृष्ण है, अरिहन्त गौतम बुद्ध है।।



**प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी**
असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग जीबीएम कॉलेज
गया, गया (बिहार)

# सौ वर्ष पार कर चुके स्वतंत्रता सेनानी राजेंद्र प्रसाद सिंह का निधन

**सीएम ने जताया शोक, राजकीय सम्मान के साथ हुई अंत्येष्टि**

राष्ट्रीय खबर

**गया** : देश के आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों से लोहा लेने वाले स्वतंत्रता सेनानी राजेंद्र प्रसाद सिंह का गुरुवार को निधन हो गया। वे गया के वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय के निकट अवस्थित पैतृक गांव मीरगंज में अपने आवास पर सुबह सात बजे बजे अंतिम सांस लिए।

उनकी उम्र एक सौ वर्ष थी। उनके निधन पर वजीरगंज प्रखंड क्षेत्र के गांव- गांव में पूरे दिन मातम पसरा रहा ।उनकी मौत की सूचना पर जिला प्रशासन की ओर से सदर एसडीओ राजेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि शंकर कुमार, अंचल अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार भी घर पहुंचकर उनका अंतिम दर्शन करते हुए श्रद्धांजलि दी।



इसी बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी दूरभाष पर उनके पुत्र उमेश प्रसाद सिंह से बात कर संवेदना प्रकट करते हुए सांत्वना दी तथा पूरे परिवार को भविष्य में नियमानुसार सभी प्रकार के आवश्यक सरकारी सहयोग देते रहने का आश्वासन दिया। फिर पूरे दिन उनका पार्थिव शरीर निजी आवास पर शुभचिंतकों के दर्शनार्थ रखा रहा, जहां जिले भर से लोगों के आने-जाने और श्रद्धांजलि देने का ताता लगा रहा। अंत्येष्टि के लिए अपराहन चार बजे शव यात्रा निकाली गई जिसे उनके कर्मस्थली रहे श्री रामानुग्रह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्रखंड मुख्यालय होते हुए वजीरगंज बाजार में भ्रमण कराया गया।फिर गांव के श्मशान घाट पर संध्या पांच बजे राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की गई। अंत्येष्टि के मौके पर जिला पदाधिकारी डा त्यागराजन एस एम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती के नेतृत्व में उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से जिला पदाधिकारी ने स्वतंत्रता सेनानी के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र समर्पित किया। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी ने जिला पदाधिकारी के नाम का भी पुष्प चक्र अर्पित किया इसके पश्चात वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुष्प चक्र अर्पित किया।

उनके शव यात्रा एवं अंत्येष्टि में पूरे प्रखंड क्षेत्र के तमाम राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के कार्यकताओं सहित जिले भर के कोने-कोने से भारी संख्या में शुभचिंतकों ने भाग लिया। शव यात्रा में तिरंगे के साथ चल रहे युवाओं में गम के साथ आन बान और शान भी दिख रहा था। वे खुद को इनके अंतिम विदाई देते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहे थे कि अपने धरती से निकले आजादी के एक दीवाने को उन्हें कंधा देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

यह बता दें कि राजेंद्र प्रसाद सिंह एक स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ कुशल शिक्षक भी थे। वे अपने गांव में श्री रामानुग्रह उच्च विद्यालय के संस्थापक सदस्य एवं प्रधानाध्यापक भी रह चुके हैं। वे अपने आवास पर गुरुकुल की परंपरा का निर्वहन करते हुए सैकड़ों जरूरतमंद विद्यार्थियों को विद्यालय के बाद रात की पढ़ाई भी कराते रहे। उनका जन्म 8 मार्च 1923 को गया के मीरगंज में हुआ था ।वे महज पंद्रह वर्ष की उम्र में दसवीं कक्षा की पढ़ाई छोड़कर स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई में कूद पड़े थे। वे उस समय गया के टी मॉडल स्कूल के विद्यार्थी थे, जहां के शिक्षक कैलाश बाबू की प्रेरणा से उनके ही दिशा निर्देशन में लड़ाई में शामिल हुए थे।

## शहर >> अपडेट

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो आरोपित

तुरकौलिया, पू च : थाना क्षेत्र के बभनौलिया गांव में एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की मां ने थाना में आवेदन देकर 2 युवकों को आरोपित किया है। आवेदन में उसने बताया है की उसकी पुत्री सरेह में शौच करने गई थी। जहां दो युवकों ने रात के अंधेरे में लड़की को उठाकर सरेह में ले जाकर उसके दुष्कर्म किये। थाना को सूचना देने पर रात में ही गांव में तुरकौलिया पुलिस पहुंच कर तहकीकात किया है। पुलिस पीड़ित लड़की को मेडिकल जांच कराने की प्रक्रिया में जुटी है। थानाध्यक्ष अनील कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# प्रखण्ड क्षेत्र से जुड़े पैक्स अध्यक्षों की हुई समीक्षा बैठक

राष्ट्रीय खबर

सुगौली, पू.च : प्रखण्ड क्षेत्र से जुड़े के पैक्स अध्यक्षों की एक बैठक जिला कोऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक के साथ गुरुवार को सुगौली कोऑपरेटिव बैंक परिसर में हुई। बैठक में पहुँचे प्रबंध निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र में कृषि क्षेत्र के खाताधारियों में अधिकांश का खाता एनपीए हो गया है। जिसके लिए एनपीए खाताधारियों की संख्या कैसे कम हो और केसीसी लोन का अधिक से अधिक वसूली हो सके। केसीसी के ब्याज को माफ कर किसानों से ऋण की मूलधन की वसूली अधिक से अधिक करनी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार के द्वारा किसानों के हित के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है।



सभी पैक्सो को कोऑपरेटिव बैंक के माध्यम से कम्प्यूटराइज किया जा रहा है। इसके लिए प्रथम चरण में 196 समितियों को चयन किया गया है।समितियों को मल्टी सर्विष सेंटर के रूप में विकशित किया जा रहा है। उन्हों ने बताया कि पैक्सों को मजबूत करने और उसके प्रगति के लिए विभिन्न क्षेत्रों से आये पैक्स अध्यक्षों की समस्याओं को भी सुना गया। एक सवाल के जबाब में प्रबंध निदेशक श्री कुमार ने बताया कि किसी भी क्षेत्र के जर्जर या ध्वस्त पैक्स गोदामों के पुनर्निर्माण के लिए स्थानीय पैक्स समिति आईसीपी योजना के तहत उसका मरम्मत या पुनर्निर्माण करा सकती है। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार के द्वारा पैक्स गोदामों की मरम्मती के लिए अभी तक कोई योजना नही आई है,स्थानीय पैक्स समिति के सदस्य आपसी सहमति से राशि उपलब्ध रहने के स्थिति में पैक्स गोदाम की मरम्मती करा सकते हैं। समीक्षा बैठक में जिला कोऑपरेटिव संघ के अध्यक्ष सुदर्शन सिंह,डारेक्टर किशोरी प्रसाद, असेसर बैठा और बिनोद सिंह के साथ स्थानीय पैक्स अध्यक्षों में वाजिद अली,संजीव शर्मा, अभय महतों, अशोक यादव, चंदन सहनी, विश्वविजय सिंह, सतेंद्र झा आदि शामिल थे।

### एएसडीएम ने किया बबुई टोला खेल मैदान की जांच

बगहा : नगर मे स्थित बबुई टोला खेल मैदान का अतिक्रमण कर निर्माण कराए जाने की शिकायत से संबंधित जांच अपर एसडीएम सरफराज नवाज व राजस्व पदाधिकारी कौशिक चौबे ने की। खेल मैदान के पास कराए जा रहे निर्माण कार्य पर स्थल निरीक्षण के दौरान अपर एसडीएम ने रोक लगा दी। उन्होंने निर्माण करा रहे लोगों से जमीन संबंधी आवश्यक कागजात की मांग की। बताते चलें कि डीएम एकेडमी हाईस्कूल का खेल मैदान नगर के बबुई टोला मोहल्ले में है। शिकायत मिली थी कि इस मूल्यवान खेल मैदान का अतिक्रमण कर कतिपय स्थानीय लोग नाजायज ढंग से अपना निर्माण करा रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष प्रसाद ने इस संबंध में स्थानीय अनुमंडल प्रशासन से शिकायत की है।

### आरओबी का कार्य हो गुणवत्तापूर्ण तथा बढ़ाये गति : डीएम

बगहा : बगहा और बेतिया में निमार्णाधीन आरओबी के प्रगति की समीक्षात्मक बैठक पश्चिम चंपारण के जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा जिला कार्यालय प्रकोष्ठ में बुधवार को की गयी। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं संवेदकों से आरओबी निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली गयी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आरओबी निर्माण की गति को बढ़ायी जाय और प्रयास किया जाय कि निर्धारित समय से पूर्व आरओबी का निर्माण पूर्ण हो सके।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से हो, इसे सुनिश्चित किया जाय। निर्माण कार्य में आने वाली समस्याओं का निराकरण त्वरित गति से कराया जायेगा । ताकि आमजन आरओबी से लाभान्वित हो सके। जहां जिला प्रशासन के हस्तक्षेप अथवा सहायता की आवश्यकता हो उसे तत्क्षण बतलाया जाए।

# संतघाट स्थित 'मुक्ति धाम' के जीर्णोद्धार व नव निर्माण को निगम ने 39 लाख रुपए स्वीकृति दी

▶▶ निगम के निर्णय के आलोक में नगर निगम प्रशासन स्तर पर निविदा निकालने की प्रक्रिया तीव्र

राष्ट्रीय खबर

बेतिया : पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित बहुचर्चित नगर निगम की महापौर के हवाले से हमारे सूत्रों ने बताया है कि दशकों से अधूरा पड़े, संतघाट अवस्थित मुक्ति धाम का जीणोर्धार और आवश्यक सुविधाओं का नव निर्माण शीघ्र किया जाएगा। नगर निगम बोर्ड की सर्व सम्मति से स्वीकृति के बाद, उसके निर्माण के लिए निविदा निकालने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। मेयर गरिमादेवी सिकारिया



ने बताया कि स्वीकृत प्राक्कलन के आधार पर मुक्तिधाम के नव निर्माण में कुल 39 लाख की राशि स्वीकृति हो गई है। महापौर ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान सैकड़ों लोगों ने पर्यावरण सुरक्षा मानक का ध्यान रखते हुए मुक्ति धाम के निर्माण की मांग की गई। उन्होंने बताया कि पूर्णतया वैज्ञानिक व्यवस्था के अनुसार मुक्तिधाम का नव निर्माण कराया जायेगा। जिसमें सामाजिक संगठन मुक्ति धाम जीर्णोद्धार समिति के सुभाष रुंगटा के अनुरोध पत्र में शामिल सुविधाओं को भी यथासंभव शामिल किया जाएगा। जिसके अनुसार मुक्ति धाम परिसर की घेराबंदी, सुविधाजनक शव प्लेटफॉर्म, लकड़ी रखने, स्नान करने, स्ट्रीट लाइटों के माध्यम से उत्तम प्रकाश व्यवस्था, प्रसाधन की सुविधा और व्यवस्थित वेटिंग हॉल का निर्माण कराया जाएगा।बेतिया नगर निगम की महापौर ने बताया कि मुक्तिधाम के बड़े आयरन गेट निर्माण के साथ मेन रोड से प्रवेश द्वार तक पीसीसी लिंक रोड का निर्माण किया जायेगा। महापौर ने बताया कि सुरक्षित पर्यावरण निर्माण के लिए योजना के अगले चरण में मुक्ति धाम का विस्तार करते हुए विद्युत शवदाह गृह का निर्माण की पहल की जाएगी।

मुक्तिधाम के निरीक्षण के क्रम में कनीय अभियंता सुजय सुमन, कनीय अभियंता मनीष कुमार, मुक्तिधाम जीर्णोद्धार समिति के रवि गोयनका, टीनू सर्राफ, संजय जैन, सुभाष रुंगटा एवं नगर निगम के अमीन उपस्थित रहे।

# रेलवे एक्ट अप्रेंटिस छात्रों के साथ सौतेला व्यवहार : राजीव रंजन

राष्ट्रीय खबर

मुंगेर : जनता दल यूनाइटेड के गार्डन बाजार स्थित कार्यालय में पार्टी के प्रवक्ता विमलेंदु राय ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लगातार केंद्र सरकार के द्वारा रेलवे एक्ट अप्रेंटिस नौजवानों एवं छात्रों को केंद्र सरकार ठगने का काम कर रही है। विगत दिनों एक्ट अप्रेंटिस के जोनल मैनेजर के पावर से रेलवे में पक्की नौकरी दी जाती थी, लेकिन जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से एक्ट अप्रेंटिस के कुशल नौजवान छात्रों को रेलवे में नौकरी नही मिल रही है। जीएम पावर से सिर्फ 20 प्रतिशत छात्रों को ही रेलवे में नौकरी दी जाएगी। केंद्र सरकार विगत कुछ सालों से यह कोटा भी पूर्ण नहीं कर पा रही है। जबकि हजारों कुशल एक्ट अप्रेंटिस नौजवान छात्र पूरे देश में मौजूद हैं और अब बेरोजगार है।

वही जदयू नेता राजीव रंजन ने कहा कि सिर्फ मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जमालपुर कारखाने से 8500 की संख्या में एक्ट अप्रेंटिस के कुशल नौजवान मौजूद हैं जो दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। कोटा के माध्यम से सीटों को भरा नहीं जा रहा है, इसके बावजूद बाकी बची सीटों पर जनरल कोटा से अनट्रेंड छात्रों को रेलवे में समायोजित किया जा रहा है। आरक्षण के प्रावधानों को भी पूरी तरह से अनदेखी की जा रही है। इसका मतलब है कि केंद्र सरकार इस देश से धीरे-धीरे आरक्षण को समाप्त करने पर तुल गई है।



एक तरफ कोटा के माध्यम से सीटों को घटाना तो दूसरी तरफ 2019 के बाद रेलवे में कोई भी वैकेंसी नहीं लेना छात्र हित की अनदेखी है। केंद्र सरकार सिर्फ प्रचार प्रसार में व्यस्त है, छात्रों की समस्या से केंद्र सरकार का कोई लेना देना ही नहीं रह गया है। पिछले साल लोकसभा में सांसद सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने सदन में एक्ट अप्रेंटिस के छात्रों के लिए केंद्र सरकार से एक केंद्रीय स्तर पर नीति तैयार करने एवं सभी एक्ट अप्रेंटिस के कुशल नौजवानों को विभिन्न जोनों में चरणबद्ध चरणों में समाहित करने की नीति तैयार करने का आग्रह किया था। लेकिन अभी तक केंद्रीय स्तर पर कोई नीति तैयार नहीं हो पाई है, सिर्फ एक्ट अप्रेंटिस के लिए 20% कोटा का एक प्रावधान किया गया।

# लोजपा के पंचायती राज प्रकोष्ठ की हुई बैठक

राष्ट्रीय खबर

मुंगेर : लोजपा (रामविलास) के पंचायती राज प्रकोष्ठ की संगठनात्मक कार्य की समीक्षा बैठक लोजपा (रामविलास) कार्यालय में हुई। अध्यक्षता लोजपा (रामविलास) के पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष देवदत्त पासवान ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इंदिरा देवी एवं जिला अध्यक्ष विनय कुमार गुड्डू उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि इंदिरा देवी एवं विनय कुमार गुड्डू ने कहा कि बिहार में पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों के शक्तियां का हनन किया जा रहा है। वार्ड सदस्यों एवं मुखिया जनप्रतिनिधियों को कई कार्य शक्तियों से शक्ति विहीन किया गया है। इन जनप्रतिनिधियों का बिहार सरकार को सुरक्षा का ख्याल नहीं है। कई योजनाओं को जनप्रतिनिधियों के अधिकार से हटाकर टेंडर में दिया जा रहा है।



जिससे त्रिस्तरीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों में बिहार सरकार के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है'ऐसे जनप्रतिनिधियों को चिन्हित कर लोजपा (रामविलास) में जोड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करने की बात की गई । बैठक में निर्णय लिया गया कि जनप्रतिनिधियों के मान सम्मान के लिए लोजपा (रामविलास) हमेशा संघर्ष करने का काम करेगी।

बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के मिशन को आगे बढ़ाना है' संगठन का विस्तार पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक करें। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाते रहे।

बैठक में रीना देवी, मीना शर्मा, उर्मिला देवी, सुमन देवी ,दीपक कुमार, उज्जवल कुमार, दिनेश पासवान, दीपक राही, शत्रुघ्न पासवान, अमरनाथ शर्मा, विशाल कुमार, गौरव कुमार, प्रमिला देवी, रितेश कुमार, शिवम कुमार, रूपेश कुमार, निकेश कुमार, विशाल कुमार रंजय कुमार सहित अन्य थे।

# धर्म सभा मे उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



राष्ट्रीय खबर

बेतिया : वाल्मीकि हरिहरनाथ मुक्तिनाथ सांस्कृतिक रथ यात्रा सह धर्म सभा मे पहुंचे रथ तथा आगंतुकों का स्वागत धर्म सभा में भव्य रूप से किया गया। धर्म सभा मे मंच साझा करने वालों में बेतिया सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल, बेतिया विधायक रेणु देवी, चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, बेतिया नगर निगम की उपमहापौर गायत्री देवी, भाजपा के युवराज राहुल कुमार मुख्य हैं। मंच संचालन धर्म जागरण समन्वय विभाग के विनीत गुप्ता ने किया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विनय तिवारी ने की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक राज किशोर प्रसाद, नगर नगर कार्यवाह वसंत राव भुसारी, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सोनी, संरक्षक विनय कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बेतिया जिला प्रचारक नीतीश कुमार, चुन्नू श्रीवास्तव, प्रमोद सिंघानिया, सुभाष रुंगटा, डॉ मंजू, चौधरी दिवाकर राय लोगों ने बारी बारी से इस सांस्कृतिक यात्रा के महत्ता पर प्रकाश डाला। इस धर्म सभा के समाप्ति के तुरंत बाद शहर के कोने-कोने से आए, श्रद्धालुओं ने रथ का दर्शन और पूजन किया। कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुओं ने सागर पोखर के तट पर आयोजित महा आरती में भाग लिया।

# ऑल इंडिया एजुकेशनल फाइनेंसियल क्विज में कुमारबाग के विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया : मेरी एडलीन

राष्ट्रीय खबर

बेतिया : पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत राजकीयकृत गणेश प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चनपटिया में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया पटना ने अखिल भारतीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

उपर्युक्त प्रतियोगिता में जिला के तीन प्रखंड चनपटिया, सिकटा और मैनाटाड़ के चयनित विद्यालयों के 8 वीं, 9 वीं और 10 वीं कक्षा के विद्यार्थी शामिल हुए। जिला शिक्षा कार्यालय बेतिया के जिला समन्वयक ओमप्रकाश गिरी ने बताया कि प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता में उत्क्रमित मा वि लौकरिया के विद्यार्थी प्रथम, राजकीय+2 उच्च विद्यालय कुमारबाग के विद्यार्थी द्वितीय स्थान और उत्क्रमित मा. विद्यालय जैतिया के विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कुमारबाग विद्यालय की नोडल शिक्षिका ने कहा कि बैंक



बहुत ही अच्छी पहल की गई है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को बैंक से सम्बंधित कई प्रकार की जानकारी मिल रही है। पुरस्कार और सर्टिफिकेट पाने से बच्चों में प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्सुकता भी बढ़ रही है। लीड बैंक प्रबंधक सतीश कुमार ने बताया कि प्रथम स्थान के विजेता को 5000, द्वितीय स्थान के विजेता को 4000 और तृतीय स्थान के विजेता को 3000 रुपये विजेता राशि प्रदान किया गया। परीक्षा केंद्र पर आरबीआई से शेष चौधरी, सहायक प्रबंधक सुमित वत्स, एवं सुधांशु झा की देख-रेख में यह परीक्षा संपन्न हुई। सभी प्रखंड के विद्यालयों से नोडल शिक्षक- शिक्षिका, परीक्षा केंद्र के प्रधानाध्यापक राजेश वर्मा, शिक्षक संतोष आनंद, अजय पटेल, नवीन कुमार, संजीव कुमार, गोविंद प्रसाद, सीमा कुमारी, सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# नौतन प्रखंड-अंचल पर अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा का प्रदर्शन

## सभी गरीबों को 10 डीसमील आवास जमीन देने और स्वयं सहायता समूह व सभी कर्ज माफ करने की मांग

▶▶ शराबबंदी कानून अंतर्गत जेल में बंद सभी उत्पीड़ित गरीबों को रिहा करें सरकार

▶▶ प्रखण्ड अधिकारी को 11 सुत्री मांगों को प्रधानमंत्री- मुख्यमंत्री के नाम सौपी ज्ञापन

राष्ट्रीय खबर

नौतन : नौतन अंचल- प्रखण्ड कार्यालय पर अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा ने धरना प्रदर्शन किया। उपर्युक्त सभा को सम्बोधित करते हुए, भाकपा-माले नेताओं ने कहा कि देश के गरीबों की आमदनी पिछले 5 वर्षों



में 40 प्रतिशत कम हुई है। कमरतोड मंहगाई, विशेष खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने गरीबों को एकबार फिर से गोइठा और लकड़ी के युग में लौटा दिया है। इस सबके बीच केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण विकास योजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं में भारी कटौती कर दी है। मनरेगा को मारने की कोशिश चल रही हैं। मनरेगा मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी 429 रुपए भी देने से मना कर दी है। बिहार में सबसे कम मनरेगा मजदूरी है, उन्होंने वृद्धों विकलांगों महिलाओं का पेंशन 3000 रुपए देने की मांग किया। नेताओं ने कहा कि दलित-गरीबों के लिए वास-आवास के लिए 10 डीसमील जमीन देने की बदले भाजपा सरकार गरीबों के घरों पर बुलडोजर चला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी अनधिकृत बस्तियों और भूमिहीनों का मुकम्मल सर्वे के आधार पर नया वास आवास कानून सरकार बनाये और 10 डीसमील जमीन देने की गारंटी करें।

इनौस के नेताओं ने कहा कि गरीबों के घर बिजली कम्पनी मनमानी तरिके से बिजली बिल भेज रहीं है, जिसपर तत्काल रोक लगाये। दिल्ली- पंजाब के तर्ज पर बकाया बिजली बिल माफ करते हुए उन्हें 200 यूनिट फ्री बिजली दे सरकार। उन्होंने कहा कि दलित- गरीबों महिलाओं और बच्चियों पर बढ़ते हमले के प्रति सरकार असवेदनशील है! गरीबों का भुख, गरीबी और कर्ज के दुष्चक्र में फंसकर आत्महत्याओं का दौर शुरू हो गया है, लेकिन यह प्रश्न सरकार की चिंता में शामिल नहीं है। शराबबंदी कानून अंतर्गत जेल में बंद गरीबों को रिहा करने की मांग को दुहराया, अंत में माले के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल के सीओ से मिल कर ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन में नवीन कुमार, सुरेंद्र चौधरी, फरहान रजा ललन पासवान, दोधारी महतों, मंसूर खान, रमेश्वर यादव, श्रवण राम, रविन्द्र राम, बसंती महतों, सुरेन्द्र राम, छठिया देवी गुलाबी देवी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व सुरेन्द्र चौधरी किया माले नेता ने किया।

# प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में 11वीं की परीक्षा शुरू



राष्ट्रीय खबर

बगहा : शहर के प्लस टू प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में बुधवार से छात्राओं की 11वीं की जांच परीक्षा शिक्षकों की देख रेख में कदाचारमुक्त शुरू हुआ जो 17 मई तक चलेगा। उक्त जानकारी विद्यालय प्राचार्य डॉ आनंद मोहन ने दी और उन्होंने बताया कि बिहार इंटरमीडिएट काउंसिल के निर्देश पर तिथि निर्धारित किया गया था, जिसके आलोक में परीक्षा शुरू किया गया है।

उक्त परीक्षा में सभी छात्राओं को उपस्थित रहना अनिवार्य है । परीक्षा के प्रथम दिन भौतिकी विज्ञान सोशलॉजी और लेखाशास्त्र की परीक्षा हुई। भौतिक विज्ञान में कुल 82, सोशलॉजी में 55 व लेखाशास्त्र में 22 छात्राएं उपस्थित रही। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा अत्यंत ही आवश्यक है वगैरह इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्राओं को वर्ष 2024 की परीक्षा में शामिल होने का मौका नहीं मिलेगा।

शहर >> अपडेट

## पिपरासी में 10 से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित

**बगहा/पिपरासी :** पिपरासी प्रखंड क्षेत्र में अगले 8 दिनों तक दिन में 10:00 बजे से लेकर दोपहर 3:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए पिपरासी बिजली विभाग के कनीय अभियंता आदित्य राज ने बताया के 33केवी मधुबनी से पिपरासी लाइन का मेंटेनेंस कार्य सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक अगले 8 दिनों तक किया जाएगा। जिसके कारण पिपरासी प्रखंड के सभी पंचायतों में 10:00 बजे से लेकर दोपहर 3:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।

# महिला खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ प्रतिवाद मार्च

## ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआई केकेएमएस) लोकल कमेटी संग्रामपुर (मुंगेर) द्वारा प्रतिवाद मार्च निकाला गया

राष्ट्रीय खबर

**संग्रामपुर :** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआई केकेएमएस) अखिल भारतीय कमेटी द्वारा महिला खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ जंतर मंतर पर चल रहे धरने के समर्थन में अखिल भारतीय प्रतिवाद दिवस के आह्वान पर सैकड़ों कार्यकताओं ने संग्रामपुर मोड़ से प्रतिवाद मार्च शुरू कर बाजार के सभी मार्गो से गुजरते हुए चौक पर आकर सभा आयोजित की। जुलूस में बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को पोस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार करो, महिला पहलवानों के न्याय के लिए संघर्ष में उनका साथ दो, आदि गगनभेदी नारे लगाए जा




रहे थे। जुलूस का नेतृत्व एआई केकेएमएस लोकल कमेटी सचिव सुधीर यादव एवं अध्यक्ष उत्तम दास संयुक्त रूप से कर रहे थे। गली व आसपास के लोग जुलूस को देखने घरों से बाहर आकर जुलूस में शामिल कार्यकताओं के साथ अपनी एकजुटता का इजहार कर रहे थे।

मौके पर मौजूद एआई के-केएमएस के बिहार राज्य सचिव कृष्ण देव साह ने कहां की यह महिला पहलवान गांव से लेकर शहर तक की लड़कियों को खेल-जगत मैं आने का हौसला देती है और उनके लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। जब यही खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर मेडल जीते हैं तो माननीय प्रधानमंत्री एवं उनके मंत्री अपने राजनीतिक फायदे के लिए क्रेडिट लेने से नहीं चूकते हैं किंतु जब वही खिलाड़ी अपने साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन करते हैं तो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार उनकी जायज मांगों पर ना कोई ध्यान देती है और ना ही कोई सुनवाई करती है। केवल इसलिए कि आरोपी उनकी ही पार्टी के सांसद हैं। जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्म की बात है। सभा को किसान नेता भरत मंडल ने संबोधित करते हुए कहां इन खिलाड़ियों को न्याय मिलने तक इनके आंदोलन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमारा संगठन खड़ा रहेगा। सभा को एस यू सी आई कम्युनिस्ट के लोकल कमेटी सचिव रंजीत राम, ए आई डी वाई के सिंटू कुमार, नारायण यादव, गंगा मंडल, सुधीर मंडल, संतोष दास, मंटू यादव, सच्चिदानंद मंडल, आदि ने भी संबोधित किया।

## चेचक के रोकथाम को चल रहा विशेष टीकाकरण अभियान

**मधुबनी :** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 1 महीने से चेचक का प्रकोप काफी बढ़ गया है। जिसको लेकर प्रखंड क्षेत्र में लगातार टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है इसी दौरान गुरुवार प्रखंड के चिउराही पंचायत के वार्ड नंबर 3 में चेचक रोधी टीकाकारण विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में शामिल 3 सदस्यीय टीम का नेतृत्व कर रहे मधुबनी पीएचसी के बीएचएम हीरामन चौधरी ने बताया कि विशेष अभियान के तहत 5 वर्ष से 9 वर्ष तक के 85 बच्चों का टीकाकरण किया गया। वही चिउरही पंचायत के मुखिया विजय यादव ने बताया कि पंचायत के तीन नंबर वार्ड में चेचक का काफी प्रकोप बढ़ गया है। जिसको देखते हुए उसकी सूचना पीएचसी प्रभारी को दी गई। मधुबनी पीएचसी से बीएचएम हीरामन चौधरी के नेतृत्व में 3 सदस्यीय टीम पंचायत के तीन नंबर वार्ड में पहुंचकर टीकाकरण किया। उन्होंने अभियान में शामिल कर्मियों से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहे। इस पर विशेष देना ध्यान देना है। टीकाकरण के दौरान छोटेलाल गद्दी, सफायत गद्दी, बिंदा देवी, एएनएम व आशा कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

## नामांकन के दुसरे दिन एक एनआर रसीद कटा

**भितहा :** पंचायत उपचुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन मात्र एक एन आर रसीद काटा गया है। जिसकी जानकारी देते हुए निर्वाचित पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी पन्नालाल ने बताया कि आज तक एक भी नामांकन नहीं हुआ है। आज मात्र सेमरवारी पंचायत के लिए एक एन आर सरपंच के लिए कटवाया गया है। नामांकन प्रक्रिया 9 मई तक चलेगी। जिसके लिए सारी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त कर ली गई है।

# दिव्यांगजनों को मिली बैट्री चालित ट्राईसाईकिल

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी पू चं :** मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना अंतर्गत 51 दिव्यांगजनों को बैट्री से चलने वाली ट्राईसाईकिल हेलमेट के साथ प्रदान की गई। ज्ञातव्य हो कि इस योजना अंतर्गत पूर्वी चम्पारण जिलें को 2022- 23 में 353 बैट्री चालित ट्राईसाईकिल आवंटित करने का लक्ष्य प्राप्त था, जिसे जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे गठित जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति द्वारा शत प्रतिशत स्वीकृति दी गयी है। वितरण समारोह का आयोजन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बुनियाद केन्द्र एवं दिव्यांगजन



सशक्तिकरण कोषांग के सभी कर्मीगण मौजूद रहे।

दिव्यांगों के चेहरे पर देखी गई खुशी : सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारकर दिव्यांगजनों के राह को आसान किया जा रहा है। सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना के तहत बैट्री चालित ट्राईसाईकिल उपलब्ध करायी जा रही है। बैट्री चालित ट्राईसाईकिल के प्राप्त हो जाने से दिव्यांगजनों को रोजगार में आसानी हो जाएगी तथा अपने कार्यस्थल पर आसानी से पहुँच सकेंगे। बैट्री चालित ट्राईसाईकिल पाने वाले दिव्यांगों में गुड्डु सहनी, महताब आलम, देवेन्द्र झा, नीरज, कुमार आदित्य, मो आलमगीर, लालबाबू कुमार, सतीश कुमार ठाकुर, मिन्दु कुमार, नीरज गुप्ता इत्यादि है।

# उत्तर बिहार का हार्डकोर 5 लाख का इनामी नक्सली राजन अपने साथी सहित गिरफ्तार

**करीब 40 मामलों में वांछित था आरोपी एसटीएफ व पुलिस के सहयोग से मिली सफलता**

**दो एके-47, 50 कारतूस, पांच मैगजीन तथा 50,000 नगद हुआ जप्त।**

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** बिहार एसटीएफ व पुलिस की टीम को बड़ी सफलता मिली है जिसमें पाँच लाख रुपये के इनामी कुख्यात नक्सली राम बाबू राम उर्फ राजन उर्फ प्रहार उर्फ निखिल तथा रामबाबू पासवान उर्फ धीरज को खुफिया सूत्रों के आधार पर गंडक दियारे से भारी मात्रा में हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

बेतिया डीआईजी जयकांत



जयंत ने बगहा पुलिस अधीक्षक के कार्यालय मे संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बताया की गुरुवार को बिहार एसटीएफ के विशेष दस्ता के द्वारा उत्तर बिहार पश्चिम जोनल कमेटी के सचिव एवं बिहार सरकार के द्वारा वर्ष 2013 से घोषित पाँच लाख रुपये के इनामी कुख्यात वांछित नक्सली राम बाबू राम उर्फ राजन उर्फ प्रहार उर्फ निखिल साकिन कृष्णानगर टोला,पोस्ट बंजरिया कौड़िया थाना मधुबन जिला पूर्वी चंपारण एवं उसके दस्ता का जोनल कमांडर रामबाबू पासवान उर्फ धीरज पिता योगेंद्र पासवान तरियानी छपरा, जिला शिवहर को सारण जिला के अंतर्गत गंडक दियारा क्षेत्र से छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। इनके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर अपर पुलिस अधीक्षक अभियान बगहा के सहयोग से बगहा जिला के लौकरिया थाना अंतर्गत बाल्मीकि नगर छापामारी कर स्वचालित प्रतिबंधित हथियार बरामद किया गया। इस संबंध में बगहा पुलिस जिला के लौकरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। डीआईजी ने बताया कि नक्सलियों के पास से दो एके 47 बंदूक, पांच मैगजीन, 460 जिंदा कारतूस व नगद 50 हजार रुपये बरामद की गयी है।

विदित हो कि गिरफ्तार नक्सली राजन के द्वारा के सदस्यों के साथ मिलकर पूर्वी चंपारण जिला के मधुबन ब्लाक, थाना व मधुबन एसबीआई बैंक में विध्वंसक घटना कारीत की गई थी जिसमें बैंक गार्ड की हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा के सदस्यों के साथ मिलकर वर्ष 2013 में मुजफ्फरपुर जिला के देवरिया थाना अंतर्गत विधायक प्रतिनिधि भोला सिंह की हत्या एवं वर्ष 2018 में बगहा जिला अंतर्गत मलकौली पंचायत के पुर्व मुखिया मनोज कुमार सिंह पर हमला कर उनकी हत्या कर दी गई थी। वर्ष 2019 में गया जिला के लुटुआ थाना क्षेत्र के पुलिस पार्टी पर घात लगाकर हमला किया जिसमें कोबरा के एक एस आई की मृत्यु हो गई थी। 2020 में लौकरीया थाना क्षेत्र में पुलिस व एसटीएफ के संयुक्त आपरेशन में 4 नक्सली सदस्य मारे गए थे। जहाँ से फरार होने में राजन सफल रहा।

# एमआईटी-डब्ल्यूपीयू ने लॉन्च किया दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म स्कूल

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** भारतीय सिनेमा के पितामह दादासाहेब फाल्के की 153वीं जयंती पर एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी ने महाराष्ट्र के शिक्षा क्षेत्र में अपनी 40$ साल की विरासत के नवीनतम संस्थान दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म स्कूल (डीपीआईएफएस) का अनावरण किया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध फिल्म व्यक्तित्व नाना पाटेकर और प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता अभिजीत पांसे ने भाग लिया, जो डीपीआईएफएस के रचनात्मक निदेशक के रूप में काम करेंगे। आयोजन के अवसर पर, एमआईटी-डब्ल्यूपीयू ने फिल्म निर्माण का एक नया अंडरग्रेजुएट ऑनर्स प्रोग्राम लॉन्च किया। निर्देशन, अभिनय, छायांकन और ध्वनि डिजाइन में विशेषज्ञता के साथ, यह कार्यक्रम एक तरह की पेशकश होने का



वादा करता है जहां फिल्म और थिएटर के प्रमुख दिग्गज छात्रों को अपने जुनून को पेशे में बदलने के लिए मार्गदर्शन करते हैं।

दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म स्कूल में इसके सलाहकार के रूप में क्षेत्र के कई दिग्गज हैं, जिनमें श्याम बेनेगल, प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता, वामन केंद्रे, पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, स्नेहा खानवलकर, संगीतकार, साथ ही एफटीआईआई और एनएसडी के कई वरिष्ठ संकाय सदस्य शामिल हैं। एमआईटी-वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में मीडिया और संचार विभाग के निदेशक, फिल्म निमार्ता, लेखक, कलाकार और लोकसभा टीवी के पूर्व कार्यकारी निदेशक धीरज सिंह दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म स्कूल के निदेशक के रूप में काम करेंगे। इस कार्यक्रम में, उन्होंने फिल्म स्कूल का संबंध डाम्म्त के ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस से साझा किया, जिसकी विरासत चालीस वर्षों से अधिक है। उन्होंने कहा, मैं यह साझा करना चाहता हूं कि दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म स्कूल राहुल कराड की दूरदर्शिता की अभिव्यक्ति है। यह पुणे में एक स्कूल बनाने का उनका सपना है जो उच्च लक्ष्य रखता है, बड़े सपने देखता है, और भविष्य के फिल्म निमार्ताओं को अपनी संस्कृति में मजबूत जड़ें बनाना चाहता है। कला सिनेमा के शिल्प और मुख्यधारा की फिल्मों के वाणिज्य को एक साथ लाते हुए, डीपीआईएफएस हाथ से सीखने और जीवन भर की सलाह पर ध्यान देने के साथ क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्म शिक्षा को सुलभ बनाएगा। दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म स्कूल अब आवेदन स्वीकार कर रहा है।

# मरीजों को कम खर्च में दर्द से राहत एवं निजात दिलाना हमारा मुख्य उद्देश्य : डॉ0 गोपाल

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी, पू चं :** शहर के ज्ञान बाबू चौक से दक्षिण मिस्कॉट में जन सेवा फिजियोथेरेपी एवं दर्द निवारण केन्द्र (अर्थो, स्पाइन केयर एण्ड पेन रिलीफ सेन्टर) का उदघाटन जिले के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ० कुमार सौरभ, एवं क्लिनिक के संस्थापक के पिता समाजसेवी रामाशंकर सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया।

इस अवसर पर जानकारी देते हुए निदेशक डॉ० गोपाल कुमार सिंह ने बताया कि सेवा के उद्देश्य से हमारे क्लिनिक में साईटिका, कमर दर्द , गर्दन दर्द, कंधा जाम होना, घुटना के दर्द, जोड़ों के दर्द, नस दबना, प्लास्टर कटने एवं हड्डी के ऑपरेशन के बाद जोड़ों के जकड़न की समस्या, लिगामेन्ट की समस्या, स्पाइन की समस्या का आधुनिक मशीनों के सहायता से सफल ईलाज की सुविधा के साथ कम खर्च में मरीजों को दर्द से



राहत एवं निजात दिलाना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

इस मौके पर न्यूरो सर्जन डॉ० प्रदीप कुमार, उप मेयर डॉ० लालबाबू प्रसाद, डॉ० संगीता कुमारी, डॉ० सुशील कुमार, डॉ० सतीश श्रीवास्तव, डॉ० नवीन श्रीवास्तव, डॉ० दिनेश जयसवाल, डॉ० गोपाल सिंह, रामाशंकर सिंह, समाजसेवी सह युवा नेता गोविन्द सिंह, श्याम किशोर सिंह, आदित्य कुमार सिंह, सत्यप्रकाश मनोरंजन, अजय जयसवाल, मनीष राज, रितेश सिंह, आर एल सिंह, भाग्यनारायण ठाकुर, अपर्णा प्रसाद, रश्मि सिंह, स्वेता सिंह, जितेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, सोनू सिंह, अमित सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अंचल प्रशासन द्वारा अग्नि पीड़ितों के बीच हुआ राहत सामग्री का वितरण

**भितहा :** अंचल प्रशासन द्वारा बुधवार के शाम को ही परसौना पंचायत में हुए अग्निकांड पीड़ितों के बीच पॉलिथीन वगैरह राहत सामग्री का वितरण सीओ अबू अफसर और मुखिया भोला साह के उपस्थिति में की गई । वही सीओ ने बताया कि सभी अग्नि पीड़ित परिवार को चिन्हित कर लिया गया है सभी लोगों को सरकार द्वारा मिलने वाली आर्थिक सहायता आपादा प्रबंधन के माध्यम से मुहैया कराई जाएगी । वही परसौना पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी अग्नि पीड़ित परिवारों को मुखिया के तरफ से भी राहत सामग्री दी गई है । साथ ही साथ सभी पीड़ित परिवारों का सनहा दर्ज कराते हुए उन्हें सरकार से मिलने वाली सारी सहायता मुहैया कराई जाएगी।

# विदेशी शराब बरामद , 2 बाइक सहित 2 तस्कर गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**तारापुर :** पुलिस को संध्या गश्ती के दौरान बाइक से 3 तस्कर भारी मात्रा में विदेशी शराब लेकर खडगपुर की ओर जाते दिखे। गश्ती में शामिल एस आई अजितेंद्र कुमार, पी एस आई उज्ज्वल कुमार, पी टी सी कुमार रविंद्र सहित पुलिस बल शामिल थे। एस आई अजितेंद्र कुमार ने बताया कि अपने वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार गंगटा पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया जिसके बाद वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी गई। वाहन चेकिंग के दौरान तारापुर की ओर से आ रही दो अपाचे बाइक पर सवार चालक पुलिस को देखते ही गाड़ी घुमा कर भागने का प्रयास



किया। जिसके बाद पुलिस बल के सहयोग से काले रंग के अपाचे बाइक पर सवार दोनो तस्कर को खदेड़ कर पकड़ा गया। उजले रंग के बाइक पर सवार तस्कर को पकड़ने का प्रयास किया मगर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जिसके बाद पकड़े गए दोनो व्यक्ति से नाम पूछने पर चालक ने अपना नाम सुनील माँझी एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम बजरंगी माँझी बताया जो दोनो खडगपुर थाना क्षेत्र के सितुहार गाँव का रहने वाला है और उजले अपाची पर सवार ब्यक्ति का नाम रंजन चौधरी जो खडगपुर थाना क्षेत्र के सिमपुर गाँव का है। जिसके बाद दोनो के बाइक पर टंगे झोले एवं तस्कर के हाथ में झोले का विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में बजरंगी मांझी के हाथ में पकड़े झोले से माउंटेन ओक व्हिस्की 180 एम एल का 45 बोतल एवं उजले अपाची में टंगे बैग से इकॉनिक्स वाइट व्हिस्की 750 एम एल का 05 बोतल बरामद हुआ, कुल विदेशी शराब 11.85 लीटर बरामद हुआ जिसके बाद दोनों व्यक्ति से पूछताछ में कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला, ना ही गाड़ी का कागज प्रस्तुत किया जिसके बाद बरामद शराब एवं दोनो गाड़ी सहित 2 तस्कर को गिरफ्तार कर थाने लाया गया एवं कागजी कारवाई पूर्ण कर न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया है।

# चालू वित्तीय वर्ष अन्तर्गत नगर टैक्स पर लिए जा रहे अतिरिक्त ब्याज से मुक्त किया जाए : मधुरेन कुमार

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू. च :** नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को जन जागरण मंच के सचिव मधुरेन कुमार,अध्यक्ष ऐनुल हक एवं सदस्य आनन्द प्रसाद ने संयुक्त रूप से एक पत्र देकर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रौशन कुमार से आग्रह किया है कि चालू वित्तीय वर्ष अन्तर्गत नगर टैक्स पर लिए जा रहे अतिरिक्त ब्याज से मुक्त किया जाए।साथ ही नगर पंचायत के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं सभी वार्ड पार्षदों का ध्यान आकृष्ट करते हुए पत्र में उल्लेखित किया है कि वित्तीय वर्ष अन्तर्गत 16 सितम्बर से लेकर 31 मार्च तक नगर टैक्स जमा किए जाने पर 1% से शुरू होकर 9% तक अतिरिक्त ब्याज ब्रिटिश शासन काल की तरह गुलामों से जबरन वसुल की जा रही है जो सर्वथा अनुचित है। जनहित में यह



प्रावधान खत्म होना चाहिए। इसके लिए नगर पंचायत वासियों का भी यह कर्तव्य बनता है कि वे अपने अपने वार्ड पार्षदों पर दबाव बनावे कि वे नगर पंचायत के बैठक में इस प्रस्ताव को बुलंदी से उठावें। जन जागरण मंच के सचिव मधुरेन कुमार ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष अन्तर्गत 01अप्रैल से 15 जून के बीच टैक्स जमा करने पर 5% की छूट देने के प्रावधान से लगभग 80% नगर वासी अनभिज्ञ है। इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा माईकिंग कराकर नगर पंचायत वासियों को जागरूक करने की जरूरत है। इससे नगर पंचायत एवं नगर वासी दोनों लाभान्वित होंगे।

## संपादकीय

# दिल्ली पुलिस की हरकत पड़ेगी सरकार पर भारी

दिल्ली पुलिस ने कल रात जिस तरीके से जंतर मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों ने साथ व्यवहार किया, उसकी कोई प्रतिक्रिया नहीं होगी, यह सोचना ही गलत है। एक अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट को निर्देश देना पड़ा और एफआईआर दर्ज होने के बाद भी वह भाजपा सांसद गिरफ्तारी तो दूर लगातार बयानबाजी में लगा रहे हैं, यह देश में चली रही बदइंतजामी की पराकाष्ठा ही तो है। दूसरी तरफ बारिश में अगर पहलवानों के लिए चारपाई का इंतजाम हो रहा है तो पुलिस तुरंत न सिर्फ सक्रिय हो रही है बल्कि वहां शक्ति प्रदर्शन भी कर रही है। इस बात पर कोई क्या सफाई दे सकता है कि चारपाई रोकने से तो आसान तरीका आरोपित सांसद के खिलाफ कार्रवाई करना था, जिसे पुलिस नहीं कर पायी है। इसके अंदर से जो सवाल पैदा हो रहा है, वह मामूली बात नहीं है। कहा जाता है कि भाजपा में सिर्फ नरेंद्र मोदी और अमित शाह की अंतिम निर्णायक हैं। लेकिन उत्तरप्रदेश का एक सांसद उन्हें भी औकात दिखा रहा है और



राजनीतिक स्वच्छता की बात करने वाले नरेंद्र मोदी मौन है। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रमुख के खिलाफ दो प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने के लिए दिल्ली पुलिस को चार महीने के विरोध प्रदर्शन, एक समिति के गठन और सुप्रीम कोर्ट में एक मामला दायर करने का समय लगा है। सात महिला पहलवानों, जिनमें से एक अवयस्क है और उनमें से कई पदक विजेता खिलाड़ी हैं, ने महासंघ के अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न और शोषण का आरोप लगाया है। प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर होड़, जो किसी अपराध के घटित होने की संभावना को दर्ज करने का पहला कदम है, सरकार द्वारा इस संभावना के इर्द-गिर्द गोलमाल चलता है, और अनुशासनहीनता के लिए पीड़ितों को शर्मिंदा करने का प्रयास कार्यस्थल पर पाठ्यपुस्तक की प्रतिक्रियाएं हैं यौन उत्पीड़न, देश आखिर किस ओर जा रहा है। पितृसत्तात्मक समाजों और संस्थानों द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायतों को लपेटे में रखने के लिए देरी, शर्म और चुप्पी उन उपकरणों में से हैं। बार-बार, उपाख्यानों, रिपोर्टों और अध्ययनों में, यह उभर कर आता है कि जो महिलाएं इसकी रिपोर्ट करने की कोशिश करती हैं उन्हें बताया जाता है कि उनके अनुभव उत्पीड़न के बराबर नहीं थे, कि उनसे पहले की महिलाओं ने उसी और बदतर का सामना किया था, कि उन्हें ध्यान आकर्षित नहीं करना चाहिए खुद से, कि उन्हें बस चुपचाप चीजों को सुलझाना चाहिए, या कि उन्हें संकटमोचक नहीं होना चाहिए। पीड़ितों की इस चुप्पी में हम सभी सहभागी हैं, जो अपराधियों के लिए एक सुरक्षित आश्रय बनाता है। यह बेहद असंभव है कि इन खिलाड़ियों ने, जिनमें से कुछ नाबालिग हैं, सुर्खियों में आने से पहले उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की शिकायत नहीं की थी। उनकी शायद नहीं सुनी गई। और अब, वे एक सार्वजनिक स्थान पर हैं, खुद पर ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं - जिसे भारत में बड़े पैमाने पर महिलाओं के लिए बहुत ही निर्लज्जता के रूप में देखा जाता है। महिलाओं से अपेक्षा की जाती है कि वे एडजस्ट करें और इसे सहन करें, न्याय मांगने के लिए सार्वजनिक रूप से न जाएं। हमेशा एक महत्वपूर्ण बिंदु होता है, एक बिंदु जब क्रोध, दुःख और मोहभंग एक साथ आते हैं और लोगों को जड़ता से कार्रवाई करने के लिए मजबूर करते हैं। यह विरोध 2004 में मणिपुर की आठ महिलाओं के विरोध के समान है, जिन्होंने सेना द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद मनोरमा थंगजाम की नृशंस हत्या के विरोध में इंफाल में कंगला किले के बाहर कपड़े उतारे थे। परिस्थितियाँ भिन्न हो सकती हैं, लेकिन अंतर्निहित क्रोध समान है। महत्वपूर्ण रूप से, यह राजनीतिक सत्ता के खिलाफ एक विरोध है जो अत्यधिक अन्याय सहने वाले लोगों को बौना बना देता है। जनवरी में, खिलाड़ियों ने अपने विरोध को अराजनीतिक रखा था, और जब उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया गया तो वे पीछे हटने को तैयार हो गए। अब माहौल फिर से गरमाया तो सत्ता का असली चेहरा देश की जनता को दिख रहा है। यह समझ लेना भाजपा की गलती होगी कि जनता इन चीजों को सहन कर लेती है। दरअसल इन तमाम मुद्दों पर दांव पर अंततः नरेंद्र मोदी की साख ही है। एक प्रचार तंत्र ने उन्हें पार्टी से भी बड़ा कद तो दे दिया है लेकिन अंदरखाने में सत्ता की ललक और मजबूरी ने नरेंद्र मोदी को भी किस कदर मजबूर बना दिया है, यह अब सामने आने लगा है। जाहिर है कि भाजपा और नरेंद्र मोदी दोनों को इससे नुकसान हो रहा है, जिसका एहसास शायद पार्टी को अभी नहीं हो पाया है। दरअसल इसके लिए भारतीय समाज की सोच को बारिकी से समझने की जरूरत है। जनता एक बार भड़क उठेगी तो पुलिस के डंडे के सहारे शासन चलाना मुश्किल हो जाएगा।

# फेक न्यूज प्रसार पर निजी जिम्मेदारियां तय हो..!



जितनी रफ्तार से हम विज्ञान के साथ रचते-बसते और जीने की नई-नई तरकीबें सीखते जा रहे हैं, ठीक वैसे हीतमाम चुनौतियां मुंह बाएं आ खड़ी हैं। वास्तव में यह दौर इण्टरनेट मीडिया का है जिससे हर हाथ को दुनिया तकअपने संदेशों को पहुंचाने की बहुत बड़ी ताकत मिली। अक्सर यही स्वतंत्रता के उपयोग और दुरुपयोग से झूठे संदेश या फेक न्यूज समाज, देश और दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन जाती हैं। इस पर लगाम या कहें झूठे प्रसार को लेकर भारत सहित दुनिया भर में तमाम जतन किए जा रहे हैं, लेकिन सच यही है कि ये बड़ी चुनौती है। तमाम तरह के कानूनों के बावजूद अक्सर लोग उनके मोबाइल में आए या बनाएमैसेजों को बिना सोचे, समझे और बुध्दि, विवेक से काम लिए सीधे आगे बढ़ा देते हैं याफॉरवर्ड कर देते हैं। बस इसी खेल के चलते बेहद कामियाब इण्टरनेट तकनीक बड़ी चुनौती बन गयी है।



ऋतुपर्ण दवे
स्वतंत्र-पत्रकार

जब इण्टरनेट नहीं था तब लोग अखबारों पर ही खबरों के लिए निर्भर थे और विश्वनीयता इतनी कि कभी भी इतने और अब जैसे रोजानासवालिया निशान नहीं लगे। रियल टाइम खबरों के इस दौर में सच कम झूठ ज्यादा है। स्थिति कितनी भयावह और अलग है कि लोग पहले अखबारों को ढ़ूढ़कर कतरनों की फोटो कॉपी करा प्रसारित करते थे। आज ठीक उलट है जहां झूठी खबरें पलक झपकते ही लाखों लोगों द्वारा बिना सत्यता जांचे शेयर या ट्वीट-रिट्वीट हो जाती हैं। इसी आड़ में अक्सर लोग अपनी निजी दुश्मनी तक भंजा लेते हैं और दुनिया झूठ के फरेब को काफी देर बाद समझ पाती है। लेकिन तक नफा-नुकसान का बड़ा खेल अपना गुल खिला चुका होता है।

सोशल कहें या इन्टरनेट मीडिया जो भी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जरिया मान लेना भी कुतर्क है क्योंकि इसका जितना बड़ा दायरा है उतने ही बंधन। ऐसी स्वतंत्रता व अनाप-शनाप कुछ भी लिख, पढ़ और बोलने की आजादी किसी को नहीं है जो किसी दूसरे के मान-सम्मान या निजता को चोट पहुंचाती हो। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में राहुल गांधी लोकसभा सदस्यता खत्म कर देने के उदाहरण से समझा जा सकता है।

अक्सर गैर भरोसेमंद स्त्रोतों और आधी-अधूरी जानकारियों के चलते ही फेक न्यूज या झूठी खबर इतनी तेजी से फैलती यानी वायरल होती हैं कि अक्सर समझदार लोग भी गच्चा खा जाते हैं। कई मौकों पर देखने में आता है कि ऐसी खबरों से शहर से लेकर गांव और घर-घर लोग बेचैन हो जाते हैं। उत्तेजना फैल जाती है और लोग और समूह बे सिर पैर की बातों के चलते गुस्से में आकर बड़ी-बड़ी घटनाएं तक कर बैठते हैं। ऐसे तमाम और दर्जनों क्या लाखों उदाहरण मिलेंगे जहां दुनिया भर में के कई प्रान्त और देश तक झूठी खबरों की झुलसन में बदहाल और बेहाल होते देखे गए। वाकई में सोशल मीडिया एक ऐसा बिना बारूद का बम गोला बन चुका है जिससे शहर के शहर आग के शोलों से जल उठते हैं। सरकारों और जिम्मेदारों के लिए सूचना का यह सोशल तंत्र नॉन सोशल होकर वो रूप दिखाता है कि एक निर्जीव साधन जिन्दा और समझदार लोगों की आपसी टकराहट में आग में घी और पेट्रोल का काम करता है। करीब सवा दो बरस पहले दुनिया ने खास उदाहरण देखा जिसमें दुनिया का दारोगा कहलाने वाले अमेरिकी संसद परिसर में हुई हिंसा के बाद माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पर्सनल अकाउंट को स्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया क्योंकि आशंका थी कि आगे भी उनके हैण्डल से हिंसा के और भड़काने की जोखिम काखतरा था। उनके फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट्स को भी अनिश्चितकाल तक के लिए अनिश्चितकाल तक के लिए सस्पेंड कर दिया। हालाकि पारदर्शिता की दुहाई देकर लगी रोक के बावजूद दुनिया में कहीं कोई फर्क दिखा नहीं।

अब तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में कमाई के नाम पर ब्लू टिक बेचकर झूठी शान-ओ-शौकत के दिखावे से आगे कितना कुछ घटेगा इसका अंदाजा मुश्किल है। अक्सर नीले और नारंगी सही लकीर वाले एकाउण्ट पाने की कशमकश रुपयों की गर्मी से खत्म हो गई। अब केंद्र सरकार का सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन नियम, 2023 जो2021 के संशोधन नियमों के साथ 6 अप्रैल, 2023 को जारी होते ही लागू हो गया है। इस पर लोगों की मिलीजुली प्रतिक्रिया हैं। जहां कई इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कुछ कुठाराघात तो कई सोशल मीडिया में फेक न्यूजकी पहचान करने के सरकार के अधिकार को सही मानते हैं। हालाकि एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का भी मानना है कि ये प्रेस की आजादी पर हमला है। अब इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक संस्था तय करेगी कौन सी सोशल मीडिया पोस्ट या खबर भ्रामक है। इसके दायरे में गूगल, फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब से लेकर हर तरह की समाचार और गैर-समाचार कंपनियां आएंगी। सच तो ये है कि यह विशेषाधिकार कानून मध्यस्थ को उसके यूजर के किसी भी आपत्तिजनक सामग्री ऑनलाइन पोस्ट करने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई होने से बचाता है, लेकिन फर्जी या गलत जानकारी को न हटाने की स्थिति में प्लेटफॉर्म्स भी जद में होंगे तथा कॉन्टेंट को परोसने वाला यूजर तो दोषी होगा ही।

यकीनन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सेवा देने वाले से ज्यादा सेवा लेने वाले की जिम्मेदारियों और सोच से ही समाज में सकारात्मक जिम्मेदारियां निभा सकता है वरना मुकदमों से लदी भारतीय न्याय प्रणाली पर एक बोझ से ज्यादा कुछ नहीं साबित होगा।

## बुद्ध पूर्णिमा (5 मई) पर विशेष

# प्रत्येक प्राणी के प्रति दयाभाव रखते थे महात्मा बुद्ध

प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। दरअसल माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गौत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया।



योगेश कुमार गोयल
पत्रकार

**गौतम उनका गौत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए।**

सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण सन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा, यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है? सारथी ने बताया, यह भी एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों का सामना करना ही पड़ता है।

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध, निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं, उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है।

सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया, जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकलकर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोध गया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए तथा मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे। सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई।

# गृहस्थ या साधु ?

## प्रेरक-प्रसंग



एक व्यक्ति कबीरजी के पास गया और बोला- मेरी शिक्षा तो समाप्त हो गई। अब मेरे मन में दो बातें आती हैं, एक यह कि विवाह करके गृहस्थ जीवन यापन करूं या संन्यास धारण करूं? इन दोनों में से मेरे लिए क्या अच्छा रहेगा यह बताइए?

कबीरजी ने कहा दोनों ही बातें अच्छी है जो भी करना हो,वह सोच-समझकर करो,और वह उच्चकोटि का हो। उस व्यक्ति ने पूछा उच्चकोटि का करना चाहिए। उस व्यक्ति ने पूछा उच्चकोटि का कैसे है? कबीरजी ने कहा- किसी दिन प्रत्यक्ष देखकर बतायेंगे वह व्यक्ति रोज उत्तर प्रतीक्षा में कबीर के पास आने लगा।

एक दिन कबीरजी दिन के बारह बजे सूत बुन रहे थे। खुली जगह में प्रकाश काफी था कबीर साहेब ने अपनी धर्म पत्नी को दीपक लाने का आदेश दिया। वह तुरन्त बिना किसी सवाल के जलाकर लाई और उनके पास रख गई। दीपक जलता रहा वे सूत बुनते रहे।

सायंकाल को उस व्यक्ति को लेकर कबीरजी एक पहाड़ी पर गए। जहां काफी ऊंचाई पर एक बहुत वृद्ध साधु कुटी बनाकर रहते थे। कबीरजी ने साधु को आवाज दी। महाराज आपसे कुछ जरूरी काम है कृपया नीचे आइए। बूढ़ा बीमार साधु मुश्किल से इतनी ऊँचाई से उतर कर नीचे आया। कबीरजीने पूछा आपकी आयु कितनी है यह जानने के लिए नीचे बुलाया है। साधु ने कहा अस्सी बरस। यह कह कर वह फिर से ऊपर चढ़ा। बड़ी कठिनाई से कुटी में पहुंचा। कबीरजी ने फिर आवाज दी और नीचे बुलाया। साधु फिर आया। उससे पूछा- आप यहां पर कितने दिन से निवास करते है? उसने बताया चालीस वर्ष से। फिर जब वह कुटी में पहुंचे तो तीसरी बार फिर उन्हें इसी प्रकार बुलाया और पूछा- आपके सब दांत उखड़ गए या नहीं? उसने उत्तर दिया। आधे उखड़ गए। तीसरी बार उत्तर देकर वह ऊपर जाने लगा तब इतने चढ़ने उतरने से साधु की सांस फूलने लगी, पांव कांपने लगे। वह बहुत अधिक थक गया था फिर भी उसे क्रोध तनिक भी नहीं आया। कबीर ने कहा अगर गृहस्थ बनना है तो विश्वास करना सीखों और यदि संन्यासी बनना है तो क्रोध नहीं करना चाहिए चाहे कोई कितना भी परेशान करें ।

## जानकारी

# ऊटी में ट्रेकिंग और कैंपिंग



चारिंग रोड पर बेकरी में कदम रखें और अपनी पसंद का स्वाद चुनें - दूध, डार्क चॉकलेट, व्हाइट चॉकलेट, काजू, किशमिश या स्ट्रॉबेरी। नीलगिरी मुख्य रूप से एक चाय बागान क्षेत्र है। ऊटी में धूल और पत्ते, काली, हरी और सफेद किस्मों या मसाला, चमेली और इलायची की चाय के पैकेट खरीदें। ऊटी सुगंधित आवश्यक तेलों, विशेष रूप से नीलगिरी, सिट्रोनेला और कपूर के लिए भी जाना जाता है। ऊटी में जैविक रूप से उगाई जाने वाली सबसे अच्छी स्ट्रॉबेरी है। कमर्शियल रोड में हस्तनिर्मित चॉकलेट, चमड़े के सामान, सुगंधित तेल, हस्तशिल्प, आभूषण और ऊनी कपड़ों की दुकानें हैं। केरल के हस्तशिल्प विकास निगम और खादी ग्रामोद्योग भवन सहित कुछ सुपरमार्केट और बड़े स्टोर हैं। कपड़े, पेंटिंग और हस्तशिल्प और चांदी के आभूषणों के लिए ऊटी के मुख्य बाजार में जरूर जाएं। तिब्बती बाजार ऊनी कपड़ों के लिए प्रसिद्ध है - शॉल, जैकेट, दस्ताने, कार्डिगन और बंदर टोपी। लोअर बाजार रोड में कपड़ा और कपड़ों से लेकर चॉकलेट और उपहार के सामान तक सब कुछ है।

# Samsung Neo QLED 8K टीवी भारत में लॉन्च




नई दिल्ली: नियो QLED TV के साथ वास्तविक पिक्चर के लिए सैमसंग की क्वाण्टम मैट्रिक्स टेक्नोलॉजी दी गई है जो कि 3.3 करोड़ पिक्सल के जरिए 100 करोड़ रंग डिलीवर करती है। नियो QLED TV की पिक्चर क्वालिटी सैमसंग के आधुनिक न्यूरल क्वाण्टम प्रोसेसर की देन है जो 14-बिट प्रोसेसिंग और अक अपस्केलिंग के साथ क्वाण्टम मिनि LED-dnMX TV को सपोर्ट करता है। सैमसंग ने भारतीय बाजार में अपनी टीवी की नई SXZab Samsung Neo QLED 8K और Neo QLED 4K पेश की है। सैमसंग ने इन सीरीज के तहत 50 इंच और 98 इंच की साइज में टीवी पेश किए हैं। इन टीवी के साथ शानदार डिजाइन जबरदस्त कनेक्टिविटी मिलेगी।

नियो QLED TV के साथ वास्तविक पिक्चर के लिए सैमसंग की क्वाण्टम मैट्रिक्स टेक्नोलॉजी दी गई है जो कि 3.3 करोड़ पिक्सल के जरिए 100 करोड़ रंग डिलीवर करती है। नियो QLED TV की पिक्चर क्वालिटी सैमसंग के आधुनिक न्यूरल क्वाण्टम प्रोसेसर की देन है जो 14-बिट प्रोसेसिंग और अक अपस्केलिंग के साथ क्वाण्टम मिनि LED-dnMX TV को सपोर्ट करता है। नियो QLED 8K और 4K दोनों ही मॉडल ब्राइट हाईलाइट और बिलियन कलर्स के साथ आते हैं, जिन्हें पैंटॉन के विशेषज्ञों ने भी मान्यता प्रदान की है। इस मान्यता का मतलब यह है कि उपभोक्ता अपने पसंदीदा कंटेंट देखते हुए और गेम खेलते हुए भी वास्तविक दुनिया के रंगों का अनुभव कर सकते हैं। इसमें 2,030 पैंटोन® कलर्स और 110 स्किन टोन शेड्स की सटीक अभिव्यक्ति शामिल है। दोनों टीवी के साथ आईओटी का भी सपोर्ट दिया गया है यानी इन टीवी से आप स्मार्ट होम डिवाइस को भी कंट्रोल कर सकते हैं। टीवी के साथ वायरलेस डॉल्बी एटमॉस और ऑब्जेक्ट ट्रैकिंग साउंड प्रो मिलता है। टीवी में इनबिल्ट एलेक्सा मिलता है।

साइबर दुनिया

## टॉप ट्वीट



"जिनका खुद का मकान ढहाने का वक्त आ गया है, वो भाजपा को क्या हटाएंगे।"

मीनाक्षी लेखी
भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री



"उनकी पहली वेब सीरीज 'दहाड़' 12 मई को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है। सोनाक्षी वेब सीरीज 'दहाड़' में पुलिस अफसर के रोल में नजर आयेंगी। दहाड़ का ट्रेलर रिलीज हो गया है।"

सोनाक्षी सिन्हा
बॉलिवुड अभिनेत्री

## संपादक के नाम पत्र

### भारतीय नागरिकों की सुरक्षा की प्रतिबद्धता

विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की जान माल की सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता फिर उजागर हुई है । वैश्विक संकट काल में नागरिकों की घर वापसी ने सरकार के प्रति लोगों का विश्वास और गहरा किया है। आज इस मामले में विपक्ष की बोलती बंद है। फालतू और फर्जी मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने वाले विपक्ष को संकटकाल में भारतीयों की सुरक्षा के प्रति थोड़ा गंभीर होना ही चाहिए। कोरोना काल में विदेशों से भारतीय नागरिकों को लाने का सिलसिला हो या यूक्रेन में फंसे भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने का काम सरकार ने बड़ी सजगता से किया है। हाल ही में सूडान के विषम हालातों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित देश लाना एक बड़ी उपलब्धि है। लगभग 34 सौ से अधिक लोग अपने घर सकुशल वापस पहुंच चुके हैं और शेष बचे लोगों को जल्द ही लाने के लिए सरकार प्रयासरत है। सरकार के प्रयासों की इस मामले में तारीफ करना होगी कि एक एक भारतीय सूडान संकट के दौरान सकुशल घर पहुंचा है। भारतीयों की सुडान से सुरक्षित निकासी के लिए सरकार के संयुक्त अरब अमीरात सऊदी अरब, लंदन और वाशिंगटन से संपर्क के साथ ही संयुक्त राष्ट्र में सुडान के हालातों को सामान्य बनाने में भारत सरकार की दिलचस्पी उसके मानवतावादी दृष्टिकोण को जाहिर करती है। ऐसे में लोगों का सरकार के प्रति दृढ़ भरोसा ही उसकी जीत है।

अमृतलाल मारू 'रवि'
इन्दौर मप्र

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### गैंग्स ऑफ वासेपुर की अदावत में फिर गई एक कि जान

**धनबाद:** धनबाद के वासेपुर की पटकथा पर बनी फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर की जमीन एकबार फिर रक्तरंजित होने लगा है। बीती रात करीब साढ़े नौ बजे आरा मोड़ के समीप बाइक सवार अपराधियों ने जमशेदपुर जेल में सजा काट रहे गैंगस्टर फहीम खान के बेटे इकबाल खान पर गोलीबारी कर दी। उस समय उसके साथ चल रहे बॉडीगार्ड नसीम उर्फ ढोलू को भी निशाना बनाया गया जिसमें तत्काल उसकी मौत हो गई।

## सिटी अपडेट्स >>

### प्रेमी ने दुल्हन की मांग में भरा सिंदूर, दूल्हा बरात लेकर वापस लौटा

**इचाक** :इचाक प्रखंड क्षेत्र खुटरा गांव के बेरीटांड़ मोहल्ला में शादी करने आए दूल्हे को बिना दुल्हन लिए वापस लौटना पड़ा। क्योंकि वरमाला के बाद बरातियों और सरातियों के सामने प्रेमी ने दुल्हन की मांग सिंदूर भर दिया। यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।जानकारी के मुताबिक खुटरा बेरीटांड़ के बुधन राम की बेटी प्रीति कुमारी की शादी कटकमदाग प्रखंड के बनहे गांव निवासी सागर कुमार के साथ दो मई की रात होनी थी। जिसके लिए दूल्हा सागर कुमार बारात लेकर दुल्हन के घर पहुंचा। दुल्हन के पिता बुधन राम ने बताया कि रात करीब दो बजे जैसे ही बराती पहुंचे। प्रीति के कथित प्रेमी अपने तीन दोस्तों के साथ वरमाला स्टेज के समीप आ धमका। वरमाला का कार्यक्रम चल रहा था। दूल्हा-दुल्हन एक दूसरे के गले में वरमाला डाल कर मिठाई खिलाने का रस्म कर रहे थे। इसी दौरान सनी अचानक स्टेज पर पहुंचा और दूल्हा, बारातियों और सरातियों के सामने ही प्रीति की मांग में सिंदूर भर दिया। जिसके बाद बाराती एवं सरातियों के बीच भगदड़ मच गई। देखते ही देखते अफरातफरी का आलम हो गया। बाद में लकड़ी के परिजनों ने प्रेमी सनी के साथ दुल्हन को भेज दिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बच्चों के कल्याण में सबसे अधिक सहयोग पर आशा संस्थान द्वारा मिला सम्मान

**हजारीबाग** : हजारीबाग मोंटफोर्ट स्कूल कक्षा तृतीय का छात्र सह ओरिया निवासी अभय कुमार को जरूरतमंद बच्चों के कल्याण में सबसे अधिक सहयोग पर आशा संस्थान द्वारा स्कूल परिसर में दिन बुधवार को सम्मान मिला। आशा संस्थान द्वारा प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं क्रिकेट बेट के साथ सम्मानित किया गया। छात्र अभय कुमार को सबसे अधिक स्वैच्छिक सहयोग पर उनकी प्रशंसा की गई। उक्त अवसर पर मोंटफोर्ट स्कूल की प्रबंधकीय टीम ने छात्र अभय कुमार को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी।संस्थान के पदाधिकारियों व सदस्यों ने छात्र अभय कुमार की हौसला अफजाई की व उज्जवल भविष्य की ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दिया। मोंटफोर्ट स्कूल के शिक्षकगण, कक्षा तृतीय के छात्र-छात्राएं, परिवरजन, संबंधी एवं आसपड़ोस के लोगों ने छात्र अभय कुमार की इस करनामे पर प्रशंसा कर हौसला अफजाई की।

### फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया

**हजारीबाग** : हजारीबाग माननीय सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा जी ने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के युवाओं के लिये अमृत ट्रॉफी के नाम से विशाल स्तर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करवाया। इस टूर्नामेंट में संसदीय क्षेत्र की 5 विधानसभाओं की 350 से अधिक पंचायतों से टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें लगभग 7 हजार खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला। इस टूर्नामेंट का हजारीबाग व रामगढ़ के 11 मैदानों में आयोजन किया गया। इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण व मंच प्राप्त हुआ है।

**अभियान**

### पुलिस अधीक्षक की गुप्त सूचना के आधार पर

# पुलिस की टीम तीन उग्रवादी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल : मनोज रतन चौथे



**अशोक कुमार शर्मा**

**हजारीबाग** : हजारीबाग बुधवार को समय करीब 11.05 बजे पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि केरेडारी थाना अंतर्गत ग्राम-डमारु के जंगल में टीएसपीसी के एरिया कमाण्डर पहाड़ी जी उर्फ रामेश्वर महतो उर्फ रमेश महतो, दिवाकर गंझू उर्फ प्रतापजी, राजेश गंझू, मनोज मुंडा एवं संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों के द्वारा एकत्रित होकर योजना बनाकर केरेडारी, बड़कागाँव, बुढमु, उरीमारी, खलारी आदि क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देनेवाले हैं। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग द्वारा हजारीबाग जिला बल एवं सीआरपीएफ- 22 बटालियन की डी कम्पनी, टंडवा के साथ एक संयुक्त टीम का गठन किया गया।

गुरुवार को समय करीब 04.05 संयुक्त टीम द्वारा केरेडारी थाना क्षेत्र के डमारु जंगल में तलाशी सह छापामारी अभियान चलाया गया। तलाशी एवं छापामारी के क्रम में डमारु जंगल में इकट्ठा हुए, टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य पुलिस बल को देख कर जंगल में इधर-उधर भागने लगे जिसे पुलिस बल के सहयोग से तीन लोगों को खदेडकर पकड़ा गया तथा उनकी तलाशी लेने पर बहादुर गंझू उर्फ नरेश भोक्ता के पास से एक 9टट का लोडेड देशी पिस्टल मैगजीन सहित जिसमें 04 चक्र जिन्दा गोली तथा उनके निशानदेही पर एक देशी भराठी बंदुक एवं एक मोबाईल मुकेश तुरी के पास से एक देशी ढक्र्र कार्बाईन एवं कुल 05 चक्र जिन्दा गोली एवं एक मोबाईल एवं एक अपाची टीवीएस कम्पनी का मोटरसाईकिल जिसका रजि० नं० - खल्ड13े 7032तथा (3) दिनेश लोहरा के पास से एक देशी ढक्र्र कार्बाईन कुल 05 - चक्र जिन्दा गोली एवं एक मोबाईल को बरामद किया। इस संबंध में केरेडारी थाना काण्ड सं0-110/23 धारा 25(11) 25(1-)/26/35 आस एक्ट एवं 17 सी0 एलए एक्ट अंकित किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

दिनेश लोहरा उम्र 38 वर्ष पिता स्व० बालचन्द लोहरा ग्राम बोरसीदाग हुटाप थाना-चंदवा जिला-लातेहार मुकेश तुरी उम्र 27 वर्ष पिता दुबेश्वर तुरी ग्राम लुरूंगा थाना उरीमारी ओपी बडकागांव जिला हजारीबाग बहादुर गंझू उम्र 40 वर्ष पिता सरहुल गंझू ग्राम-रिकुवा टोला लठिया थाना-गिटी जिला-हजारीबाग

## विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में करियर काउंसिलिंग




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के राजनीति विज्ञान विभाग में गुरुवार को करियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में बतौर मुख्य वक्ता नेट-जेआरएफ उत्तीर्ण डॉ सतीश कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नेट की परीक्षा में कामयाबी के टिप्स दिए। उन्होंने यूजीसी नेट की संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तरों की जानकारी के साथ-साथ अवधाराणात्मक अध्ययन की भी जरूरत है। इससे पहले काउंसिलिंग की अध्यक्षता करते हुए राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कहा कि अक्सर विद्यार्थी स्नातकोत्तर के बाद नेट, जेआरएफ और लोक सेवा की तैयारी करते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को काउंसिलिंग की सख्त आवश्यकता है। इससे विद्यार्थी सही तरीके से सही दिशा में तैयारी कर अपनी मंजिल प्राप्त कर पाएंगे।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में मनाया गया गौतम बुद्ध जयंती



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इतिहास संकाय की संयुक्त तत्वाधान में गौतम बुद्ध की जयंती को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से प्रारंभ हुई कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव टुकेश्वर प्रसाद शामिल हुए । उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध कहते हैं। कि इस संसार में कोई भी प्राणी ऐसा नहीं है ।जिसे दुख ना हुआ हो , उनके अनुसार दुख को एक सामान्य स्थिति समझना चाहिए इसे खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए, इसीलिए प्रत्येक इंसान को दुख होने पर चिंतित और परेशान नहीं होना चाहिए । कर्णपुरा महाविद्यालय के प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुध का जन्म हुआ था। इसी दिन ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। और वैशाख पूर्णिमा के दिन उनका महानिर्वाण भी हुआ था। इसलिए इसी दिन को गौतम बुध की जयंती या बुध पुर्णिमा के रूप में मनाया जाने लगा , साथ ही बुद्ध ने विश्व शांति का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रो0 सुरेश महतो ने किया साथ ही कहा कि सिद्धार्थ का अर्थ वह जो सिद्धि प्राप्ति के लिए जन्म लिया हो उसे सिद्धार्थ कहते हैं । धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 लालदेव महतो ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 सुरेश महतो मौके पर महाविद्यालय के सचिव टूकेश्वर प्रसाद ,प्राचार्य कृतिनाथ महतो, पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर , प्रो0 नरेश कुमार दांगी, प्रो0 अनू कुमारी प्रो0 निरंजन प्रसाद नीरज ,प्रो0 ऋतुराज दास, प्रो0 पवन कुमार, प्रो0 ललिता कुमारी ,डॉ0 चंद्रशेखर राणा , सनवीर कुमार, नेमधारी राम, अर्चना कुमारी ,ऋषि कुमार राहुल कुमार ,उषा कुमारी, ललिता ,प्रियंका ,सुनीता ,बेबी कुमारी ,आंचल, बबीता ,मनीषा आदि उपस्थित थे।

### अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न,दिये गये कई निर्देश

# सुनियोजित तरीके से संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारें: उपायुक्त

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** :हजारीबाग उपायुत नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक गुरूवार को समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों यथा स्वास्थ्य, आपूति, पेयजल, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, सेवा गांरटी अधिनियम के तहत प्रदत्त सेवाएं, भवन, विद्युत, आदि की आपसी समन्वय से हो रहे कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कोई भी सरकार की कल्याणकारी योजना, कार्यक्रम आपसी समन्वय के कारण विलंब न होने पाये तथा योजना ससमय अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों, अभियानों में आपसी विभागीय समनव्य से बेहतर परिणाम प्राप्त करने, योजनाओं के ससमय धरातल पर उतारने के लिए निर्देशित किया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्त्वबोध एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य कराने की सलाह दी साथ ही सुनियोजित तरीके से संचालित योजनाओं को गति प्रदान करते हुए धरातल पर उतारने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने सेवा गांरटी अधिनियम के तहत अंचलों से निर्गत होने वाले प्रमाण पत्र खासकर एसटी/एससी/ओबीसी विद्यार्थियों को निर्गत जाति प्रमाण पत्रों को एक सप्ताह के अंदर शतप्रतिशत निष्पादित करने का निर्देश दिया। इस संदर्भ में बरकट्ठा, कटकमसांडी, टाटीझरिया, दारू, डाडी, चलकुशा आदि प्रखण्डों के अंचलाधिकारियों को संबंधित विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यालय के साथ बैठक कर समन्वय करते हुए विद्यार्थियों का आवेदनों को निष्पादित करने को कहा। वहीं भूमि म्यूटेशन से संबंधित लंबित मामलों को निर्धारित समयसीमा के अंदर स्पष्ट मंतव्य के साथ स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं अनावश्यक रूप से आवेदनों को लंबित रखने पर कार्रवाई की बात कही गई। साथ ही विकास योजनाओं के लिए अधिगृहित भूमि का म्यूटेशन कार्य ससमय निष्पादित करने का निर्देश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। इसके अलावे उपायुक्त कार्यालय के मंगलवारीय एवं शुक्रवारीय जनता दरबार के आवेदनों के संदर्भ में नियमानुसार आवेदनों पर कार्रवाई कर मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

### इचाक मोड़ में फ्लाईओवर का टेंडर अगले महीना संभवता

**इचाक** : इचाक कोडरमा सांसद सह केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अथक प्रयास से संभवता एनएच- 33 ईचाक मोर में फ्लाईओवर का टेंडर अगले महीना संभवता होगा। ग्रामीणों के कई बार सरकार एवं क्षेत्र के संसद - विधायक से फ्लाईओवर की मांग किया था। कारण की दर्जनों गांव का आवागमन एवं बाजार लगने से रोड भीड़भाड़ एवं जाम होने की संभावना बनी रहती है साथ में दुर्घटना दिन प्रतिदिन होती रहती है एवं कई व्यक्तियों का जान भी जा चुका है । इस समस्या को मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संज्ञान में लेते हुए केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से बात करते हुवे कार्य की मांग की थी। इस संबंध में परिवहन मंत्री स्वीकृति कार्य पूर्ण करा चुका है। । फ्लाईओवर का कार्य उपरी पुल से द्वारा निर्माण कार्य किया जाना है जो सिझुआ हाई स्कूल से बोंगा तक कराया जाना है । युक्त बातें की जानकारी सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता ने दिया। एवं मेहता ने यह भी कहा कि सांसद महोदय का क्षेत्र में विकास करना पहला प्राथमिकता है।

# सरकार के खिलाफ स्थानीय विधायक का बयान बाजी का खामियाजा भुगत रही है क्षेत्र की जनता : ताला मरांडी

राष्ट्रीय खबर



**साहिबगंज:** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह बोरियो विधानसभा के पूर्व विधायक ताला मरांडी ने कहा कि बोरियों के झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम के द्वारा हेमंत सरकार के खिलाफ की जा बायाबाजी और विभिन्न गतिविधियां का खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है। कहा कि पथ निर्माण विभाग भी मुख्यमंत्री के जिम्मे है, ऐसे में इस क्षेत्र में सड़क निर्माण नहीं करवा कर संभवत स्थानीय विधायक को बदनाम करने की बात भी हो। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक झामुमो का, सांसद झामुमो का और राज्य का मुखिया झामुमो का फिर भी विकास के मामले में बोरियो विधानसभा का क्षेत्र पूरे राज्य में सबसे फिसड्डी साबित हुआ है। क्षेत्रीय झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम और क्षेत्रीय झामुमो सांसद विजय हांसदा क्षेत्र की जर्जर हो चुकी सड़कों को लेकर प्रमुखता से मुख्यमंत्री के समक्ष जो बातें उठानी चाहिए थी, वो लोग ऐसा नहीं कर सके हैं। यही कारण है कि विधानसभा क्षेत्र की सड़कें जर्जरता का शिकार है।

सड़क, बिजली और पानी को लेकर क्षेत्र की जनता त्राहिमाम है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक ताला मरांडी सिमडा -बोआरीजोर- मिजाचौकी सड़क निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले जिले के बोरियो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत -बोआरीजोर चौक पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ बीते 25 अप्रैल से लगातार अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। धरना के माध्यम से जर्जर हो चुके सिमडा -बोआरीजोर- मिजाचौकी और बोआरीजोर - ललमटिया सड़क को अभिलंब दुरुस्त कराने की मांग की जा रही है।

धरना के पूर्व 24 अप्रैल को अपनी मांगों को लेकर पूर्व विधायक की अगुवाई में स्थानीय ग्रामीणों ने रोड मार्च से भी किया।धरना की अगुवाई कर रहे भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी ने कहा कि इलाके की सभी मुख्य पथ जर्जर हो चुकी है। पिछले 3 साल से इन सड़कों का हाल बेहाल है। स्कूल आने -जाने के क्रम में कई छात्र-छात्राओं की जान जा चुकी हैं। दुर्घटना में कई लोगों के हाथ-पैर टूट चुके हैं।

क्षेत्र की जनता को काफी समय से सड़कों को दुरुस्त कराने का आश्वासन तो दिया जा रहा है, लेकिन इसको अमलीजामा पहनाने में लगातार कोताही बरती जा रही है। वैसे तो 20 सितंबर 2022 को इस सड़क निर्माण को लेकर प्रखंड कार्यालय के समीप शिला पट तक लगाया जा चुका है। उक्त शिला पट के अनुसार तकरीबन 87 करोड़ की लागत से इस सड़क का निर्माण होने की बात कही गई थी। लेकिन बाद में पता चला कि एस्टीमेट कम है।

## न्यूज फटाफट

### स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत की गई साफ सफाई



**इचाक** : इचाक गुरुवार को स्वच्छता अभियान पखवाड़े के तहत डुमरौंन डुमरौंन पंचायत स्थित मध्य विद्यालय एंव पंचायत भवन तक सफाई अभियान चलाया गया।मौके पर मुखिया चोहन महतो ने स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई गई।जिसमे स्कूल के बच्चे एंव शिक्षक भी शामिल थे।उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य समाज के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी है।समाज को स्वच्छ रखे,स्वस्थ्य रहे।मौके पर पंसस मुकेश कुमार मेहता ,उपमुखिया मनोज मेहता, पूर्व मुखिया पति अनिल मेहता,सुभाष यादव,प्रधानाध्यापक सुशील कुमार,प्रबन्धक समिति के अध्यक्ष नरेश मेहता,शिक्षक सदानंद पाठक,मीना कुमारी,रेणु कुमारी,पुष्पा कुमारी समेत विद्यालय के बच्चे भी मौजुद थे।

### स्थापना दिवस को लेकर आईसेक्ट विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**हजारीबाग** : हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग का 7वां स्थापना दिवस आगामी 16 मई को तरबा-खरबा स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच 04 मई से लेकर 15 मई तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता से इसका आगाज हो गया। डॉ0 रूद्र नारायण के नेतृत्व में वॉलीबॉल प्रतियोगिता उदय रंजन व प्रभात कुमार की निगरानी में संपन्न हुआ। साथ ही चेस और वॉल पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। चेस सौरभ कुमार अजय कुमार वर्णवाल तथा वॉल पेंटिंग एकता कुमारी, डॉ पूनम चंद्रा, नागेशवरी कुमारी सुप्रिया रानी के निगरानी में संपन्न कराई गई। बताया गया कि चेस प्रतियोगिता शुक्रवार को भी बदस्तूर जारी रहेगी। इससे पूर्व आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डॉ0 बिनोद कुमार अन्य के हाथों फीता काटकर 04 से 15 मई के बीच होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। बता दें कि विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि 04 मई को वॉलीबॉल, चेस, वॉल पेंटिंग, 05 मई को कैरम व बैडमिंटन, 06 मई को क्रिकेट, गीत, गजल, नृत्य, 08 मई को फायर लेस कुकिंग, 09 मई को फैशन शो, 12 मई को वाद-विवाद व निबंध, 13 मई को मेंहदी एवं 15 मई को रंगोली प्रतियोगिता समेत अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। साथ ही 10 मई को विश्वविद्यालय कर्मियों के बीच भी फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा और विजेता प्रतिभागियों को स्थापना दिवस के कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाएगा।

### बच्चों के बीच स्कूल पोशाक किट का वितरण



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांडतरी मैं इसको स्कूली बच्चों के बीच स्कूल पोशाक व कीट का वितरण बड़कागांव जिला परिषद मध्य की सदस्य सुनीता देवी उप प्रमुख बचन देव कुमार के हाथों वितरण किया गया इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों को दी जाने वाली सुविधा व स्कूली पोशाक की गुणवत्ता पूर्ण नहीं होने से असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि सरकार ने गरीब बच्चों के शिक्षा के लिए जितने भी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं वह बच्चे तक पहुंचते-पहुंचते गुणवत्ता ही गायब हो जाता है आखिर इसका बंदरबांट कहां-कहां हो रहा है । बड़ा सोचने वाली बात है । उप प्रमुख बचन देव कुमार ने कहा कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांड तरी में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ शिक्षक विद्यार्थी के संबंध को इमानदारी पूर्वक स्थापित करने से बच्चों के शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हो ताकि ग्रामीण बच्चे के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को यूक्रेने में शिक्षक सफल हो ताकि आने वाला भविष्य में बच्चे इस विद्यालय से पढ़कर आईएएस ,आईपीएस, जज ,इंजीनियर ,डॉक्टर , पैदा हो । इस अवसर पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांडतरी बड़कागांव में झारखंड शिक्षा परियोजना से प्राप्त पेंसिल ,रबर, कटर, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स एवं ड्रेस मिला है वह से शत-प्रतिशत बच्चों के बीच वितरण किया गया मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष हीरामन राम ,विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सहायक शिक्षक मोहम्मद असलम ,अंतेश साव, विनोद कुमार ,प्रकाश कुमार, अशोक कुमार ,रविंद्र कुमार, रामकुमार प्रसाद, बाबूलाल कुमार, सहित गणमान्य लोग एवं अभिभावक गण उपस्थित थे ।

### सदर प्रखंड के बैहरी गांव मे दहेज मुक्त विवाह हुआ संपन्न



**हजारीबाग** : हजारीबाग सदर प्रखंड के बैहरी गांव मे दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ जिसमे समाज के प्रति मानव का परिचय देते हुवे लड़का विजय रविदास, पिता लक्ष्मण रविदास , माता बसंती देवी , ग्राम भेलवारा निवासी ने लड़की डोली कुमारी, पिता शंभू राम, माता फुनेरा देवी , ग्राम बैहरी निवासी से बैहरी शिव मंदिर मे आदर्श दहेज मुक्त विवाह किए ,जो की यह सभी समाज के लिए प्रेणादायक मिशाल स्थापित किए , वर एवं वधु एवं दोनो के माता पिता को दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के द्वारा मोमेंटो एवम सम्मान देकर सम्मानित किया गया , इस दहेज मुक्त विवाह होने से गांव के लोगो में काफी खुशी हुई और सभी मे जागरूकता आई , कार्यक्रम मे सदर उप प्रमुख रवि कांत सिंह ने कहा की दहेज मुक्त संस्था द्वारा इस तरह का कार्यक्रम का पहल करने से सभी समाज के लिए एक अच्छा संदेश है इससे लोगो मे जागरूकता आ रही है, और जागरूकता आने से बहुत जल्द दहेज प्रथा समाप्त हो जाएगी ।

## प्रदेश >> अपडेट

### बाइक की टक्कर में दो घायल

हिरणपुर: जिले के हिरणपुर प्रखंड के तुड़ाई में दो बाइक सवार आपस में भिड़ गए दोनों ही बाइक सवार तेज रफ्तार होने के कारण संतुलन बिगड़ी और आपस में जोरदार टक्कर हुई दोनों की हालत को देखते हुए ग्रामीणों ने पुलिस को खबर किया। मौके पर पुलिस ने पाकुड़ सदर अस्पताल भेजा जहां उसे प्राथमिक उपचार कर दोनों को रेफर कर दिया गया है सोनाजुरी हॉस्पिटल से।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बिनोद सिंह बने शिक्षक संघ के अध्यक्ष

पाकुड़: पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का सांगठनिक चुनाव मध्य विद्यालय धनुषपूजा में पर्यवेक्षक की उपस्थिति में अंचल कमेटी का शांतिपूर्ण गठन होने के समाचार हैं। चुनाव में आपसी सलाह परामर्श के बाद सर्वसम्मति से बिनोद कुमार सिंह को अध्यक्ष ,बद्री रविदास को सचिव एवं सुधीर कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा बिजय नंदन त्रिवेदी एवं सोमा भट्टाचार्य को उपाध्यक्ष, कपूर कुमार महतो को संयुक्त सचिव, राजीव लोचन त्रिवेदी को अंकेक्ष तथा दिलीप कुमार राय को मिडिया प्रभारी चुना गया। मौके पर जिलाध्यक्ष विश्वनाथ पंडित, प्रधान सचिव मिथिलेश कुमार, ललित कुमार मंडल, प्रदीप मालाकार, सुकुमार सिंह, मनोज मंडल समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### चैंपियनशिप में अंजनी दोड्डे ने लहराया परचम,जीता गोल्ड

पलामू: उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में राज्य स्तरीय थांग-टा चैंपियनशिप में गोल्ड जितने वाले 8 प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।इस दौरान उन्होंने अपनी पुत्री अंजनी दोड्डे को भी सम्मानित किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### निष्पक्ष पत्रकारिता समय की जरूरत : दिनेश

पलामू : अंतरराष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर वैसे तो प्रखंड क्षेत्र में कोई भी राजनितिक दल या नेताओं , सामाजिक संस्था या कार्यकताओं व प्रबुद्ध लोगों के द्वारा किसी तरह के कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए । किंतु कई प्रबुद्ध लोगों और राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस दिवस पर मीडिया बंधुओं को दिए शुभकामना संदेश में निष्पक्ष पत्रकारिता की अपिल कर सिर्फ औपचारिकता जरूर निभाई गई। इस दौरान पूर्व 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियावयन समिति के प्रखण्ड अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश प्रसाद गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रेस की आजादी ही लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है।कहा कि देश व राज्यों के जो भी निष्पक्ष मीडिया हैं वे लोगों को अपने अधिकार और कर्तव्यों के प्रति उन्हें जागरूक कर समाज के लिए दर्पण का कार्य करते हैं। वहीं हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी ओम कुमार उर्फ भोला जी ने कहा कि समाज के नवनिर्माण में मिडिया बंधुओं की अहम भूमिका रही है।

### दुकान का शटर तोड़कर चोरी

पलामू : थाना क्षेत्र के तेंदुआकला गांव में मेन रोड किनारे स्थित विजेंद्र साव के दुकान में बीती रात बुधवार को रात अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर करीब एक लाख के सामान की चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने बताया कि बीते बुधवार की रात अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। किंतु अगले दिन गुरुवार को जब दुकान के पास गया तो दुकान का शटर टूटा पाया और दुकान से चोरों ने 23 बोरा अरहर ,1 बोरा सरसों और 1 बोरा चावल के अलावा 3 हजार रुपए नगद की चोरी कर ली । साथ चोरों ने दूकान के बाहर खड़े एक टेंपो से बैटरी और टूल्स किट भी निकाल ले गए ।

---

**अभियान** — ईनामी नक्सली के पास दो एके 47 और कारतूस बरामद

# उत्तर बिहार नक्सली का सबसे बड़ा लीडर को एसटीएफ टीम ने किया गिरफ्तार

- पांच लाख का ईनाम था रामबाबू उर्फ राजन पर
- उसका एक सहयोगी भी घेराबंदी में पकड़ाया
- नक्सली अभियान के खिलाफ बड़ी सफलता




**दीपक नौरंगी**

पटना: बिहार एसटीएफ टीम ने इनामी नक्सली राम बाबू राम उर्फ राजन को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। बिहार कई जिलों में लगभग 40 से अधिक नक्सल कांडों का वांछित एवं बिहर सरकार द्वारा पांच लाख रुपए इनामी नक्सली की गिरफ्तारी छपरा जिला के गंडक दियारा क्षेत्र से हुई है। करीब 2001 से राम बाबू राम कई बड़ी वारदात और घटनाओं में शामिल रहा है। करीब 22 वर्षों से यह पुलिस के वरीय अधिकारियों के लिए सरदर्द बना हुआ था। इसकी गिरफ्तारी के बाद कहीं ना कहीं अपराध के ग्राफ में भी और नक्सली घटनाओं में भी कमी आएगी। इसने बिहार में अन्य अन्य जिलों में भी वारदात किये हैं। गिरफ्त में आए खूंखार इनामी नक्सली की पहचान रामबाबू राम उर्फ राजन के रूप में हुई है। उत्तर बिहार का सबसे बड़ा नक्सली का लीडर राम बाबू राम उर्फ राजन माना जाता था। बिहार पुलिस की एक बहुत बड़ी सफलता है। वह नक्सलियों की रीजनल कमेटी सदस्य था। वहीं उसके दस्ते का जोनल कमांडर रामबाबू पासवान उर्फ धीरज को गिरफ्तार करने में एसटीएफ सफल रही। पुलिस के अनुसार उक्त नक्सली वर्ष 2019 में चकरबंधा में कोबरा के एक एसआई की हत्या में वांछित अभियुक्त है। इसके खिलाफ करीब 40 मामलों के लगभग पहले से अन्य अन्य थानों में दर्ज है पुलिस और एसटीएफ की टीम इसे अपराधी को कई वर्षों से तलाश रही थी। लेकिन बिहार में एसटीएफ की टीम में एक बड़ी सफलता प्राप्त की है।

## बीडीओ को ग्राम प्रधानों के प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन



**राष्ट्रीय खबर**

पाकुड़: मांझी परगाना लाहंती बैसी के प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र मुर्मू के नेतृत्व में गुरुवार को ग्राम प्रधानों का प्रतिनिधि मंडल बीडीओ उमेश मंडल से उनके कार्यालय कक्ष में मिला। बीडीओ से ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि महेशपुर प्रखंड संविधान के पांचवी अनुसूची के अंतर्गत एक अधिसूचित क्षेत्र है। झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र के राजस्व ग्रामों में ग्राम सभा की अध्यक्षता पारंपरिक ग्राम प्रधान को करने का प्रावधान है। लेकिन विगत वित्तीय वर्ष तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में नई योजनाओं के लिए जीपीडीपी के तहत ग्राम सभा के बारे में संबंधित ग्राम प्रधान को जानकारी दिए बिना ग्राम सभा किया गया है। जो नियम विरुद्ध है। ग्राम प्रधानों के प्रतिनिधि मंडल ने उक्त विषय पर बीडीओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कारवाई करने की बात कही। बीडीओ उमेश मंडल ने बीपीआरओ प्रसेनजीत मंडल को बुला कर जीपीडीपी के तहत हुए ग्राम सभा से संबंधित पंजी को मंगाकर उनके कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने बीपीआरओ को मुखिया के नाम आदेश पत्र निकालने का भी निर्देश दिया कि ग्राम सभा में संबंधित ग्राम प्रधान की अध्यक्षता और उपस्थिति के बिना ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया जाय।

## माझी परगाना लाहंती वैसी की मासिक बैठक



**राष्ट्रीय खबर**

पाकुड़: प्रखंड मुख्यालय स्थित आदिवासी कल्याण छात्रावास परिसर में गुरुवार को माझी परगाना लाहंती वैसी की मासिक बैठक प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम सभा सशक्तिकरण तथा सालखान मुर्मू द्वारा संथाल परगना में माझी परगानाओं का विरोध और यहां के लोगों पर धर्म की राजनीति कर लोगों में कटुता पैदा करने को लेकर चर्चा हुई। जितेंद्र मुर्मू ने कहा कि महेशपुर प्रखंड संविधान के पांचवी अनुसूची के अंतर्गत एक अधिसूचित क्षेत्र है। झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र के राजस्व ग्रामों में ग्राम सभा की अध्यक्षता पारंपरिक ग्राम प्रधान को करने का प्रावधान है। लेकिन इसके बावजूद भी प्रखंड के कर्मी और पदाधिकारियों द्वारा तथा पंचायत के सचिव और प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी ग्रामसभा को बीते वित्तीय वर्ष 2022-23 का आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं दिया गया है। जो कि नियम के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतिम माह तक में दिया जाना चाहिए था। दूसरी बात आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए नई योजनाओं हेतु जीपीडीपी के तहत ग्राम सभा होनी चाहिए थी। वह भी अभी तक ज्यादातर ग्रामों में नहीं हुई है। और जहां कहीं भी हुई है वह फर्जी तरीके से की गई है। जिसमें ग्राम सभा के अध्यक्ष को जानकारी नहीं है कि ग्राम सभा हुई जीपीडीपी के तहत या नही। इसलिए अब जल्दी ग्रामसभा को सशक्त कर फर्जी ग्राम सभाओं का पदार्फाश किया जाएगा। वैसी के केंद्रीय सदस्य स्टेफन हेम्ब्रम ने कहा कि सालखान मुर्मू संताल परगना में आकर धर्म के नाम पर लोगों में आपसी मतभेद पैदा कर रहे है। यहां के पारंपरिक माझी परगना व्यवस्था का विरोध कर उसके समानांतर अपनी अलग व्यवस्था चलाना चाहते हैं। इसलिए वे यहां पर सेंगेल मांझी, सेंगेल परगना आदि अपने से बहाली कर रहे हैं।

## न्यूज फटाफट

### खाली पड़े सीएचसी में अर्बन स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया जाये: सिंह

पलामू : हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के एनसीपी विधायक पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने पलामू सिविल सर्जन को पत्र लिखकर हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के पुराने खाली पड़े सीएचसी में अर्बन स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने की पहल शुरू कर दी है। इस संबन्ध में उन्होंने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के हरिहरगंज में पूर्व से संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन नवनिर्मित भवन में प्रारंभ हो चुका है। जिसके बाद पूर्व से जिस भवन में स्वास्थ्य केंद्र संचालित था , वह अब खाली पड़ा हुआ है। विधायक श्री सिंह ने जनहित को देखते हुए उक्त भवन में अर्बन स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने को लेकर यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की बात सीएस से कही है। उन्होंने कहा कि अर्बन स्वास्थ्य केंद्र संचालित होने पर क्षेत्र के लोगों को जांच, इलाज से लेकर तमाम तरह की चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इनके इस पहल का एनसीपी के कई नेताओं सहित गणमान्य व्यक्तियों ने सराहनीय कदम बताया है।

### ग्रामीण भारत के विकाश से होगा इंडिया का नवनिर्माण



पाकुड़ : पाकुड़ सदर के नबीनगर पंचायत के चेंगडांगा, हमरुळ, सिलपुर के पूर्व जिप अध्यक्ष सह भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू किया दौरा और सुनी ग्रामीणों की समस्या। इस दौरान ग्रामीणों ने पिने का पानी की समस्या, मनरेगा, ड्रेनेज सिस्टम, ग्रामीण हाट की समस्याओ पर पूर्व जिप अध्यक्ष से साझा किया। ग्रामीण ने बताया की आज पेंशन की स्वीकृति हो या राशन कार्ड निर्गत करने में बिचोलिये के अलावे नहीं हो रहा है। श्री मुर्मू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की डबल नगीने की सरकार रहने से प्रदेश तेजी से विकाश क्र रहा था पर आज राजमहल लोकसभा विकाश पे पैमाने में काफी पीछे हो गया है। मुमुर्जी ने एक एक कर मोदी सरकार के योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को बताया और उनके समस्याओ पर जल्द से जल्द जिला प्रशासन से वार्ता क्र उसके निदान हेतु कार्य करेंगे।

### विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

पाकुड़ : प्रखंड के उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय छक्कूधाड़ा के प्रधान शिक्षक आबुतालिब अंसारी के सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवानिवृत हुए प्रधान शिक्षक आबुतालिब अंसारी ने इस विद्यालय में 26 वर्षों तक अपनी सेवा प्रदान की। विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीईईओ-2 बाबुराम मुर्मू, शिक्षक सरोज कुमार पांडेय, सुभाष गुप्ता उपस्थित थे। सेवानिवृत प्रधान शिक्षक आबुतालिब अंसारी को उपस्थित मुख्य अतिथि तथा सभी शिक्षकों ने बारी-बारी से माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही उन्हें उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बीईओ बाबुराम मुर्मू ने कहा कि, सेवानिवृत प्रधान शिक्षक आबुतालिब अंसारी का कार्यकाल विद्यालय में सराहनीय रहा है। सरकारी सेवा में योगदान तथा सेवानिवृत होना एक सतत प्रक्रिया है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं- नासेर रेजा, मुश्ताक आलम, उषा किरण, सुफियान अंसारी, नीलू नलिना टुडू, गुलाम मुस्तफा अंसारी,अली शेर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने दीनदयाल उपाध्याय उद्यान का किया निरीक्षण



**राष्ट्रीय खबर**

पाकुड़: उपायुक्त वरुण रंजन ने नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत तातीपाड़ा स्थित दीन दयाल उपाध्याय उद्यान (रानी दिग्गी पटाल), हरिणडांगा मैदान में चाहरदीवारी, मैट्रिक के मूल्यांकन सेंटर व बैंक कॉलोनी स्थित स्टेडियम के बगल स्थित सरकारी भूमि एवं पुराना समाहरणालय स्थित प्रस्तावित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। उपायुक्त वरुण रंजन ने सबसे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान के सौंदर्यीकरण को लेकर किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मौके पर मौजूद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कौशलेश कुमार यादव ने उपायुक्त को उद्यान में किए जा रहे कार्यों के बाबत जानकारी देते हुए बताया कि रानी दिग्गी तालाब का गहराईकरण के साथ साथ उद्यान का सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। उपायुक्त ने मौके पर मौजूद संवेदक से उद्यान का सौंदर्यीकरण का कार्य कब तक पूरा हो जाएगा इसके बाबत जानकारी दी और जानकारी लेने के बाद उपायुक्त ने कहा कि वर्षा का मौसम आने वाला है ऐसे में सौंदर्यीकरण का कार्य जितना जल्दी हो उसे पूरा कर ले। वहीं इसके बाद उपायुक्त ने हरिणडंगा उच्च विद्यालय के मैदान के चाहरदीवारी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान काम बंद पाया गया वही नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि मैदान के पीछे स्थित मोहल्ले के लोगों के द्वारा मैदान से होकर एक रास्ता देने का मांग किया जा रहा इस को लेकर कार्य बंद है जल्दी कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वही हरिणडंगा उच्च विद्यालय के पास स्थित डाइट भवन में मैट्रिक परीक्षा के लिए बनाए गए मूल्यांकन केंद्र का उपायुक्त ने निरीक्षण किया और मौके पर मूल्यांकन कार्य में जुटे शिक्षकों से आवश्यक जानकारी उनके द्वारा ली गई। इसके साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था का भी उनके द्वारा जायजा लिया गया जायजा लेने के बाद उनके द्वारा कई दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा उपायुक्त ने पुराना समाहरणालय स्थित प्रस्तावित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र को जल्द से जल्द तैयार करें। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार दास, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, कार्यपालक दंडाधिकारी आशुतोष, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी कोशलेश कुमार यादव, एसएमपीओ पवन कुमार एवं सिटी मैनेजर समेत अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने की सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक

# बैंक खातों और अधिग्रहित भूमि के नामांतरण की समीक्षा की गई



**राष्ट्रीय खबर**

धनबाद: उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में सभी सरकारी विभागों के अनावश्यक बैंक खाता और अधिग्रहित भूमि के नामांतरण की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल के अधिकारी, कृषि पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, भूअर्जन पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी से बारी बारी कार्यालयों में खुले बैंक खातों का विवरण लिया। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को अपने अपने कार्यालयों के बैंक खातों की संख्या और उनमें मौजूद राशि की डाटा बनाने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 10 मई तक सभी अपने अपने कार्यालयों के बैंक खातों से संबंधित रिपोर्ट सौंपे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बैंकों में जमा अनावश्यक राशि सरेंडर करने और अनावश्यक बैंक खातों को बंद करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि एक ही योजना के कई खाते खुले हो तो उनमे से किसी एक खाता को चालू रखे अन्यत्र सभी को बंद करवा लें। साथ ही जब भी बैंक खाता खोले तो क्षेत्रीय स्तर पर जो सरकारी बैंक है उनमें ही खोले या फिर जो विभाग से निर्धारित निजी बैंक है उसी में खाता खोले। बैठक के दौरान उपयुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों से अधिग्रहित भूमि के नामांतरण की समीक्षा की। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को अपने अपने अंचल के अधिग्रहित भूमि के नामांतरण को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, भू अर्जन पदाधिकारी सतीश चंद्र, डीआरडीए निदेशक मुमताज अली अहमद, एडीएम लॉयन ऑर्डर कमला कांत गुप्ता, डायरेक्टर एनईपी श्रीमती इंदु रानी, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती स्नेह कश्यप, एलडीएम, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**खोज** — सोन एवं उसकी सहायक नदी उत्तर कोयल की घाटी में

# जपला में बिखरे पड़े है बौद्ध धर्म के प्राचीन अवशेष

**राष्ट्रीय खबर**



पलामू: सोन एवं उसकी सहायक नदी उत्तर कोयल की घाटी में पसरा पलामू जिला में विगत ढाई हजार वर्षों से लेकर बारहवीं शताब्दी तक के बौद्ध धर्म से संबंधित अवशेष खेतों से बस्तियों तक तथा जंगलों से पहाड़ों तक बिखरे पड़े हैं। विडंबना है कि इन अवशेषों का कोई सुध लेने वाला नहीं है- न सरकार,न जनता और न बौद्ध धर्म के अनुयायी ही। यहां बिखरे बौद्ध अवशेषों में बौद्ध स्तूप, बौद्ध विहार, बुद्ध प्रतिमा, बौद्ध प्रतीक, बौद्ध देवी तारा आदि उल्लेखनीय हैं। मोहम्मदगंज प्रखंड में उत्तर कोयल नदी के दाहिने तट पर अवस्थित पुरातात्विक महत्व के गांव सहार विहरा में पक्की ईंटों से निर्मित एक टीला है,जिसके अंड भाग के गर्भ में बुद्ध का विशाल प्रतिमा स्तंभ है।इसी नदी के तट पर पंसा गढ़ है, जो पुरातत्वविद डॉ एच पी सिन्हा के अनुसार बौद्ध स्तूप है। सहार विहरा के टीले में जमींदोज प्रस्तर स्तम्भ में उत्केरित दो मूर्तियां हैं, जिसमें एक बुद्ध की तथा दूसरी कोई देवी की प्रतीत होती है। हैदरनगर प्रखंड के सजवन गांव में सिर खंडित बुद्ध की प्रतिमा विद्यमान है, जिसे स्थानीय लोग धावर गोरया कहकर पूजा करते हैं।

कबरा कलां में बुद्ध का चित्र उकेरित एक लौह फलक मिला है,जो स्टेट म्यूजियम रांची में प्रदर्शित है। हुसैनाबाद प्रखंड के सबानो गांव में बौद्ध देवी तारा की खंडित मूर्ति एक कुआं से मिली है। ग्रामीणों द्वारा बौद्ध देवी तारा को एक नवनिर्मित मंदिर में स्थापित कर दिया गया है। इस प्रतिमा के आभामंडल के पास अभिलेख अंकित है। अभिलेख को पुरालेखक सुमित कुमार द्वारा पढ़ लिया गया है। यह अभिलेख नवीं शताब्दी का है।पंसा गढ़ से पत्थर का एक हाथी प्रतिमा मिली है, जो बुद्ध के जन्म का प्रतीक चिन्ह है। हुसैनाबाद प्रखंड के ऊपरी कलां गांव में प्रतिमा उकेरित कलाकृति युक्त प्राचीन काल का एक प्रस्तर स्तम्भ मिला है, जिसे स्थानीय लोगों ने शिव लिंग के रूप में एक मंदिर बनाकर स्थापित किया है।सच यह है कि इस प्रस्तर स्तम्भ पर उकेरित प्रतिमा बुद्ध की मां महामाया देवी की है, जो प्रस्तर स्तम्भ में गजलक्ष्मी के रूप में उकेरित है। यहां के अनेक गांवों का नाम बुद्ध से संबंधित है। मसलन- बुधुआ, सजवन(सालवन से व्यूत्पन्न),हेमजा (बुद्ध का एक नाम),लूंबा (लुंबिनी से व्यूत्पन्न),तारा (एक बौद्ध देवी का नाम) आदि। हुसैनाबाद के कई गांवों में मिट्टी का कृत्रिम टीला है, जिसमें महुअरी, दंगवार ,चानाकार कस्तुरी,पोलडीह,नील कोठी,बेनी और झरहा टोंगरा उल्लेखनीय है। मूलतः ये टीले प्राचीन कालीन बौद्ध स्तूप के अवशेष हैं।

# राकांपा ने शरद पवार को लिखा पत्र



**राष्ट्रीय खबर**

पलामू: राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को छोड़ने के फैसले से उनके सहित सम्पूर्ण झारखंड प्रदेश के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मर्माहत हैं।उन्होंने लिखा है कि शरद पवार जी के कुशल नेतृत्व मे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने सम्पूर्ण देश मे सफलता का परचम लहराया है। उन्होंने वर्तमान परिस्थिति मे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को शरद पवार के कुशल नेतृत्व की आवश्यकता बताया है। प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने निवेदन किया है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश के कार्यकताओं की भावनाओं को समझते हुए अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। यह पार्टी के हित में होगा।

## शहर >> अपडेट

### पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**कोडरमा:** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत घंघरी में गुरुवार की सुबह पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पत्नी ने गुस्से में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। महिला की पहचान गुड्डी देवी (उम्र 30 वर्ष, पति उपेंद्र सिंह, ग्राम घंघरी जयनगर) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पति पत्नी में झगड़ा के बाद गुड्डी देवी ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। परिजन उसे लेकर कोडरमा सदर अस्पताल पहुंचे जहां इलाज चल रहा है।

## सिटी अपडेट्स >>

### बाइक से गिर जाने के कारण जीजा, साला घायल

**पेटरवार :** पेटरवार बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर जाने के कारण जीजा- साला घायल हो गए। यह घटना बुधवार को अपराह्न करीब दो बजे की है। घायल जीजा - साला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार की। थाना क्षेत्र के बुढ़न गांव निवासी सुधीर मुर्मू (29 वर्ष) और ललपनिया निवासी साला राजू सोरेन (18 वर्ष) एक बाइक पर सवार होकर पेटरवार बाजार समान की खरीदारी करने आ रहे थे कि सुधीर मुर्मू ने बाइक से अपना नियंत्रण खो दिया जिसके कारण जीजा- साला सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों के सर और चेहरे पर मामूली चोट आई है।

### सवारी और टोटो की टक्कर में चार लोग घायल

**सतगावां :** थाना क्षेत्र के टोला गोनरडीह में रजाबर बासोडीह मुख्य पथ पर टोटो और सवारी गाड़ी में हुई टक्कर में चार लोग घायल हो गए। इनमें जाया देवी (65 वर्ष), रौशन कुमार (25 वर्ष), अमित साव (28 वर्ष), सुजीत साव (28 वर्ष) शामिल हैं। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतगावां लाया गया जहां सभी को प्रभारी चिकत्सक पदाधिकारी डा सत्यनारायण भक्त के द्वारा उपचार किया गया। इनमें जया देवी एवं रौशन कुमार को गंभीर देखते हुए कोडरमा सदर रेफर किया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सेवानिवृत्त एएसआई को दी गयी विदाई

**मरकच्चो:** थाना परिसर में गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए एएसआई रामजी प्रसाद को भावभीनी विदाई दी गई। वे बिहार राज्य के छपरा जिला के निवासी हैं। उन्होंने 28 अप्रैल को अवकाश प्राप्त किया था। मौके पर थानाध्यक्ष लवकुमार ने कहा कि रामजी प्रसाद हमलोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जिन्होंने थाना में पदस्थापन के बाद छुट्टी नहीं ली और पूरी तन्मयता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की नौकरी जवाबदेही से भरी है जिसका निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए। मौके पर एसआई उत्तम कुमार वैध, थाना के पुलिसकर्मियों के अलावे दिवाकर तिवारी, एम चंद्रा, आनेस्वर सिंह आदि उपस्थित थे।

### आचार्य कार्यशाला का आयोजन संपन्न

**बेरमो /फुसरो:** फुसरो नगर परिषद के फुसरो स्थित अनपती देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में द्वि -संकुल स्तरीय एक दिवसीय आचार्य कार्यकाल का आयोजन किया गया। इसमें कस्तूरबा एवं जरिडीह संकुल के कुल 11विद्यालय के आचार्यों की संयुक्त रूप से कार्यशाला का आयोजन हुआ। 10 विद्यालय से लगभग 150 आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय मंत्री ब्रह्मा जी राव उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि में सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, एसओपी प्रतुल कुमार उपस्थित थे। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्वलित और सरस्वती वंदना कर किया गया। कार्यशाला का आयोजन चार सत्र में किया गया। प्रथम सत्र में स्थानीय विद्यालय से प्रधानचार्य पंकज कुमार मिश्रा के द्वारा आये हुए अतिथियों का परिचय कराया गया।

**हादसा** डीजे वाहन और टेंपो में टक्कर

# युवती की मौत एक महिला घायल





राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** गुरुवार की सुबह जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत उरवां मोड़ के समीप एक टेंपो और डीजे लोड पिकअप वाहन के बीच हुई टक्कर में टेंपो पर सवार एक युवती की मौत हो गई। घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार टेंपू संख्या जेएच12 के 4782 कोडरमा से बरही की तरफ जा रही थी।

इसी दौरान सामने से आ रहे एक डीजे लोड पिकअप वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में टेंपो सवार लक्ष्मी कुमारी (16, पिता नरेश राणा, झरपो, टाटीझरिया) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ममता देवी (32, पति काली राणा, झरपो) घायल हो गई जिनका एक निजी क्लीनिक में उपचार चल रहा है। चंदवारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

रोड जाम की समस्या को लेकर

# सुरेंद्र मोदी ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड जयनगर के विभिन्न इलाकों में रोड जाम की समस्या के कारण विद्यालय के बच्चे, एंबुलेंस, सरकारी विद्यालय के शिक्षक घंटों जाम में फंसे रहते हैं। इस गर्मी में घंटो जाम के कारण विद्यालय के बच्चे परेशान हो रहे हैं। वही कई बार इमरजेंसी मरीज भी घंटो जाम में फंसा रह जाता है। जाम की समस्या के निष्पादन हेतु पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी ने लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि शादी के इस माहौल में डीजे वाहन क्षमता से अधिक चौड़ा करके अपने स्पीकर को बांधते हैं जोकि नियम संगत अपराध है। तीन दिन पहले अनियंत्रित होकर डीजे वाहन पलट गया और एक महिला की मौत हो गई थी।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वाहन जांच अभियान लगाया गया



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ मुख्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव एवं लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर बुधवार को बालूमाथ थाना चौक में वाहन जांच अभियान लगाया गया ।जहां जिला परिवहन कर्मी मो०अबुल के नेतृत्व में जांच अभियान में दोपहिया वाहनों चालको से कागजात हेलमेट एवं चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट सहित कागजात की जांच की गयी ।इस दौरान आधा दर्जन से अधिक वाहनों का दस हजार ऑफलाइन चलान एवं दो दर्जन से अधिक वाहनों का लगभग 82 हजार रुपये तक का ऑनलाइन चलान काटा गया ।मौके पर जानकारी देते मो०अबुल ने कहा की जिले के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर वाहन जांच अभियान लगाया गया था ।ताकि लोग यातायात नियमों का पालन करे और सुरक्षित रहें मौके पर बालूमाथ थाना एसआई कुबेर प्रसाद,संजय चौधरी सहित विशनाथ प्रसाद,दीपक कुमार, रमेश यादव,विशुनदेव यादव,पंकज कुमार,विराज लकड़ा,विनोद रवि सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे ।

## झारखंड सरकार के कृषि मंत्री द्वारा प्रदत्त सहायता राशि का किया गया वितरण



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने अपने वैवेकिक कोष से कोडरमा जिला के कई जरूरतमंदों एवं असहायो के बीच ड्राफ्ट के माध्यम से सहायता राशि उपलब्ध कराई है। ज्ञात हो माननीय कृषि मंत्री बादल जी का कोडरमा वासियों के प्रति विशेष लगाव है और इनके कोडरमा आगमन पर अनेक जरूरतमंदों ने व्यक्तिगत रूप से भेंट कर राहत हेतु गुहार लगाई थी जिनका विस्तृत ब्यौरा कोडरमा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू ने मंत्री कोषांग में जमा कराया था। आज झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र के ऐसे ही लाभुक, तिलैया बस्ती वार्ड 2 निवासी वरिष्ठ उद्यमी महिला शोभा देवी एवं वार्ड 24 निवासी दिव्यांग मोबाइल दुकानदार गोविंद साव को झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सहाय के मुख्य उपस्थिति में नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, वरिष्ठ कांग्रेसी उत्तम दास पाल, युवा नेता नवनीत ओझा बंटी, जिला सचिव संतोष यादव ने ड्राफ्ट सुपुर्द किया। लाभुकों ने इसके लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया है। श्री सहाय ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी कृषि मंत्री के वैवेकिक कोष से जिला वासियों हेतु सहायता राशि उपलब्ध कराने का प्रयास करता रहूंगा। ड्राफ्ट वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जहीरूद्दीन ,सुरेंद्र कुमार, अर्जुन रजक, इरफान अलम, सहूद खान, लक्ष्मण विश्वकर्मा उपस्थित हुए।

## आज होगा मधुबन में झारखंड के राज्यपाल का आगमन



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़ :** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के आगमन को लेकर मधुबन में तैयारियां जोरों से चल रही है। जगह जगह पर तोरण द्वार एवं पोस्टर लगाए जा रहे हैं। वही मधुबन स्वच्छता समिति की ओर से मधुबन मोड़ से लेकर पूरे मधुबन में साफ-सफाई बेहतर तरीके से किया जा रहा है। स्वच्छता समिति के सफाई कर्मी सुबह से ही रोड एवं चौक चौराहे को साफ करने में लगे हुए हैं ।यहां यह बता दें कि शुक्रवार को मधुबन में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का आगमन होने वाला है।

इसी को देखते हुए बेहतर तरीके से मधुबन को साफ किया जा रहा है ।राज्यपाल मधुबन स्थित तमिलनाडु भवन ट्रस्ट की ओर से 5 मई को आयोजित लघु पंचकल्याणक महा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने आ रहे हैं ।जानकारी के मुताबिक राज्यपाल मधुबन आने के बाद सबसे पहले मधुबन मोड़ मैं स्थित कस्तूरबा बालिका विद्यालय व सिंहपुर के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के स्कूली बच्चों से राज्यपाल मिलेंगे जिसके बाद वह धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे ।राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला के तमाम प्रशासनिक अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम में लगे हुए हैं।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में पोस्टर मेकिंग कंपटीशन



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत इंटर हाउस पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें कुल 27 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इसमें पावन हाउस की छात्रा रिशु कुमारी को प्रथम, आकाश हाउस की छात्रा ऋषिका कुमारी, पानी हाउस की छात्रा साक्षी राज को संयुक्त रूप से द्वितीय और धरती हाउस की छात्रा सौम्या कुमारी राम को तृतीय स्थान मिला। निर्णायक की भूमिका रजनी बाला, सुमित साव और अनमोल रतन ने निभाई। जबकि जूनियर वर्ग में कार्टून कैरेक्टर मेकिंग कंपटीशन हुआ। इसमें तेजस कुमार को प्रथम, तन्मय कुमार को द्वितीय और साक्षी रजक को तृतीय स्थान मिला। बच्चों ने पोस्टर मेकिंग और कार्टून करैक्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में वर्ग 6 से 8 में कोऑर्डिनेटर सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, संजय कुमार, मनोज सिंह, राहुल कुमार, जुनियर वर्ग में कुंतल जेठवा, लता सिन्हा, अलका सिंह, किशोर कुणाल, रूबी वर्मा, सपना शर्मा, रेणु सेठ, सरोज पांडेय, स्वाति कुमारी, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, दीक्षा सिंह, कामिनी सहाय और मरियम मैडम समेत अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।

**विरोध** ग्रेड पे कम किए जाने के खिलाफ जनसेवक संघ ने दिया एकदिवसीय धरना

# सीटू और अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने किया समर्थन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** झारखंड सरकार के कृषि विभाग के द्वारा जनसेवकों का ग्रेड पे कम किए जाने के खिलाफ झारखंड राज्य जनसेवक संघ ने राज्यव्यापी आह्वान पर जिला समाहरणालय पर एकदिवसीय धरना दिया। धरना में सीटू और अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ सहित कई संगठनों के नेताओं ने आंदोलन में शामिल होकर समर्थन दिया। धरना स्थल पर जनसेवक संघ के जिलाध्यक्ष हिमांशु हिमवान व रवि रंजन के संचालन में हुई सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार के सलाहकार ब्यूरोक्रेट आईएएस दिग्भ्रमित कर रहे हैं, गलत रास्ते पर ले जा रहे हैं और हेमंत सरकार को बदनाम कर रहे हैं। दस साल में वेतन बढ़ता है, प्रमोशन मिलता है लेकिन उसके बदले 2012 में बहाल इन जनसेवकों का ग्रेड पे घटा दिया गया। जो गैरकानूनी और नियम विरुद्ध है ।जनसेवक संघ के नेताओं ने सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि कि ग्रेड पे घटाने का आदेश अविलंब वापस लिया जाय. अन्यथा 9 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होगें। सभा को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, जिला संयोजक रमेश प्रजापति, झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी, जिला मंत्री शशि कुमार पांडेय, संयुक्त सचिव दिनेश रविदास, जनसेवक संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष दिलीप कुमार, झारोटेफ के जिलाध्यक्ष वासुदेव राम, महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय अध्यक्ष सुधा शर्मा, मनोज वाजपेयी, अनुबंध पारा चिकित्सा कर्मी संघ के सचिव इन्द्रदेव यादव, एएनएम जीएनएम संघ के अध्यक्ष सागर रजनीश आदि ने सम्बोधित किया। धरना में जनसेवक संघ के सचिव सतीश कुमार, सनोज कुमार यादव, प्रेम कुमार, विकास रंजन, बिनोद कुमार, बिनोद रविदास, अनील कुमार, अनील यादव, इन्द्रदेव कुमार, राकेश कुमार, राकेश सिन्हा, जान सोरेन, कपिलदेव यादव, मनोज कुमार, निर्मला एक्का,, नूतन कुमारी, अजय पंडित, देवनारायण गोप, अमित कुमार, अजय साव, सर्वेश कुमार, संतोष मिश्रा, राजीव कुमार, विमलेश पासवान, बिनोद उरांव, मुकेश दास, पंकज कुमार आदि शामिल थे।

## न्यूज फटाफट

### सांसद व विधायक ने बुंडू पंचायत को दी सौगात



**पेटरवार :** पेटरवार गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गुरुवार को पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत को दी सौगात। सांसद और विधायक ने बुंडू मुखिया निहारिका सुकृति को अनुशंसा पत्र सौपा। बुंडू मुखिया की मांग पर गिरिडीह के सांसद ने बुंडू पंचायत को मॉडल और स्मार्ट पंचायत बनाने के लिए सांसद मद की राशि से 200 डस्टबीन आपूर्ति करने के लिए जिले के उपायुक्त को अनुशंसा पत्र भेजा गया ताकि बुंडू पंचायत में कचरा उठाव व संग्रहण करने में आसानी हो सके। इस दौरान गोमिया विधायक ने बुंडू मुखिया की मांग पर पंचायत में स्थित बालिका मध्य विद्यालय में 15 गुने 15 का टाइल्स, मार्बल युक्त शौचालय एम एच एम लैब कमरा का निर्माण विधायक मद से कराने की अनुशंसा जिले के उप विकास आयुक्त से की है।

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना का नारियल फोड़कर किया शिलान्यास



**पेटरवार :** पेटरवार मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित होने वाली पीसीसी पथ निर्माण की शिलान्यास गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गुरुवार को पूजा- अर्चना व नारियल फोड़ कर की। उक्त सड़क का निर्माण आर ई ओ रोड ओसाम मोड़ से सावना जारा तक 72 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। मौके मुखिय संघ के अध्यक्ष रानी कुमारी मुर्मू, कोह मुखिया राजेन्द्र रजवार, अरजुवा मुखिया उर्मिला देवी, आजसू के केंद्रीय सदस्य श्रीधर महतो, विधायक प्रतिनिधि चंदन सिन्हा, जगदेव महतो, अरविंद महतो, राम चरण महतो, रितेश सिन्हा, राजू महतो, प्रदीप राज, भीखू मरांडी, बिरालाल मांझी, सुकर महतो, जगतु महतो, बलदेव महतो, संतोष रजवार, सुरेश महतो, रामफल महतो, मंगर महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### टीबी बिमारी को लेकर सामुदायिक बैठक



**कुडू :** लोहरदगा जिले में पीरामल स्वास्थ्य टीबी मुक्त पंचायत एवं गांव बनाने को लेकर पूरी तरह से कटिबद्ध है। इसके लिए लगातार ग्राम सभा, सामुदायिक बैठक, महिला मंडल, सहिया, सहिया साथी, पंचायत प्रतिनिधियों, एएनएम एवं सीएचओ के साथ बैठक कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा कुडू प्रखंड के बड़की चापी गांव में पाहन एतवा उराँव एवं युथ को चिन्हित कर टीबी के बारे में सेनसेटाईज किया गया और बताया कि आप लोग टीबी बिमारी को लेकर ग्रामीणों को भी जागरूक करें ताकि एक भी टीबी मरीज जानकारी के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रह सके। । बैठक के दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि लगातार दो सप्ताह या उससे अधिक दिनों से खांसी आ रहा हो, वजन घट रहा हो, बुखार हो, सीने में दर्द हो, बलगम के साथ खून निकल रहा हो, रात में सोने के समय पसीना आ रहा हो तो अविलंब टीबी की जांच अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर जरुर कराएं। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक बिमारी है जो माईकोबैकटेरियम ट्यूबरकुलोसिस से होता है, जो हवा के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। टीबी बिमारी का समय पर इलाज नहीं होने पर जानलेवा भी हो सकता है। इस दौरान पीरामल स्वास्थ्य के डीपीसी आशिश कुमार ने भी टीबी के बारे में जानकारी दी।

### पंचायत सचिवालय में स्वच्छता पर किया श्रमदान



**कुडू :** बड़की चापि पंचायत सचिव सीताराम उरांव के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बड़की चांपि पंचायत सचिवालय में स्वच्छता में श्रमदान किया गया। साथ ही बड़की चांपि बाजार परिसर का साफ सफाई किया गया । इस मौके पर उपस्थित लोगों को पंचायत सचिव सीताराम उरांव के द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस मौके पर जलसहिया चुन्द सलमी देवी,बंदुआ मैनी देवी,छोटकी चांपि मुनी उरांव,जरियो सुनीता देवी,होटवार सुगो देवी,मेठ शांति देवी,प्रदान संस्था से लक्ष्मी उरांव, सहित बिनेश्वर लोहरा,देवंती देवी,गन्धारी देवी,लीला देवी उपस्थित थे।

### ग्रामीण स्वच्छता पखवाड़ा रात्रि चौपाल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**इचाक :** इचाक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्वच्छता पखवाड़ा रात्रि चौपाल कार्यक्रम ग्राम बोंगा में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का किया गया आयोजन। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश मेहता एवं संचालन पंचायत सचिव रामेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम मुख्य रूप से स्वच्छता पर जागरूक करते हुए बताया गया कि प्लास्टिक पेपर का ज्यादा उपयोग नहीं करना है व उपयोग करने के बाद खुली जगह में नहीं फेंकना है। पुनः उसे दुबरा उपयोग में लाया जा सकता है । खुले में शोच नहीं करना है। घर के अगल-बगल गंदगी नहीं फैलाना है । अगल बगल साफ सुथरा रखना है। रात में सोने से पहले मछरदानी लगा कर सोना है, ताकि मलेरिया जैसे बीमारी से बचा जा सके। नाली गली एवं रोड समय-समय पर साफ करते रहना है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य वीणा देवी ,उप मुखिया विनीता देवी, सभी वार्ड सदस्य एवं सहिया गजाला परवीन, चिंता देवी ,बेबी देवी ,सभी आंगनबाड़ी सेविका, विनोद मेहता ,अशोक प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद ,कमल प्रजापति, प्रकाश मेहता ,रेखा देवी, संजू देवी, रोजगार सेवक विनय कुमार रजक ,शकुंतला देवी, उदय कुमार, अशोक राणा, समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## न्यूज फटाफट

### मेस्सी के साथ अनुबंध करना चाहता है सऊदी अरब : रिपोर्ट



रियाद: पेरिस सेंट-जर्मेन के साथ लियोनेल मेस्सी का अनुबंध समाप्त होने के बाद सऊदी अरब की सरकार अर्जेंटीना के कप्तान के साथ बातचीत कर रही है और फुटबॉल के इतिहास का ''सबसे आकर्षक वेतन'' देने की तैयारी में है। द टेलीग्राफ की ओर से बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, मेस्सी के प्रतिनिधियों और रियाद के बीच मेस्सी को सऊदी प्रो लीग में लाने के लिये बातचीत चल रही है। सऊदी अरब मेस्सी को अपनी लीग में खेलने के लिये सालाना 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर दे सकता है, जो कि 2025 की गर्मियों तक सऊदी अरब में खेलने के लिये क्रिस्टियानो रोनाल्डो को दिये जा रहे सालाना 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर से दोगुना अधिक है। उल्लेखनीय है कि फ्रांसीसी खेल समाचार पत्र ल इक्विप ने मंगलवार को बताया था कि पीएसजी ने मेस्सी के साथ अनुबंध को समाप्त करने का फैसला किया है। रिपोर्ट के अनुसार, पीएसजी के प्रबंधक क्रिस्टोफ़ गाल्टियर ने सऊदी अरब की अनधिकृत यात्रा के लिये मेस्सी को दो सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया है। मीडिया को ज्ञात हुआ कि मेस्सी क्लब प्रबंधक की अनुमति के बिना रियाद के लिये रवाना हुए थे। क्लब के प्रशासन ने इसी यात्रा के बाद मेस्सी के साथ अनुबंध समाप्त करने का निर्णय लिया। मेस्सी 2021 की गर्मियों में बार्सिलोना से प्रस्थान करने के बाद दो साल के अनुबंध पर पीएसजी में शामिल हुए थे। पीएसजी के साथ उनका अनुबंध इस साल समाप्त हो जाएगा। मेस्सी ने हाल ही में कतर में आयोजित फीफा विश्व कप जीतने वाली अर्जेंटीना टीम की कप्तानी की थी। उन्हें उस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था।

### पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में दीपक, गोविंद ने जीत दर्ज़ की



**ताशकंद:** दीपक बोहरिया और गोविंद साहनी ने गुरुवार को यहां आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। एशियाई चैंपियनशिप 2019 के रजत पदक विजेता दीपक ने 51 किग्रा वर्ग के पहले चरण के मैच में कोलंबिया के लुइस डेलगाडो को 5-0 से हराया, जबकि गोविंद साहनी ने 48 किग्रा वर्ग के दूसरे दौर के मैच में ताजिकिस्तान के मेहरोन शफीव को 5-0 से परास्त किया। छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा और नरेंद्र बेरवाल भी आज मुकाबला करेंगे।

### पीएसजी ने नेमार के घर के बाहर नारेबाज़ी की निंदा की



**पेरिस:** लीग 1 के क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने गुरुवार को नेमार के घर के बाहर हंगामा करने वाले प्रशंसकों की निंदा की। उल्लेखनीय है कि पीएसजी के कुछ उग्रवादी प्रशंसक बुधवार को क्लब मुख्यालय के बाहर बोर्ड से इस्तीफा देने की मांग कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने नेमार के आवास का रुख कर उनके खिलाफ नारेबाजी की थी। पीएसजी ने एक बयान में कहा, ''हमारा बीच जो भी मतभेद हो, इस तरह की कार्रवाई किसी सूरत में उचित नहीं है। क्लब इस शर्मनाक बर्ताव का शिकार हुए अपने खिलाड़ियों, स्टाफ और अन्य सभी लोगों का पूरा समर्थन करता है। पेरिस सेंट-जर्मेन बुधवार को हुई व्यक्तियों के एक छोटे समूह के असहनीय और अपमानजनक कार्यों की कड़ी शब्दों में निंदा करता है। नेमार ने हाल ही में टखने की चोट की सर्जरी करवाई और उन्हें कुछ समय के लिये खेल से दूर रहना पड़ा। नेमार ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट में अपनी चोट के बाद 'मजबूत वापसी' करने की प्रतिज्ञा ली थी।

**समारोह** योगी लॉन्च करेंगे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का लोगो, शुभंकर और जर्सी

# योगी और अनुराग ठाकुर मशाल रिले को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे

▶▶ अनुराग सिंह ठाकुर और उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी उपस्थित रहेंगें




एजेंसियां

**लखनऊः** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) की पहली बार मेजबानी कर रहे उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके लोगो, शुभंकर, एंथम और जर्सी को लॉन्च करेंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले इस समारोह में केंद्रीय खेल और युवा कल्याण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और उत्तर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर योगी और अनुराग ठाकुर मशाल रिले को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अगले 20 दिनों तक उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में चार मशालें घूमेंगी और इस रैली का हर जिले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वागत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यूपी में बड़े पैमाने पर खेलों के कायाकल्प में जुटी योगी सरकार के प्रयासों के चलते 25 मई से प्रदेश के चार शहरों में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन लखनऊ में 25 मई को बीबीडी यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड में एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगा और इसका समापन तीन जून को बीएचयू वाराणसी में होगा।

रूट प्लान के अनुसार, मशाल मेजबान प्रदेश के 4 क्षेत्रों (पश्चिमी, पूर्वी, मध्य और बुंदेलखंड) में यात्रा करेगी और सभी जिलों को मशाल रिले की मेजबानी करने का मौका मिलेगा। लखनऊ में उद्घाटन समारोह (25 मई) के दिन सभी 4 खेल मशालें वापस आएंगी। हालांकि यह आयोजन 25 मई से शुरू होगा, लेकिन कबड्डी जैसे खेल 23 मई से एसवीएसपी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) में शुरू होंगे। केआईयूजी 2022 उत्तर प्रदेश के चार शहरों वाराणसी, गोरखपुर, नोएडा में आयोजित किया जाएगा और राजधानी लखनऊ के अलावा, शूटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन नई दिल्ली में भी किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार लखनऊ आठ स्थानों पर 12 खेलों (तीरंदाजी, जूडो, मल्लखंब, वॉलीबॉल, तलवारबाजी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, रग्बी, एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल की मेजबानी करेगा। गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) तीन स्थानों में पांच खेल (बास्केटबॉल, कबड्डी, मुक्केबाजी, तैराकी और भारोत्तोलन) की मेजबानी करेगा। वाराणसी आईआईटी-बीएचयू, दो खेलों (कुश्ती और योगासन) की मेजबानी करेगा, जबकि, गोरखपुर और दिल्ली क्रमशः रोइंग और शूटिंग इवेंट का आयोजन करेंगे। रोइंग को पहली बार इन गेम्स में शामिल किया गया है।

## खेल जगत अपडेट्स »

### कड़ी मशक्कत के बाद सेमीफाइनल में अल्काराज



**मैड्रिड:** स्पेन की युवा सनसनी और शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज कड़ी मशक्कत के बाद रूस के कारेन खचानोव को हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रहे। इसी हफ्ते अपना 20वां जन्मदिन मनाने वाले अल्काराज ने बुधवार को 10वीं सीड खचानोव को 6-4, 7-5 से मात दी। दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी अल्काराज रविवार के फाइनल में जगह बनाने के लिये बोर्ना कॉरिक या डेनियल अल्तमाइर में से किसी एक से मुकाबला करेंगे। अल्काराज ने जीत के बाद कहा, ''मैं इस तरह के शानदार स्तर पर खेलकर मैच को खत्म करने से बहुत खुश हूं। अलग-अलग शॉट लगाने और टेनिस को अलग बनाने की कोशिश करना मेरी शैली है। यही मेरा खेलने का तरीका है।'' इसी बीच, महिला एकल में रूस की 12वीं वरीय वेरोनिका कुदेरमेतोवा अमेरिका की तीसरी वरीय जेसिका पेगुला को 6-4, 0-6, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गईं।

### स्विस मसाज चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं अनामिका

**नयी दिल्ली:** खेल थेरेपिस्ट अनामिका बरमन दास स्विस मसाज चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गयी हैं। असम की अनामिका ने 29 और 30 मार्च को आयोजित हुई चैंपियनशिप की 'एडवांस मसाज' श्रेणी में रजत पदक जबकि 'हॉलिस्टिक मसाज' श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ खेल मसाज थेरेपिस्ट के तौर पर काम करने वाली अनामिका ने यहां मीडिया को बताया कि वह ताइक्वांडो में द्वितीय स्तर की ब्लैक बेल्ट भी हैं। उन्हें इस विधा में कोच की भूमिका निभाने का अवसर भी मिला था लेकिन उनका रुझान खेल थेरेपी की ओर था और वह इस क्षेत्र में साई के साथ काम करके खुश हैं।

# पहलवानों ने दी पदक वापस करने की चेतावनी

एजेंसियां



नयी दिल्लीः दिल्ली पुलिस के कथित उजड्ड बर्ताव से निराश प्रदर्शनकारी पहलवानों ने गुरुवार को पद्मश्री सहित अपने सभी पदक सरकार को लौटाने की चेतावनी देते हुए कहा कि जब उन्हें इस तरह का अपमान सहना है तो राज्य के ये सम्मान अर्थहीन हैं। उल्लेखनीय है कि बुधवार रात करीब 11 बजे जंतर-मंतर पर पुलिस ने प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ कथित तौर पर मारपीट की। विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने कहा कि उनके साथ पुरुष पुलिस अफसरों ने गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। उन्होंने कहा कि संगीता फोगाट के भाई दुष्यंत को इस दौरान चोटें भी आयीं। बजरंग पूनिया ने बुधवार रात पत्रकारों से कहा कि कुछ लोग बारिश के बाद सोने के लिये चारपाइयां लेकर आये थे, तभी पुलिस ने उन पर हमला कर दिया। नयी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त प्रणव तयाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती प्रदर्शन स्थल पर बिना अनुमति चारपाइयां लेकर आये थे। पुलिस के रोकने पर श्री भारती के समर्थक आक्रामक हो गये जिसके बाद झड़प शुरू हो गयी। उल्लेखनीय है कि पूनिया, फोगाट और मलिक सहित कई पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन पर बैठे हैं। बृजभूषण पर महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोप हैं और प्रदर्शनकारी पहलवान उनकी गिरफ्तारी एवं जांच की मांग कर रहे हैं।

# केकेआर में शामिल हुए चार्ल्स

एजेंसियां



**कोलकाता :** दो बार के टी20 विश्व कप चैंपियन जॉनसन चार्ल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के बचे हुए मैचों के लिये लिटन दास की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शामिल हो गये हैं। बीसीसीआई ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। साल 2012 और 2016 में टी20 विश्व चैंपियन का ताज पहनने वाली वेस्ट इंडीज टीम का हिस्सा रहे चार्ल्स शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी का खास अनुभव रखते हैं। उन्होंने 219 टी20 मैच खेलकर 179 मैचों में ओपनर की भूमिका निभाई है। चार्ल्स ने हालांकि छह साल वेस्ट इंडीज टीम से बाहर रहने के बाद अक्टूबर 2022 में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है। उन्होंने मार्च में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गये टी20 मैच में 39 गेंदों पर शतक जड़कर सनसनी मचाई थी। यह केकेआर में 50 लाख की कीमत पर शामिल होने वाले चार्ल्स का पहला आईपीएल कार्यकाल होगा, जबकि वह इससे पहले बंगलादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका और अफगानिस्तान की लीगों में शिरकत कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि बंगलादेश के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज लिटन केकेआर के साथ एक मैच खेलने के बाद पारिवारिक कारणों से स्वदेश लौट गये थे। इसके बाद उन्हें बंगलादेश और आयरलैंड के बीच होने वाली एकदिवसीय शृंखला में भी हिस्सा लेना था।

# फीमेल सेंट्रिक स्पाई यूनिवर्स फिल्म में काम करेंगी कैटरीना-दीपिका!



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ और दीपिका पादुकोण फीमेल सेंट्रिक स्पाई यूनिवर्स फिल्म में काम करती नजर आ सकती हैं। यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स फिल्म टाइगर वर्सेज पठान बनाने जा रहा है। चर्चा है कि यशराज फिल्मस दीपिका पादुकोण और कैटरीना कैफ को साथ में लेकर एक एक्शन फिल्म बनाएगा। यशराज फिल्म्स एक फीमेल सेंट्रिक स्पाई यूनिवर्स फिल्म बनाने वाला है, जिसमें दीपिका पादुकोण और कैटरीना कैफ लीड रोल में नजर आ सकती हैं। ह्यटाइगर वर्सेज पठानह्ल में जिस तरह से सलमान खान और शाहरुख खान साथ में नजर आएंगे। उसी तरह कैटरीना और दीपिका भी एक साथ लीड रोल में नजर आ सकती हैं।

# गजनी 2 में काम करेंगे आमिर खान!




एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी सुपरहिट फिल्म गजनी के सीक्वल गजनी 2 में काम करते नजर आ सकते हैं। आमिर खान ने फिल्म इंडस्ट्री से ब्रेक ले रखा है। 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' और 'लाल सिंह चड्ढा' की असफलता के बाद आमिर खान ने फिल्म इंडस्ट्री से ब्रेक ले लिया है। चर्चा है कि आमिर खान इन दिनों दक्षिण भारतीय सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद के साथ मिलकर अगली फिल्मों पर चर्चा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्ममेकर अल्लू अरविंद ने आमिर खान के साथ गजनी 2 को लेकर एक विचार साझा किया है। फिल्म गजनी में आमिर खान ने बिजनेसमैन संजय सिंघानिया का किरदार निभाया था। फिल्म गजनी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। निर्माता अल्लू अरविंद ने संजय सिंघानिया के इसी किरदार को आगे लेकर गजनी 2 की भूमिका बनाई है, जिसके लिए आमिर खान से चर्चा चल रही है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो जल्दी ही इसे लेकर मेकर्स एक बड़ा ऐलान कर सकते हैं।

## 19 मई को रिलीज होगी पवन सिंह की कइसे हो जाला प्यार

एजेंसियां



**मुंबईः** भोजपुरी फिल्मो के पावर स्टार पवन सिंह की फिल्म 'कइसे हो जाला प्यार' 19 मई को रिलीज होगी। फिल्म निर्माता और वितरक निशांत उज्जवल ने फिल्म कइसे हो जाला प्यार का पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और कहा कि पावर स्टार पवन सिंह एक बार फिर से दर्शकों के बीच एक बेहतरीन फिल्म लेकर आ रहे हैं। अपने चहेते स्टार की फिल्म को प्यार और आशीर्वाद देने के लिए तैयार हो जाइए। निशांत उज्जवल ने कहा कि 'कइसे हो जाला प्यार' एक शानदार लव स्टोरी है, जिसके जरिए पवन सिंह और काजल राघवानी लंबे अरसे बाद एक बार फिर से बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं जिसको लेकर दोनों के फैंस को बेसब्री से इंतजार है। उनके साथ फिल्म में ब्रजेश त्रिपाठी, राज प्रेमी, अमित शुक्ला भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्देशक जगदीश शर्मा है। निर्माता राजीव रंजन सिंह और अमित कुमार सिंह हैं।

# सलमान खान को लेकर शेरखान बनायेंगे सोहेल खान!

एजेंसियां



**मुंबईः** बॉलीवुड फिल्मकार सोहेल खान अपने भाई सलमान खान को लेकर फिल्म शेरखान बना सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि सलमान अपने छोटे भाई सोहेल खान की ड्रीम फिल्म शेरखान पर काम शुरू कर सकते हैं।शेरखान हैवी वीएफएक्स के चलते शुरू नहीं हो पा रही थी।

सोहेल इसे सालों पहले बनाना चाहते थे लेकिन हैवी वीएफएक्स के चलते वह इसे शुरू नहीं कर पाए। फिलहाल उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर इसकी कहानी लॉक कर ली है। साथ ही सलमान खान से भी बात की है। सलमान शेरखान का हिस्सा बनने के लिए एक्साइटेड हैं। हो सकता है कि जल्द ही सलमान खान शेरखान शुरू कर दें। चर्चा है कि सोहेल खान अपनी ड्रीम फिल्म शेरखान के लिए बड़ी वीएफएक्स कम्पनी को साइन करेंगे, जो इसके सीन्स डिजाइन करेगी।

# हर जॉनर की फिल्म में काम करना चाहती है आकांक्षा अवस्थी

एजेंसियां



**मुंबईः** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा अवस्थी हर जॉनर की फिल्म में काम करना चाहती है। खेसारी लाल यादव के साथ 'दबंग सरकार',पवन सिंह के साथ 'जय हिंद' और प्रदीप पांडेय चिंटू के साथ 'विवाह' में काम कर चुकी आकांक्षा अवस्थी की तीन फिल्में रिलीज को भी तैयार है। आकांक्षा अवस्थी की रिलीज होने वाली फिल्मों में हमार दबंग बहुरिया, अम्बा और मेरे पापा हैं। आकांक्षा अवस्थी ने कहा कि फिल्मों की कहानी को पर्दे पर जीने में खूब मजा भी आता है और उसके लिए हार्ड वर्क भी करना होता है। लेकिन भोजपुरी के दर्शकों ने अपने प्यार और आशीर्वाद से जो मुकाम इतने कम समय में मुझे इंडस्ट्री में दिया है, उसके लिए मैं हार्ड वर्क से पीछे नहीं हटती। इसी का परिणाम है कि आज मेरी तीन खूबसूरत फिल्में दर्शकों के बीच आने को तैयार हैं, जबकि 4 अन्य फिल्मों की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। आकांक्षा अवस्थी ने बताया कि उनकी फिल्म चिंगारी, दुल्हिन नंबर 1, ब्ल×फ मास्टर और नेहिया के डोर की शूटिंग मई और जून में होनी है। इसके लिए उन्होंने अलग से तैयारी की है। उन्होंने कहा कि मुझे हर जॉनर की कहानी के साथ अलग-अलग किरदार को जीना बेहद पसंद रहा है। फिल्म इंडस्ट्री में मेरी अब तक की जर्नी अच्छी रही है, लेकिन अभी और भी काम करना है और भी लक्ष्यों को पार करना है। ये सारी फिल्में जितना मेरे अंदर अभिनय स्किल को विस्तार देने वाली है। इसलिए मैं अधिक से अधिक ऐसी फिल्में करना चाहती हूं, जहां मेरे काम को ध्यान से देखा जाए।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची शुक्रवार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
5.05.2023



## दायर याचिका पर 8 मई को सुनवाई

रांचीः झारखंड में नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में दायर रिट याचिका पर सुनवाई 8 मई को होगी। मामले की जल्द सुनवाई का आग्रह करते हुए अधिवक्ता विनोद सिंह ने इस मामले को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में गुरुवार को मेंशन किया। जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई सोमवार को निर्धारित की।बता दें कि पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य पार्षदों की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि राज्य में जल्द निकायों का चुनाव कराया जाए।

**समर्पण** 145 ज्यादा नक्सल कांडों रहा है शामिल

# 15 लाख के इनामी इंदल गंझू ने किया सरेंडर

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** आज भाकपा माओवादियों को एक और बड़ा झटका लगा है। भाकपा माओवादियों के थिंक टैंक माने जाने वाले रिजनल कमिटी के सदस्य इंदल गंझू उर्फ ललन ने आज आईजी अभियान अमोल वी होमकर के सामने आधिकारिक रूप से सरेंडर कर दिया। इंदल के सिर पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। गुरुवार को इंदल गंझू ने रांची आईजी कार्यालय में आईजी अभियान, आईजी सीआरपीएफ और चतरा एसपी के सामने सरेंडर किया। इंदल एक दुर्दांत नक्सली कमांडर था, उस पर 145 से ज्यादा नक्सल कांड दर्ज हैं। आईजी अभियान अमोल होमकर ने बताया कि 15 लाख का इनामी इंदल बीते दिनों चतरा में हुए पुलिस मुठभेड़ में शामिल था। इस मुठभेड़ में पांच शीर्ष नक्सली मारे गए थे। मुठभेड़ के दौरान इंदल किसी तरह भाग कर बिहार पहुंच गया था। उसके बाद वह पुलिस के संपर्क में आया और सरेंडर करने की बात कही। इंदल गंझू मूल रूप से बिहार के गया के इमामगंज के असरैना गांव का रहने वाला है। इंदल के सरेंडर करने से माओवादियों का प्रभाव मध्यजोन बेहद कम हो गया है। पिछले एक महीने के दौरान भाकपा माओवादियों को मध्य जोन में बड़ा झटका लगा है। लावालौंग में दो सैक कमांडरों समेत पांच इनामी माओवादियों के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद इंदल ने सरेंडर किया। वहीं इसी महीने चार इनामी नक्सलियों ने भी चतरा में हथियार डाल दिए थे। एक माह में पांच शीर्ष नक्सलियों के मारे जाने और एक साथ चार-चार इनामी माओवादियों के सरेंडर करना पुलिस महकमा के लिये राज्य स्तर पर अबतक की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही।

# कचहरी चौक से कांटाटोली चौक तक सड़क चौड़ीकरण में देरी



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**राजधानी के प्रमुख सर्कुलर रोड को फोरलेनिंग एवं चौड़ीकरण करने की कार्रवाई बिजली विभाग के असहयोगात्मक रवैये के कारण शुरू नहीं हो पा रही है। नगर विकास विभाग ने कचहरी चौक से कांटाटोली चौक तक 2.772 किलोमीटर सड़क को फोरलेनिंग करने की सभी जरूरते पूरी कर ली है। इस कार्य के लिए एजेंसी को कायार्देश भी दिया जा चुका है।पिछले अगस्त 2022 से ही बिजली बोर्ड को लगभग एक सौ खंभो एवं 30 ट्रांसफारमर को किनारे करने के लिए प्राक्कलन उपलब्ध कराने के संबंध में पत्राचार किया जा चुका है। साथ ही 11 केवीए, 33 केवीए, 440 वोल्ट और 220 वोल्ट के तारो को भी भूमिगत करने के लिए प्राक्कलन को नई दर से तैयार करने का अनुरोध पत्रों के माध्यम से किया जा चुका है। लेकिन बिजली विभाग द्वारा आठ महीने के बाद भी प्राक्कलन उपलब्ध नहीं कराया है। जिसके कारण फोरलेनिग का कम बाधित हो रहा है। सर्कुलर रोड के दोनों किनारों पर महत्वपूर्ण शिक्षण एवं कोचिंग संस्थान है । इस वजह से सर्कुलर रोड हमेशा जाम की समस्या से त्रस्त रहता है । इसको दूर करने के लिए सड़क को 15 से 17 मीटर चौड़ाकर फोरलेनिंग किया जा रहा है। वर्तमान में इसकी चौड़ाई 9 से 10 मीटर है ।जुडको द्वारा सर्कुलर रोड के दोनो किनारों पर यूटिलिटी डक्ट एवं ड्रेनेज बनाया जायेगा। इसके अलावा वाटर एटीएम , शौचालय , पार्किंग जोन, बस स्टाप और वेंडिंग जोन का भी निर्माण किया जायेगा। डक्ट में बिजली के तार ले जाये जाने रखरखाव और प्रबंधन की लागत बहुत कम हो जाएगी । सीसीटीवी कैमरा भी लगेगा। डक्ट में सभी प्रकार के केबल भूमिगत कर दिये जायेंगे।

# जांच कमेटी का प्रपोजल नहीं मिलने से एचसी नाराज, कहा-राज्य सरकार के विरुद्ध आदेश होगा पारित

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** रिम्स में 1 जून 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों के बवाल को लेकर जूनियर डॉक्टर और नर्स की स्ट्राइक के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत मामले में जांच कमेटी को लेकर अबतक प्रपोजल नहीं भेजने पर राज्य सरकार पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगर प्रपोजल नहीं भेजा गया तो राज्य सरकार के विरुद्ध अगली सुनवाई में कड़ा आदेश पारित किया जाएगा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कमेटी के गठन के लिए प्रपोजल चीफ जस्टिस के पास भेजने के लिए 1 सप्ताह के समय की मांग की गई थी। जिससे डिस्टिक जज का नाम प्रस्तावित किया जा सके। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने रिटायर्ड प्रधान डिस्टिक जज अध्यक्षता में कमेटी गठित कर मामले की जांच कराने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। दरअसल, प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता मुख्तार खान ने 28 मरीजों की हुई मौत मामले को लेकर कमेटी बनाकर जांच करने एवं इस घटना के रिस्पांसिबल लोगों के खिलाफ एक्शन लेने आग्रह कोर्ट से किया था। झारखंड छात्र संघ की ओर से यह जनहित याचिका दाखिल की गई है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की।

# 15 दिनों में 2586 लोगों ने किया ट्रैफिक नियम का उल्लंघन



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** सड़क सुरक्षा को लेकर पूरे झारखंड में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। आम लोगों को ट्रैफिक नियमों से संबंधित जानकारी भी दी जा रही है। पिछले 15 दिनों में रांची के 47 थाना क्षेत्रों में 97 स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान 17935 लोगों को ट्रैफिक नियम को लेकर जागरूक किया गया। जबकि 2586 लोगों ने ट्रैफिक नियम का उल्लंघन किया। इसके अलावा 170 वाहन चालक तेज गति से वाहन चलाते पकड़े गए। 70 वाहन चालक बिना सीट बेल्ट और 163 बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति बिना हेलमेट के पकड़े गए। 42 व्यक्ति बिना हेलमेट का बाइक चलाते पकड़े गए।रांची जिले के 46 थाना के 92 पुलिसकर्मियों को फर्स्ट एड किट की जानकारी दी गई। वहीं 277 पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन में जीपीएस मैप कैमरा लाइट ऐप इंस्टॉल किया गया।

# झारखंड, बिहार व छत्तीसगढ़ में शीर्ष माओवादी नेता भूमिगत कार्यकर्ता से कर रहे थे संपर्क

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में खुलासा हुआ है कि भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता अपनी विचारधारा और उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भूमिगत कार्यकर्ता से संपर्क कर रहे थे। इन शीर्ष माओवादी नेताओं में विवेक, अनल दा, प्रमोद मिश्रा, नंबला केशव राव, मुप्पल लक्ष्मण राव, मल्लोजुला वेणुगोपाल, कटकम सुदर्शन, गजराला रवि, मोडेम बालकृष्णन, सब्यसाची गोस्वामी शामिल थे। इस मामले में एनआईए ने 2 मई को माओवादी के सक्रिय कार्यकताओं, समर्थकों और सहयोगियों पर एक बड़ी कार्रवाई की थी। एनआईए ने झारखंड और बिहार में 14 स्थानों पर छापेमारी की थी।झारखंड में एनआईए ने आठ स्थानों पर छापेमारी की थी। जिनमें विस्थापन विरोधी जन विकास आंदोलन (वीवीजेवीए) के रांची कार्यालय,बोकारो, धनबाद, रामगढ़ और गिरिडीह जिलों में भाकपा (माओवादी) के सहयोगियों और समर्थकों के घर शामिल थे। इसके अलावा बिहार में खगड़िया, गया और औरंगाबाद जिलों में छह स्थानों पर तलाशी ली गई। जिन संदिग्धों के घरों की तलाशी ली गई थी, उनके संबंध भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो/केंद्रीय समिति के सदस्यों से है।

तलाशी के दौरान प्रतिबंधित संगठन की गतिविधियों से संबंधित आपत्तिजनक दस्तावेज, कई मोबाइल फोन, डीवीडी डिस्क, मजदूर संगठन समिति (एमएसएस) और वीवीजेवीए से संबंधित दस्तावेज के अलावा बैंक खाता विवरण जब्त किए गए थे।

# झारखंड एचसी ने केंद्र, राज्य सरकार और बार काउंसिल को नोटिस जारी किया



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में वकालत करने वाले अधिवक्ताओं को लाइफ इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज देने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, झारखंड सरकार, बार काउंसिल ऑफ इंडिया और झारखंड स्टेट बार काउंसिल को नोटिस जारी किया है। अदालत ने चार सप्ताह के भीतर सभी को जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में हुई। मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख मुकर्रर की गई है।इसे लेकर बिदेश कुमार धान के द्वारा जनहित याचिका दाखिल की गई है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शादाब अंसारी ने पक्ष रखा। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल और उनकी सहायक शिवानी जुल्का ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पियूष चित्रेश और झारखंड स्टेट बार काउंसिल की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने पक्ष रखा।

# मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी अरविंद व्यास को हाईकोर्ट से मिली राहत

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी अरविंद व्यास की ओर से निचली अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह करने वाली क्रिमिनल रिवीजन झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सुनवाई करते हुए प्रार्थी को निचली अदालत की निर्धारित हर तिथि में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी है। उस दौरान अरविंद व्यास की जगह उनके अधिवक्ता कोर्ट में उनकी जगह उपस्थिति दर्ज कराएंगे। हाईकोर्ट ने निचली अदालत द्वारा उनकी उपस्थिति से संबंधित उनकी याचिका को खारिज करने के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने उपस्थिति से छूट देते हुए यह शर्त दी है कि आरोपी अरविंद व्यास सीआरपीसी की धारा 313 के बयान दर्ज कराने के दौरान एवं इस केस के जजमेंट के दौरान कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे।दरअसल, निचली अदालत द्वारा व्यक्तिगत उपस्थिति के छूट संबंधी याचिका को खारिज किए जाने को अरविंद व्यास ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। अरविंद व्यास की ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया था कि वे राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में रहते हैं। ईडी कोर्ट में उन्हें हर पेशी को उपस्थित होना होता है। चित्तौड़गढ़ की रांची से करीब 16 सौ किलोमीटर दूर है। जिससे उन्हें आने जाने में करीब 3200 किलोमीटर पड़ता है। आने जाने में एक बड़ी राशि भी खर्च होती है।ऐसे में जब कोर्ट उन्हें बुलाएगा तो वे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए तैयार है। लेकिन मामले की हर डेट में उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देते हुए उन्हें अपने अधिवक्ता की उपस्थिति के लिए आदेश दिया जाए। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कृष्ण कुमार ने पैरवी की।बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मधु कोड़ा के अलावे अरविंद व्यास , मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया, अनिल बस्तावडे, विनोद सिन्हा, विकास सिन्हा आदि सात आरोपी ट्रायल फेस कर रहा है। इनके खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर 2/2009 दर्ज कराया था। मधु कोड़ा एवं अन्य पर करीब 3600 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। फिलहाल इस मामले में ईडी कोर्ट में अभियोजन पक्ष की गवाही चल रही है।

**नगर निगम** पहले की तरह हर समस्या के समाधान का दावा

# नगर निकायों का कार्यकाल खत्म, पूर्व पार्षद अपने वार्डों में एक्टिव

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** झारखंड के नगर निकायों में मेयर, डिप्टी मेयर, अध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल 30 अप्रैल को खत्म हो चुका है। वहीं दूर-दूर तक निकाय चुनाव के आसार नहीं दिख रहे है। इस बीच राजधानी सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने वार्डों में एक्टिव हो गए हैं। इतना ही नहीं लोगों की समस्याएं सुनने को वार्डों में चौपाल लगा रहे हैं, साथ ही दावा कर रहे है कि भले ही उनका कार्यकाल खत्म हो गया है लेकिन आज भी वे उनकी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। इसके लिए सभी से अपनी समस्याएं बताने की अपील भी कर रहे हैं।पूर्व पार्षद बिनोद सिंह का कहना है कि हर मोर्चे पर भ्रष्टाचार में लिप्त जनविरोधी हेमंत सरकार के कारण चुनाव नहीं हो पा रहा है। हमने सरकार और निगम प्रशासन से बोर्ड का कार्यकाल विस्तार देने की मांग की थी, लेकिन संवेदनहीन सरकार ने प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इसके बाद भी हमलोग आपके साथ खड़े हैं और जनप्रतिनिधि की हैसियत से समस्याओं का समाधान करवाते रहेंगे।वहीं पूर्व पार्षद अशोक यादव ने एक सूचना जारी की है। जिसमें लिखा है कि शहर के कुछ गैर संवैधानिक संस्था जनता को गुमराह कर रहे हैं। नगर निगम और अंचल में काम कराने के लिए अपने पास बुला रहे हैं। यह आपत्तिजनक हैं। इसलिए मैं वार्ड के लोगों से अपील करता हूं कि मैं अभी भी सभी तरह के काम कराने में सक्षम हूं। आपका और मेरा साथ किसी चुनाव का मोहताज नहीं है।


